वर्ष : 17 अंक : 259 लखनऊ रविवार, 28 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/- नगर संस्करण **

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | 31:00$^0$ |
| न्यूनतम | : | 26:00$^0$ |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4



'या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी 2 | क्या जाति अजर और अमर है 6 | बिहार चुनाव घुसपैठियों को बाहर... 12 | माता कालरात्रि देवी कवच

# विजय की रैली में भगदड़

**36** लोगों की मौत हुई | **50** से अधिक घायल | **10** लाख सरकार ने मुआवजा का किया एलान | **30** हजार पब्लिक की अनुमति | **60** हजार से ज्यादा पहुंची जनता



भगदड़ मचने पर एक्टर विजय ने भाषण रोक दिया, शांति की अपील की, फिर वे वहां से निकल गए।



घायल हुए बच्चें का इलाज करते डॉक्टर



भगदड के बाद घायल हुए लोगों को इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाते हुए

## मरने वालों में पुरुषों के अलावा बच्चे और महिलाएं भी, केन्द्र ने तमिलनाडु से मांगा जवाब

एजेंसी

**करूर।** तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेट्री कज़गम (TVK) के प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में कम से कम 36 लोगों ने दम तोड़ दिया और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गये। मृतकों में छह बच्चे, नौ पुरुष और 16 महिलाएं शामिल हैं। मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजे का ऐलान किया गया है। केन्द्र सरकार ने इस हादसे पर तमिलनाडु सरकार से जवाब तलब किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुःख जताया है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। घटना की जांच के लिए एसआईटी का भी गठन किया गया है।

टीवीके (तमिलगा वेट्टूरी कज़गम) प्रमुख और अभिनेता विजय ने नामक्कल में यह रैली आयोजित की थी। तमिलनाडु के करूर हॉस्पिटल में हालात बहुत ज्यादा खराब हैं। बताया जाता है कि इस रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। इस घटना के बाद, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का बयान आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए करूर अस्पताल से आई खबरों को चिंताजनक बताया।

जब विजय सभा को संबोधित कर रहे थे, तब भीड़ बढ़ती गई और बेकाबू हो गई तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और कुछ बच्चों समेत कई लोग बेहोश होकर गिर पड़े। कई कार्यकर्ताओं ने स्थिति को भांप लिया और शोर मचाया। विजय ने ध्यान दिया और अपना भाषण रोककर, खासतौर पर बनाई गई प्रचार बस के ऊपर से लोगों तक पानी की बोतलें पहुंचाने की कोशिश की।

> 
> तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ में हुई दुखद मौत से बेहद दुखी हूं। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।
> –अमित शाह, गृह मंत्री

> 
> मैं आज रात खुद करूर जाकर पीड़ित परिवारों से मिलूंगा। उन्हें सांत्वना दूंगा और अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों से भी मिलूंगा। मैंने विद्यालय शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत करूर भेजा है। इसके साथ ही तिरुचिरापल्ली, सलेम और डिंडीगुल के जिला कलेक्टरों को भी मेडिकल टीमों के साथ मदद के लिए भेजा गया है।
> – एम.के. स्टालिन मुख्यमंत्री तमिलनाडु

> 
> तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली में हुई इस दर्दनाक घटना से मैं अत्यंत व्यथित हूँ, जिसमें कई लोगों की कीमती जानें चली गईं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएँ हैं और मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।
> –राहुल गांधी कांग्रेस नेता

एम्बुलेंस को भीड़-भाड़ वाली सड़क से होते हुए घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बेहोश हुए लोगों को एम्बुलेंस से पास के अस्पतालों में ले जाया गया और बताया जा रहा है कि उनमें से कुछ लोगों की हालत खराब है। विजय ने स्थिति को समझते हुए अपना भाषण निर्धारित समय से पहले ही समाप्त कर दिया। इस बीच तमिलनाड के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि 'करूर से मिली जानकारी चिंताजनक'है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम और जिलाधिकारी को हरसंभव सहायता प्रदान करने की सलाह दी। उन्होंने मंत्री अन्बिल महेश को भी सहायता प्रदान करने के लिए करूर जाने को कहा है। घटना की सूचना पर मंत्री, शीर्ष प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी करूर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष पुलिस अधिकारियों को करूर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। स्टालिन ने करूर में आम जनता से चिकित्सकों और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की। सीएम ने भगदड़ की मैजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए। कल भगदड़ के बाद की स्थिति का जायजा लेने करुर जाएंगे। उन्होंने हेल्थ मिनिस्टर और कलक्टर को राहत बचाव में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। रैली में भगदड़ जैसी स्थिति के बाद माता-पिता और स्वयंसेवक बेहोश बच्चों को कार्यक्रम स्थल से बाहर ले जाते देखे गए, जबकि अन्य लोग एम्बुलेंस और पुलिस वाहनों के लिए जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे। करूर के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को स्थिर किया और आपातकालीन सेवाओं के लिए रास्ते खोले।

राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हवाले से कहा, तमिलनाडु के करूर ज़िले में भगदड़ जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई जान-माल की हानि के बारे में जानकर दुःख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।₹ बीजेपी नेता तिमिलसाईं ने तमिलनाडु भगदड़ पर कहा, ₹यह पूरी तरह से पुलिस की ज़िम्मेदारी है। विजय ने पहली बार रैली नहीं की है। वह हमेशा भारी भीड़ जुटाते हैं, लेकिन पुलिस उपस्थित लोगों की संख्या का अंदाज़ा क्यों नहीं लगा पाई? तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने कहा कि करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान बच्चों सहित निर्दोष लोगों की दुखद मौत से मुझे गहरा दुख और पीड़ा हुई है।

## मौलाना भूल गया था कि यूपी में सरकार है किसकी

### ऐसा सबक सिखायेंगे कि पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी : योगी आदित्यनाथ

विश्ववार्त ब्यूरो लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली की घटना पर कहा- ₹बरेली में एक मौलाना भूल गया था कि शासन किसका है। वह धमकी देकर जाम लगाने की बात करता था, लेकिन हमने कहा कि न जाम होगा, न कर्फ्यू लगेगा। हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां भी दंगा करना भूल जाएंगी।₹ योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि 2017 के बाद उनकी सरकार ने दंगाइयों को चुन-चुनकर सजा दी और ऐसी भाषा में जवाब दिया, जो वे समझते थे। इस सख्ती ने उत्तर प्रदेश में शांति और सुरक्षा का नया युग स्थापित किया, जिससे यूपी की ग्रोथ स्टोरी की शुरुआत हुई।





योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि 'चाचा-भतीजा' वसूली के धंधे में लिप्त थे और हर जिले में एक माफिया को समानांतर सत्ता चलाने की छूट दी गई थी। उन्होंने कटाक्ष किया कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग माफियाओं के सामने नतमस्तक थे। सत्ता के मुखिया माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर गौरवान्वित महसूस करते थे। योगी ने कहा कि ऐसी भ्रष्ट व्यवस्था में न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, और न ही किसान। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब सत्ता बेइमान और भ्रष्ट लोगों के हाथ में आती है, तो वह समाज को जाति और परिवार के नाम पर गुमराह करती है। ऐसे लोगों के लिए हमने बुलडोजर बनाया है।₹ उनकी सरकार ने माफिया राज को जड़ से उखाड़कर प्रदेश को विकास की राह पर ला खड़ा किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू था नहीं, इसे परिवारवाद, जातिवाद और बीमारू मानसिकता वालों ने बीमारू बना दिया गया था। परिणाम क्या था, दंगे होते थे, दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सैल्यूट करती थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को राजधानी में एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन @ 2047' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए '8 ईयर्स ऑफ यूपी गवर्नमेंट' पुस्तक का विमोचन किया और प्रदेश की प्रगति की कहानी को दमदारी से प्रस्तुत किया। उन्होंने पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की चर्चा करते हुए परिवारवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को उजागर किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ग्रोथ स्टोरी उन लोगों के लिए अविश्वसनीय है, जो पौरुष की कमी और अपने पुरुषार्थ को करने से डरते थे। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अवसर तो मिला, लेकिन उन्होंने इसे परिवारवाद, लूट-खसोट और अराजकता का जरिया बना लिया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने ईश्वर और अपने पुरुषार्थ पर विश्वास के साथ उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकाला। आज यह ग्रोथ स्टोरी उस कहानी को आपके सामने लाएगी।

सीएजी की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश 2023 में 37 हजार करोड़ रुपये के राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) वाला राज्य था और वर्तमान में यह बढ़कर 70 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इतनी बड़ी आबादी वाला राज्य बिना किसी रुकावट के अपने सभी विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति ने यूपी के विकास को बाधित किया था। दंगों की आग में व्यापार को बर्बाद किया गया और भ्रष्ट व्यवस्था ने नौकरशाही को अपंग बना दिया था। लेकिन आज हमने उस यूपी को फिर से भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया है।

## वाल्मीकि जयंती पर सात अक्टूबर को अवकाश

**लखनऊ।** नवरात्रि की धूम के बीच मंगलवार, 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस दिन सभी स्कूल-कॉलेज, बैंक और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्रावस्ती में इसकी औपचारिक घोषणा की है।

श्रावस्ती के ऐतिहासिक माहौल में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा, '7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि की जयंती पर प्रदेश में छुट्टी रहेगी। हर देव मंदिर में रामायण का अखंड पाठ आयोजित किया जाएगा।' उन्होंने श्रावस्ती को भारत की प्राचीन आर्थिक राजधानी के रूप में याद किया, जो बौद्ध और जैन धर्म का पवित्र स्थल भी रहा है।

सरकारी दफ्तरों में पूरे दिन अवकाश रहेगा, हालांकि इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी।

## चला बाबा का हंटर, तौकीर रजा खां अंदर, दो दिन के लिए इंटरनेट बंद

### बरेली बवाल पर सख्ती, चर्चित मौलाना को भेजा गया फतेहगढ़ जेल, तीन हजार उपद्रवियों पर दस एफआईआर

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। बरेली को एक बार फिर दंगे की आग में झोंकने की साजिश नाकाम हो गई है। पुलिस और प्रशासन की सख्ती ने इस बार वह फैसला कर लिया जो अभी तक सिर्फ चर्चा और कयासों में रहता था। चर्चित मौलाना तौकीर रजा खां को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद बरेली की पुलिस और प्रशासन ने मौलाना को गिरफ्तार करके यहां से फतेहगढ़ जेल भेज दिया है।

सतर्कता बरतते हुए अफसरों ने भारी फोर्स के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया। शाम होते होते इंटरनेट को बंद कर दिया गया है। दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, करीब तीन हजार उपद्रवियों को चिन्हित किया गया है। कल के बेहद तनाव भरे दिन के बाद बरेली में आज की सुबह कई तरह की आशंकाओं के बीच हुई। देर रात ही हाउस अरेस्ट किए गए मौलाना तौकीर रजा खां को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। हाउस अरेस्ट के दौरान ही मौलाना ने एक वीडियो जारी करने की कोशिश की जिसके बाद बेहद सख्त हुए प्रशासन ने मौलाना को अपनी हिरासत में ले लिया। तौकीर रजा खां समेत आठ लोगों को सुबह होते ही जेल भेज दिया गया। कई तरह की अफवाहों और खबरों के बीच डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने प्रेस कांफ्रेंस करके पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता में एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद कुछ स्थानों पर हिंसक प्रदर्शन हुआ था। कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने सख्ती की। उन्होंने कहा कि हमने कुल दस एफआईआर दर्ज की हैं। थाना कोतवाली में पांच एफआईआर, थाना बारादरी में दो एफआईआर और थाना किला, प्रेमनगर व कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई हैं।



एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि आज घटना में शामिल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार करके रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार करके जेल भेजे गए लोगों में मौलाना तौकीर रज़ा, सरफराज पुत्र सलीम, मनीफुद्धीन पुत्र जरीफुद्धीन, अजीम अहमद पुत्र नसीम अहमद, मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद अहमद, मोहम्मद आमिर पुत्र मोहम्मद जाहिद, रिहान पुत्र राजू और मोहम्मद सरफराज पुत्र समीन प्रमुख हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि कोतवाली की मुख्य एफआईआर संख्या 489/25 में भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के साथ संगठित अपराध और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के प्रावधान शामिल किए गए हैं।

एसएसपी श्री आर्य ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में पत्थर के टुकड़े, टूटे बेरिकेड, चप्पल जूते, ब्लेड, 12 बोर व 315 बोर के खोके/कार्ट्रिज, जिंदा कार्ट्रिज, एक 12 बोर तमंचा, अवैध चाकू, लाठी, डंडे और पेट्रोल भरी हुई काँच की टूटी बोतलों के टुकड़े बरामद हुए हैं। साथ ही मौके पर दो वाहन क्षतिग्रस्त पाए गए हैं, जिनमें एक चार पहिया (UP-32 AG 31 37) और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 39 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिन लोगों को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, उनके विरुद्ध प्रक्रियाएं जारी हैं। बाकी हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि हमने आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज, मैदानी इनपुट, टेक्निकल इंटेलिजेंस और सूचना इकाइयों की मदद से काम शुरू कर दिया है। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि बाहरी असामाजिक तत्व और कुछ बाहरी अपराधी इस घटना में शामिल रहे। उन्होंने बताया कि इनके खिलाफ भी सूचना संग्रह कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## सोनम वांगचुक के पाक से संबंधों की जांच

**लेह।** लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में, पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। वांगचुक को शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर की एक जेल में भेज दिया गया। जामवाल ने संवाददाताओं को बताया, ''जांच (वांगचुक के खिलाफ) में क्या पाया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। प्रक्रिया जारी है। आप उनका यूट्यूब पर उपलब्ध प्रोफाइल और इतिहास देखें, तो उनके भाषण लोगों को उकसाने वाले प्रतीत होते हैं।

# निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी

● निजीकरण के दस्तावेज को अनुमोदित कराने हेतु पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन पर गलत आंकड़ों के आधार पर पैरवी का आरोप




विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाया है कि निजीकरण हेतु तैयार किए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को अनुमोदित कराने हेतु पावर कार्पोरेशन प्रबंधन गलत आंकड़ों के आधार पर पैरवी कर रहा है और दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 304 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने सभी जनपदो पर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट द्वारा तैयार किए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को अनुमोदित कराने के लिए नियामक आयोग से लेकर शासन के उच्च स्तर तक दौड़ लगा रहे हैं। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष मुख्य सचिव के पास जाकर गलत आंकड़ों के आधार पर घाटा दिखाकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की पैरवी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव से अपील की है कि वह निजी घरानों से मिली भगत में बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट को किसी भी प्रकार मंजूरी न दें। संघर्ष समिति ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष को भी पत्र भेजकर मांग की है कि निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट को कोई भी मंजूरी देने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का पक्ष विद्युत नियामक आयोग को सुनना चाहिए क्योंकि निजीकरण से बिजली उपभोक्ताओं के साथ सबसे अधिक प्रभाव बिजली कर्मचारियों के भविष्य पर पड़ने वाला है। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की निजी घरानों के साथ मिली भगत है और उन्होंने सरकारी विभागों के बकाया और सब्सिडी की धनराशि को घाटे में जोड़कर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के घाटे को बढ़ा चढ़ा कर दिखाया है। संघर्ष समिति ने कहा कि इसके अतिरिक्त दोनों विद्युत वितरण निगमों की एक ए टी एंड सी हानियां बढ़ा चढ़ा कर दिखाइ गई हैं। यह पता चला है कि ए टी एंड सी हानियों को बढ़ाकर दिखाने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में निजी नलकूपों की बिजली खपत कम करके आंकी जा रही है। उल्लेखनीय है कि निजी नलकूपों को उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार मुफ्त बिजली मिलती है। एटीएंडसी हानियों को बढ़ा कर दिखाने से गत वर्ष की तुलना में विद्युत वितरण निगमों की अधिक हानि दिखाई गई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार इस बात का प्रचार करती रही है कि 2017 में 41% ए टी और सी हानियों को वर्तमान सरकार ने घटाकर 16% के नीचे कर दिया है। अब निजीकरण के लिए इसके विपरीत ए टी एंड सी हानियों को बढ़ाकर बताया जा रहा है जिससे चुनिंदा निजी घरानों को लाभ दिया जा सके। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि आगरा और कानपुर के निजीकरण के समय भी आगरा और कानपुर शहर की ए टी एंड सी हानियों को बढ़ाकर दिखाया गया था। आगरा के विषय में कैग की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है और निजी कम्पनी को बेजा लाभ देने का आरोप लगाया गया है। इसके बावजूद आगरा का फ्रेंचाइजी करार रद्द करने के लिए पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 304 वे दिन आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, में विरोध प्रदर्शन किया गया।

## शारदीय नवरात्रि में मां पाटेश्वरी की धरा पर 'विकास की सौगात' देंगे मुख्यमंत्री

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नवरात्रि में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन के उपरांत जनपद को विकास की बड़ी सौगात देंगे। रविवार को मुख्यमंत्री यहां 825.29 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री बलरामपुर में राजकीय पॉलीटेक्निक का लोकार्पण भी करेंगे। सड़क, पुल, शिक्षा, परिवहन, गृह, पुलिस आदि से जुड़ीं इन परियोजनाओं का लाभ मंडलवासियों को मिलेगा। रविवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी की जा चुकी है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री रविवार सुबह मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन-पूजन व गोसेवा के उपरांत जनपदवासियों को विकास की बड़ी सौगात देंगे। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपदवासियों को शिक्षा क्षेत्र में बड़ी सौगात देंगे। सीएम ने 17 फरवरी 2020 में राजकीय पॉलीटेक्निक घुघुलपुर, बलरामपुर के भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। 2029 लाख रुपये खर्च कर यह कार्य पूरा हो चुका है। रविवार को इसका लोकार्पण किया जाएगा। उतरौला तहसील में टाइप 3 के चार आवासीय भवन व राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बालापुर बलरामपुर में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के कुल 15 आवासों के निर्माण का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री बलरामपुर के घुघुलपुर में बस स्टेशन के निर्माण के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही राजकीय नवीन हाईस्कूल लौकीखुर्द, त्रिलोकपुर, रेहराचौकी का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री थारू विकास परियोजना विशुनपुर विश्राम परिसर में कंप्यूटर व सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास करेंगे। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दत्तगंज, उतरौला, रेहरा बाजार में भी शैक्षणिक भवन व छात्रावास ब्लॉक की सौगात देंगे।

# खादी फैशन शो ने खादी को दी आधुनिक पहचान

### सांस्कृतिक संध्या में लोकगायन और नृत्यों ने बांधा समां, मालिनी अवस्थी के सुरों से हुआ भव्य समापन

विश्ववार्ता ब्यूरो





**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के तीसरे दिन शनिवार को प्रदर्शनी स्थल पर रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी। कुल 1,25,204 आगंतुकों ने ट्रेड शो का हिस्सा बनकर इसकी लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। इनमें 35,368 बी2बी और 89,836 बी2सी आगंतुक शामिल रहे। कुल मिलाकर इन तीन दिनों में 2.65 लाख से ज्यादा विजिटर्स, 76 हजार से ज्यादा बी2बी बायर्स और 1.89 लाख से ज्यादा बी2सी विजिटर्स इस मेगा इवेंट का हिस्सा बन चुके हैं। इससे यह साबित हो गया कि यूपीआईटीएस 2025 अब भारत के सबसे बड़े राज्य-नेतृत्व वाले व्यापार मंचों में शुमार हो चुका है। सबसे खास उपलब्धि रही अंतरराष्ट्रीय खरीदार-विक्रेता बैठक, जिसे फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (FIEO) ने आयोजित किया। इस मंच पर सीमा-पार सहयोग की नई राहें खुलीं और उत्तर प्रदेश सहित देशभर के निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों से सीधे जुड़ने का अवसर मिला। परिणामस्वरूप 288 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिनकी कुल व्यावसायिक राशि 89 करोड़ रही। इसने स्पष्ट संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है।

## एमपी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो यूपी सिंह का निधन



**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह (यूपी सिंह) का शनिवार सुबह निधन हो गया। 92 वर्षीय प्रो. सिंह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अध्यापन कार्य में आने के बाद से ही उनका पूरा जीवन गोरक्षपीठ और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को समर्पित रहा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री रविवार को प्रो. सिंह के अंतिम संस्कार के समय गोरखपुर के राजघाट पर मौजूद रहेंगे। प्रो. सिंह अपने पीछे दो पुत्रों दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वीके सिंह और यूपी कॉलेज के आचार्य प्रो. राजीव कृष्ण सिंह का परिवार छोड़ गए हैं। मूल रूप से गाजीपुर जिले के निवासी प्रो. यूपी सिंह का जन्म 1 सितंबर 1933 को हुआ था। वह उन विरले लोगों में शामिल रहे जिन्हें गोरक्षपीठ के लगातार तीन पीठाधीश्वरों के सानिध्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। गणित विषय के विद्वान रहे स्वर्गीय सिंह की बतौर शिक्षक पहली नियुक्ति गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने एमपी शिक्षा परिषद के महाराणा प्रताप महाविद्यालय में की थी। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए महंत जी ने यह महाविद्यालय दान में दे दिया तब यूपी सिंह विश्वविद्यालय में गणित के शिक्षक हो गए। इस विश्वविद्यालय में वह आचार्य और गणित विभाग के अध्यक्ष के रूप में ख्यातिलब्ध रहे। अपनी शैक्षिक सेवा यात्रा में उन्होंने बाद में पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के कुलपति के रूप में भी सेवाएं दीं। महंत दिग्विजयनाथ जी के स्मृतिशेष होने के बाद प्रो. यूपी सिंह ने गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के मार्गदर्शन में एमपी शिक्षा परिषद की सेवा की।

## एक नजर

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनाई अशोक सिंघल की जयंती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास सात–कालिदास मार्ग पर श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन के महानायक पूज्य अशोक सिंघल की जयंती पर उन्होंने कहा कि पूज्य अशोक सिंघल जी जैसे विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति इस धरती पर युगों में आते हैं और एक जन्म में ही सौ जन्मों से अधिक काम कर जातें हैं। कहा कि वे उनकी जयंती पर बार बार नमन करते हैं। कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की प्रेरणादायी सुकृत्य हम सभी के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे।

### बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सेवाएं होगी उपलब्ध : एके शर्मा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कल हुई कैबिनेट बैठक में नगरीय निकायों को जनसंख्या के आधार पर नई श्रेणियां में वर्गीकृत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के.शर्मा ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जनसुविधा एवं सेवाएं उपलब्ध कराना है।इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।नगर निगमों के वर्गीकरण के अंतर्गत 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निगमों( लखनऊ, कानपुर नगर, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज) को प्रथम श्रेणी में रखा गया है। 10 लाख से अधिक एवं 20 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगम( मेरठ, गोरखपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, मथुरा– वृंदावन, अयोध्या) द्वितीय श्रेणी में रखे गए हैं तथा 10 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगम ( झांसी,सहारनपुर, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर) को तृतीय श्रेणी में शामिल किया गया है। अयोध्या और मथुरा वृंदावन में आने वाली फ्लोटिंग जनसंख्या को देखते हुए इन शहरों को श्रेणी 2 में रखा गया है। नगर पालिका परिषदों के वर्गीकरण के अंतर्गत तीन लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं को प्रथम श्रेणी में रखा गया है। जिला मुख्यालय में स्थित नगर पालिकाओं को द्वितीय श्रेणी में रखा गया है शेष सभी नगर पालिकाओं को तृतीय श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।नगर विकास मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जी–20 के कार्यक्रमों के तुरंत बाद, (लगभग दो वर्ष पहले) हमने प्रदेश के नगरों को वैश्विक नगर बनाने की बात किया था। इसका तात्पर्य था अपने नगरों को वैश्विक स्वरूप देना और नगरीय जीवन की गुणवत्ता की दृष्टि से प्रतिस्पर्धा में लाना। इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए, जिसमें सबसे प्रमुख था दैनिक सफ़ाई के प्रति सजगता और सुंदरीकरण के लिए प्रतिबद्धता। साथ ही अनेक नई योजनाओं की शुरुआत की गई जैसे वैश्विक नगर योजना, सीएम ग्रिड योजना, स्टॉर्म वाटर की योजना, उपवन योजना, नए निकायों की योजना।

### सीएम युवा पवेलियन युवाओं के लिए बना व्यावहारिक बिज़नेस सीखने का मंच

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में इन्वेस्ट यूपी पवेलियन व्यापारिक संवाद और निवेश की संभावनाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। यह पवेलियन निवेशकों, उद्यमियों और एमएसएमई प्रतिनिधियों को आकर्षित कर रहा है, जो उत्तर प्रदेश में निवेश, क्षेत्रीय नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं, भूमि उपलब्धता और ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी के रूप में, इन्वेस्ट यूपी व्यवसाय स्थापित करने या विस्तार करने के इच्छुक लोगों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। इसके संवादात्मक सत्र और सक्रिय सहभागिता राज्य की नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। 25–29 सितंबर तक चल रहे इस शो में ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) पहल विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मिर्जापुर के कालीन, मुरादाबाद का पीतल, फिरोजाबाद का कांच का समान, कन्नौज का इत्र और बनारस की साड़ी जैसी उत्कृष्टता वाले उत्पाद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। राज्य के स्थानीय उत्पादों की यह झलक न सिर्फ उनकी कला और कौशल को प्रदर्शित करती है, बल्कि उद्यमियों और निवेशकों के लिए व्यावसायिक अवसर भी खोलती है।

# यूपी में दिखी लैंगिक समानता की नई लहर

### योगी के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5 .0 बन रहा समाजिक क्रांति का आधार

विश्ववार्ता ब्यूरो




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को जनआंदोलन का रूप देना शुरू कर दिया है। बीते छह दिनों में योगी सरकार ने विभिन्न विभागों के समन्वय और अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने में अपनी पहुंच बनाई है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को पूरे प्रदेश में लैंगिक समानता पर विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।महिला सशक्तीकरण पर आधारित विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटकों ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया है। शहरों की गलियों, मोहल्लों, ग्राम पंचायतों की चौपालों, स्कूलों और कॉलेजों तक फैले इन नाटकों ने जन-जन में एक सशक्त संदेश छोड़ा। इस अभियान का उद्देश्य लैंगिक असमानता को समाज की प्रगति में बाधा के रूप में पहचान कराना और महिलाओं-बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित व सम्मानित जीवन प्रदान करना है। बीते छह दिन में इस अभियान में 4,15,355 लोगों तक पहुंच बनाई है।

## परंपरा और आधुनिकता का संगम दीदियों के हाथों का बना ब्रांड

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेन्टर एवं मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भी प्रतिभाग किया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सभी 75 जनपदों में गठित समूहों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इन समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं उसका विपणन भी इस ट्रेड शो में किया जा रहा है। आजीविका मिशन के स्टालों पर पर भारी भीड़ आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ट्रेड शो में आने वाली समूह की दीदियों को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन हेतु एक बहुत अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को एक अच्छा बाजार मिलने की भी संभावना बढ़ेगी।

# निर्यात की संभावनाओं को नई उड़ान देगा ट्रेड शो : नंद गोपाल नंदी

विश्ववार्ता ब्यूरो




**ग्रेटर नोएडा।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देशभर के उद्यमियों के लिए निर्यात की संभावनाओं को नई उड़ान देगा। यह शो युवा उद्यमियों के लिए निवेश के नए द्वार खोलेगा। औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल नंदी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित 'ई कॉमर्सः द न्यू फ्रंटियर फॉर इंडियन एक्सपोर्ट्स' नालेज सेशन में ये बातें कहीं। नालेज सेशन को एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने भी संबोधित किया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को गति देने में वहां के मौलिक उद्योगों की अग्रणी भूमिका होती है। पिछले 8 वर्षों के दौरान की यूपी की विकास यात्रा इसी के अनुरूप रही है। हमने प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप वोकल फॉर लोकल और लोकल से ग्लोबल की यात्रा का न केवल ब्लूप्रिंट तैयार किया है बल्कि उसको अपनाया भी है। इसी पर अमल करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामिक का लक्ष्य तय किया है। हम तय समय के अंदर 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

# प्रदेश में खाद को लेकर हाहाकार : अखिलेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है। खाद की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में खाद को लेकर हाहाकार है। खाद के लिए किसानों को लगातार लाइन लगानी पड़ रही है। कई जिलों की सहकारी समितियों में खाद नहीं है। किसानों को पिछले साल न गेहूं की फसल के लिए यूरिया, डीएपी मिली और न धान के लिए खाद मिली, अब आलू और चना-मटर, सरसो के लिए खाद नही मिल रही है। खाद के लिए लाइनों में लगे दो किसानों की तबियत बिगड़ रही है। भाजपा किसान विरोधी है। खाद के लिए किसी की जान चली जाय और सरकार कुछ न करे। यह संवेदनहीनता की पराकाश्ठा है। यादव ने कहा आगरा के अकोला सहकारी समिति पर खाद के लिए तीन दिन से गोदाम के चक्कर लगा रहे किसान की लाइन में तबियत बिगड़ गयी, बाद में मौत हो गयी। इससे पहले भी किसानों की साथ इस तरह की घटना हो चुकी है। भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, बिजली उपलब्ध कराने में विफल है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा नौ साल से किसानों से झूठे वादे करती रही है। इसने किसानों को बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार में किसानों को लगातार धोखा मिल रहा है। इस सरकार से किसान हर तरह से पीड़ति और प्रताड़ति है। एक तरफ किसान को खाद, बिजली और अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ जंगली जानवरों के हमलों से किसानों, गरीबों में दहशत का माहौल है। बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत समेत अन्य कई जिलों में जंगली जानवर लगातार किसानों और गरीबों पर हमला कर जान ले रहे है। बच्चों को अपना निवाला बना रहे है। गरीब और किसान बेबस है। भाजपा सरकार की अकर्मण्यता से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा सरकार लोगों को सुरक्षा देने में असफल है। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी किसानों को खाद, बीज मिलेगा, तभी गरीबो की सुरक्षा होगी।

## री–स्पन : द खादी एडिट में खादी का आधुनिक अंदाज

**ग्रेटर नोएडा।** हॉल खचाखच भरा था... दर्शकों को खादी फैशन शो का बेसब्री से इंतज़ार था। जैसे ही रोशनी जली और संगीत गूंजा, सबकी निगाहें रैंप की ओर टिकी रह गईं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे दिन आयोजित "री-स्पनः द खादी एडिट" ने उत्तर प्रदेश की कपड़ा विरासत को आधुनिक अंदाज़ में प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उत्पादन, वस्त्र एवं हथकरघा मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। "री-स्पनः द खादी एडिट" ने खादी को पारंपरिक परिधान से निकालकर आधुनिक फैशन की धुरी के रूप में पेश किया। रैंप पर मॉडल्स ने खादी की विविधता को हौट कॉउचर (Haute Couture) अंदाज़ में प्रदर्शित किया। कहीं चिकनकारी और रेशमी बुनावट को इंडो-वेस्टर्न लुक में ढाला गया तो कहीं खादी को ऑफिस वियर, कैज़ुअल्स और पार्टी वियर की शक्ल में प्रस्तुत किया गया। शो का उद्देश्य केवल फैशन का प्रदर्शन भर नहीं था, बल्कि यह स्थानीय बुनकरों और कारीगरों के कौशल को दुनिया तक पहुँचाने का जरिया भी बना। विदेशी बायर्स, उद्योग जगत के विशेषज्ञ और फैशन डिज़ाइनरों ने खादी की संभावनाओं पर गहरी रुचि दिखाई।

# प्रवासी मज़दूर परिवारों में शिक्षा और पोषण की नई राह

विश्ववार्ताब्यूरो



**लखनऊ।** प्रमुख सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा पुष्टाहार श्रीमती लीना जौहरी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा का तिलपता क्षेत्र प्रवासी मज़दूर परिवारों का प्रमुख ठिकाना है। इन परिवारों के माता-पिता रोज़गार की तलाश में सुबह से शाम तक मेहनत-मज़दूरी में जुटे रहते हैं। रोज़ी-रोटी की इस जद्दोजहद में बच्चों की परवरिश, पोषण, समय पर टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा जैसे पहलू अक्सर पीछे छूट जाते हैं। यही कारण था कि क्षेत्र के अधिकांश बच्चे आंगनवाड़ी केंद्रों से वंचित रह जाते और विद्यालय में प्रवेश के समय अन्य बच्चों की तुलना में पिछड़ जाते थे। इसी चुनौती को गंभीरता से समझा आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती जयलता (आयु - 42 वर्ष) ने। उन्होंने न केवल समस्या को पहचाना, बल्कि इसे हल करने के लिए ठोस कदम भी उठाए। जयलता ने प्रवासी परिवारों तक पहुँचने का बीड़ा उठाया। वे घर-घर जाकर माता-पिता से संवाद करतीं और उन्हें समझातीं कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा उनके भविष्य की बुनियाद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक शिक्षा ही आगे चलकर बच्चों के जीवन की दिशा तय करती है। आंगनवाड़ी केंद्र पर उन्होंने बच्चों को आकर्षित करने के लिए कई रचनात्मक कदम उठाए। खेल-खेल में सीखने की गतिविधियाँ, कहानी सुनाना और गीत-संगीत जैसी विधियाँ बच्चों के बीच लोकप्रिय हुईं। स्थानीय व कम लागत वाले साधनों से शैक्षिक खेल और सामग्री तैयार की गईं, जिससे बच्चे सहज रूप से केंद्र से जुड़ने लगे। इन निरंतर प्रयासों के परिणाम जल्द ही दिखने लगे। हर वर्ष 20-25 प्रवासी परिवारों के बच्चे आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ने लगे। बच्चों की नियमित उपस्थिति में वृद्धि हुई और उनमें आत्मविश्वास विकसित हुआ। माता-पिता भी अब अपने बच्चों के पोषण, टीकाकरण और शिक्षा के प्रति सजग हो गए हैं। कई बच्चे अब पास के विद्यालयों में दाखिल होकर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह हुआ कि समुदाय में आंगनवाड़ी केंद्र और कार्यकर्ता के प्रति भरोसा बढ़ा है। यह बदलाव किसी आश्चर्य से कम नहीं। यह एक कार्यकर्ता की संवेदनशीलता, समर्पण और निरंतर संवाद का परिणाम है। श्रीमती जयलता ने यह साबित कर दिया कि यदि नीयत साफ़ हो और प्रयास निरंतर हों, तो समाज के सबसे वंचित वर्गों तक भी सकारात्मक परिवर्तन पहुँच सकता है।

# विश्व में 4जी स्वदेशी नेटवर्क विकसित करने वाले 5 देशों में शामिल हुआ भारत : पंकज चौधरी

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की स्थापना के 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से देश का पहला पूर्णतः स्वदेशी 4जी नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुये केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब दुनिया का पाँचवाँ ऐसा देश बन गया है, जिसने अपना पूर्ण रूप से स्वदेशी 4जी टेलीकॉम स्टैक विकसित और लागू किया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के आह्वान पर भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि सॉफ़्टवेयर, आई.टी. सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्रों में प्रगति हुई है, डिज़ाइन, निर्माण और नवाचार की क्षमता बढ़ी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी 4जी स्टैक का लॉन्च बीएसएनएल के लिए केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकी सफलता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी 4जी स्टैक को आने वाले समय में 5जी में विकसित किया जा सकता है जिससे देश के नागरिकों के लिए शीघ्र ही 6जी का मार्ग प्रशस्त होगा।श्री चौधरी ने कहा कि इस मिशन के लिए महीनों के कठोर परिश्रम से स्वदेशी 4जी तकनीक का विकास हुआ है और यह 2025 तक पूरी तरह गतिशील हो गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से भारत के गाँव और शहर पहले से कहीं अधिक डिजिटल रूप से जुड़ रहे हैं। यह तकनीक स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देती है और विदेशी आयात पर निर्भरता को कम करती है।

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**
ई-निविदा आमन्त्रण सूचना
पत्रांक 225/मु0अभि0/न0वि0/2025-26 दिनांक 27.09.25

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं0-3800/नौ-5-140सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ०प्र० शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के के अनुपालन में ठेकेदारों से बार्ड सफाई हेतु निविदायें टू विठत पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बनिधत प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रवयोरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.un.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambarellly.com पर देखी जा सकता है।

ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं0-01 से 16 तक)

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 06-09-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 06-09-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम की तिथि/समय | 27-10-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 27-10-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http:etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

## एक नजर

### नुक्कड़ नाटक के जरिए फैलायी जागरूकता



**लखनऊ।** मिशन शक्ति विशेष अभियान पेज 5.0 के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम मे आज दिनांक 27/09/2025 सितम्बर दिन शनिवार को ग्राम शीतलपुर ब्लॉक कुरारा जनपद हमीरपुर मे प्राथमिक विद्यालाय शीतलपुर से बच्चिओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बालक व बालिका मे सामान्यता का भेदभाव करने पर नाटक मे दर्शाया गया। प्रधानाचार्य मनोज पाण्डेय व अध्यापक प्रतिभा शुक्ला व निशी ओमरद्वारा बालक बालिका सामान्यता के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया। महिला कल्याण विभाग से जया बाजपेई (सहविधि परिवीक्षा अधिकारी)व रंजना (परामर्शदाता) द्वारा गुड टच व बेड टच की जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन से सफवान अहमद (डी. सी) संजय कुमार (केसवर्कर) व कुलदीप द्विवेदी (केसवर्कर) के द्वारा 1098,1090,181, 112, 102,108 ,1076 टोल फ्री नम्बरो की जानकारी दी गई। हब से आकिफ अहमद (जे.एस) के द्वारा समस्त योजनायो की जानकारी दी।

### संजय कुमार रावत बने अध्यक्ष, बांटी मिठाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय के द्विवार्षिक चुनाव में संजय कुमार रावत को उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का अध्यक्ष, ज्ञान प्रकाश को महामंत्री, लोकेश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा तरुन यादव को कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया।


### बांग्लादेश में दुर्गा पंडालों पर हमले सभ्यता पर प्रहार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर से विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश्वर सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के भाषण को झूठ और पाखंड का पुलिंदा बताते हुए कहा कि "भारत और हिन्दुओं को बदनाम करने की कोई भी चाल उनके आतंकवादी चरित्र और अल्पसंख्यक विरोधी नीतियों को ढक नहीं सकती। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में विधायक ने आगे लिखा, बांग्लादेश में हिन्दू आस्था पर हाल के हमलों और पाकिस्तान में घटती अल्पसंख्यक आबादी को लेकर कहा कि कथित धर्मनिरपेक्ष दलों का मौन अब सहन नहीं किया जाएगा। बीते पाँच दिनों में तीन दुर्गा पंडालों पर हमले और सात सौ मंडप असुरक्षित घोषित यह केवल हिन्दू समाज नहीं बल्कि पूरी मानवता और सभ्यता पर आक्रमण है। हिन्दू बेटियों का अपहरण, जबरन धर्मांतरण और मंदिरों पर हमले वर्षों से चलते आ रहे हैं, किन्तु शासन प्रायः मौन दर्शक बना रहता है। भारत के विपक्षी दल, विशेषकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, इन अत्याचारों पर चुप्पी साध लेते हैं। उनकी धर्मनिरपेक्षता केवल वोट बैंक तक सीमित है। आतंक का गढ़, शिकार नहीं – 26/11, पठानकोट, उरी, पुलवामा... हर बड़े आतंकी हमले की जड़ पाकिस्तान की भूमि और उसके आतंकी संगठन ही हैं। अल्पसंख्यकों का मिटाया जाना – 1941 में पाकिस्तान की 14.6% जनसंख्या हिन्दू थी, आज केवल 2% रह गई है। जबरन धर्मांतरण और मंदिर ध्वंस इसके कारण हैं। 2020 का करक मंदिर हमला इसका ताज़ा उदाहरण है।मानवाधिकार पर दोहरा चेहरा – अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ बार-बार पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति उजागर करती रही हैं। फिर भी वह भारत पर उँगली उठाता है। हिन्दू-विरोध को कूटनीति बनाना भारत वह देश है जहाँ पारसी, यहूदी, बहाई, तिब्बती सभी को शरण मिली। पाकिस्तान वह देश है जिसने विविधता को मिटा दिया। इसके बावजूद वह हिन्दुत्व को हिंसक बताने का दुस्साहस करता है। सबूत बनाम प्रचार – भारत ने बालाकोट हमले के बाद तथ्य, उपग्रह चित्र और वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत किए। पाकिस्तान ने प्रचार में वीडियो गेम के दृश्य दिखाए। यही उसका असली चेहरा है। डॉ. राजेश्वर सिंह का वक्तव्य, "सनातन आस्था पर आक्रमण किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं होगा। चाहे बांग्लादेश हो या पाकिस्तान, हम हर मंच से हिन्दू समाज पर हो रहे हमलों का विरोध करते रहेंगे। कांग्रेस और सपा का मौन उनके राजनीतिक और नैतिक दिवालियेपन का प्रमाण है। अब समय आ गया है कि भारत और विश्व समुदाय पाकिस्तान के ढोंग और झूठ को बेनकाब करे।

### आत्मनिर्भर बनाना ही मिशन शक्ति का लक्ष्य

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहरू स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र पर मिशन शक्ति अभियान से नारी शक्ति को जागरूक किया गया। बेटी को निडर, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना ही मिशन शक्ति का लक्ष्य है। गहरू स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र पर शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त विकास पाण्डेय ने नारी शक्ति को मिशन शक्ति का मंत्र समझाते हुए कहा कि हर बेटी को निडर, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना ही मिशन शक्ति का लक्ष्य है। समाज में यदि बेटियां सुरक्षित होंगी तो परिवार और राष्ट्र भी सुरक्षित रहेंगे। पुलिस हर परिस्थिति में आपकी मदद के लिए तत्पर है। इसलिए किसी भी असहज स्थिति में तुरंत मदद मांगने से न संकोच करे। सहायक पुलिस आयुक्त ने नारी शक्ति को आत्मरक्षा के उपाय, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112,181,1098,1930,102,108 सहित अन्य हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि साइबर अपराध, छेड़छाड़ या उत्पीड़न जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत पुलिस को दें.। ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। कार्यक्रम में स्थानीय जनता ने पुलिस टीम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम नारी शक्ति को न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास और साहस भी पैदा करते हैं। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति ने भी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णा नगर विकास पांडेय सरोजिनी नगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति, उप निरीक्षक हरद्वारी लाल महिला मिशन शक्ति केंद्र पभारी ,अमौसी चौकी इंचार्ज अंकित बलियान, पूजा यादव एंटी रोमियो प्रभारी, बड़ी संख्या में नारी शक्ति मौजूद रहीं।

### आसान नहीं रहा राम और रावण का युद्ध



**लखनऊ।** क्वार महीने की शुक्ल पक्ष दशमी तिथि को होने वाला राम और रावण का युद्ध अब आसान नहीं रहा, कारण है बढ़ती मंहगाई। करीब बीस साल पहले जो पुतला पांच सौ रुपए में तैयार होता था वह अब पंद्रह सौ का है। रामलीला के मंचन में साज सज्जा की लागत भी बढ़ी है। सैकड़ों साल से हो रहे रामलीला मंचन और रावण वध को देखने के लिए कभी भारी संख्या में दर्शक उमड़ते थे लेकिन अब इनकी तादाद कम हो चली है। बात गोसाईगंज रामलीला की हो तो यहां की रामलीला काफी पुरानी है। कभी रामलीला मैदान दर्शकों से खचाखच भरा नजर आता था लेकिन अब दर्शक कम हुए हैं। रामलीला का मंच कमजोर होने के कारण नव युवक रामलीला कमेटी द्वारा नया मंच बनाने की योजना बनी तो पुराना तोड़ दिया गया। कमेटी चाहती है कि रामलीला मंच दो मंजिला बन जाए जिससे उसी में ऊपरी मंजिल पर सामान रखने की भी व्यवस्था हो जाए। मंच टूट कर बनना शुरू हुआ तो धनराशि की कमी आड़े आ गई। बात दो मंजिल की हो रही थी लेकिन एक मंजिल भी बनना मुश्किल हो रहा है। इस बार 30 सितंबर से शुरू होने वाली रामलीला फिलहाल अर्धनिर्मित मंच पर ही होगी। अगर कहा जाए कि गोसाईगंज का नाम रोशन करने वाली रामलीला का पर्दा हमेशा के लिए गिरने की नौबत आ गई है तो शायद गलत नहीं होगा। मंच निर्माण में ही राम लीला कमेटी हाथ खड़े करने वाली है, हालांकि मंच निर्माण के लिए खुद कमेटी के सदस्यों और अन्य लोगों का सहयोग मिला है जिसमें सर्वाधिक डेढ़ लाख रुपए का सहयोग किन्नर समाज की रानी का शामिल है। मंच के लिए पर्याप्त राशि मिल नहीं सकी है। कमेटी का कहना है कि एक बार मंच का निर्माण पूरा हो गया तो लंबे समय तक मंच की कमी महसूस नहीं होगी।

# योजनाओं को गति देने के लिए रखे जाएंगे राजस्व अधिकारी

## शहर में प्राधिकरण की सम्पत्तियों का मांगा ब्योरा, अर्जित भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष/ मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष/ मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने प्राधिकरण द्वारा शहर में संचालित विकास परियोजनाओं व आवासीय योजनाओं के सम्बंध में शनिवार को पारिजात सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की।



इस दौरान उन्होंने नयी आवासीय योजनाओं को गति देने के लिए सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिये। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शहर में कराये जा रहे विकास व सौंदर्यीकरण आदि के विभिन्न कार्यों का प्रेजेन्टेशन दिया। इसके बाद प्राधिकरण की प्रस्तावित आवासीय योजनाओं क्रमशः आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, वरूण विहार व नैमिष नगर की प्रगति के सम्बंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि योजनाओं के लिए भूमि जुटाने में अगर किसी प्रकार की अड़चन आ रही है तो इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, इन पर तुरंत कार्यवाही करते हुए निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए राजस्व सम्बंधी कार्यों के लिए सेवानिवृत्ति राजस्व अधिकारियों को नियुक्त किया जाए, जिससे कि कार्य को प्रभावी और समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया जा सके। मण्डलायुक्त ने शहर में प्राधिकरण की सभी सम्पत्तियों का ब्योरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अर्जित भूमि पर जहां-जहां अवैध कब्जे हैं, वहां अभियान चलाकर जमीन कब्जामुक्त करायी जाए। इस दौरान उन्होंने अनंत नगर योजना व राष्ट्र प्रेरणा स्थल में कराये जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल पर वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था पहले से कर ली जाए।

स्थल के पास मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा समेत सभी जोनल अधिकारी, कार्याधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बांटी गई दवा वितरित

**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शनिवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने अपनी जांच कराई। यह अभियान 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। शिविर में नाक, कान और गले से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आरिफ अख्तर तथा आंखों से संबंधित रोगों की जांच के लिए नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनय वर्मा मौजूद रहे। दोनों विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और दवाइयां दीं। कैंप में 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई। इनमें से कई मरीजों को वहीं आवश्यक दवाएं वितरित की गईं.। जबकि कुछ गंभीर रोगियों को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल रेफर किया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए समय-समय पर जांच कराने की जरूरत पर बल दिया।

### चाँदी की खरीदारी में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना है

**लखनऊ।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस),लखनऊ शाखा कार्यालय ने चांदी की हॉलमार्किंग, नए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, मानकीकरण और उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए अपरान्ह एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम लखनऊ के गोमती नगर स्थित होटल में आयोजित किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) वस्तुओं के मानकीकरण, मुहरांकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उससे संबंधित मामलों के लिए उत्तरदायी है। सुधीर बिश्नोई-वरिष्ठ निदेशक एव प्रमुख (बीआईएस लखनऊ शाखा कार्यालय) और सुयश पाण्डेय-उप निदेशक (बीआईएस लखनऊ शाखा कार्यालय) ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य मीडिया और तत्पश्चात,जनता को बीआईएस की प्रमुख पहलों और नियामक विकासों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।सुधीर बिश्नोई-वरिष्ठ निदेशक एव प्रमुख ने चाँदी के आभूषणों/ कलाकृतियों की हॉलमार्किंग के कार्यान्वयन,महत्व और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कदम का उद्देश्य शुद्धता सुनिश्चित करना और चाँदी की खरीदारी में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना है,जैसा कि पहले से ही सफल स्वर्ण हॉलमार्किंग योजना में है। बिश्नोई जी ने अक्टूबर में आने वाले विश्व मानक दिवस के अवसर में किये जाने वाले विभिन्न आयोजनों की भी जानकारी दी। सुयश पाण्डेय उप निदेशक (बीआईएस) ने हाल ही में शुरू किए गए गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) पर चर्चा की।

# निज़ामी बंधु व दास्तानगोई के साथ महोत्सव पर चढ़ा सूफ़ियाना रंग

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक प्रांगण में चल रहे चौथे गोमती पुस्तक महोत्सव आठवें दिन दास्तां ओ संगीत का भव्य संगम देखने को मिला। इस सांस्कृतिक शाम ने दर्शकों को सम्मोहित कर लिया।शाम की शुरुआत हिमांशु बाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा की मनमोहक दास्तानगोई से हुई, जिन्होंने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति के जरिए श्रोताओं को मौखिक परंपराओं की अमर दुनिया में पहुंचा दिया। दोनों कलाकारों ने अपनी विशिष्ट शैली में देवी अहिल्याबाई होलकर की दास्तान सुनाई।

मराठा साम्राज्य के दौरान इंदौर की इस रानी ने महेश्वर को होलकर वंश की राजधानी के रूप में स्थापित किया था। उसके बाद मशहूर निज़ामी बंधुओं की कव्वाली ने माहौल में जोश भर दिया। फिल्म रॉकस्टार (2011) के प्रसिद्ध गीत कुन फाया कुन के लिए ख्यात निज़ामी बंधु ने अपनी सूफ़ियाना आवाज़ और दिलकश अंदाज से मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने इस उत्सव को एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक ऊँचाई पर पहुंचा दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री भी पधारे। इस अवसर पर उन्होंने अमिताभ कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'राजनाथ सिंहः आधुनिक भारत के लौह पुरुष' का विमोचन किया।








**प्रशासनिक अधिकारियों का साहित्य**

'फाइल के कागज़ से साहित्य की कलम तक' शीर्षक से आयोजित विशेष सत्र में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों डॉ. हरिओम (प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास), डॉ. अजय शंकर पांडेय (पूर्व आयुक्त, झांसी मंडल), और डॉ. सुधाकर अदीब (पूर्व निदेशक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान) ने साहित्य से अपने जुड़ाव पर विचार साझा किए। सत्र का समन्वय डॉ ललित किशोर मंडोरा,हिंदी संपादक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत ने किया। डॉ. हरिओम ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने व्यस्त प्रशासनिक जीवन के बीच समय निकालकर लेखन जारी रखा और हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सक्रिय रहे। उनकी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर आधारित यात्रा-वृत्तांत को पाठकों से व्यापक सराहना मिली है। सत्र के दौरान उन्होंने अपनी दो रचनाएँ भी सुनाईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। डॉ. अजय शंकर पांडेय और डॉ. सुधाकर अदीब ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT) के हाल के कार्यक्रमों की सराहना की, जिन्होंने प्रतिभाशाली लेखकों को व्यापक रूप से जोड़ा है। उन्होंने न्यास के अध्यक्ष और निदेशक को इस सक्रिय प्रयास के लिए बधाई दी।

**बच्चे हुए वैदिक गणित से रूबरू**

चिल्ड्रन कॉर्नर में आज लखनऊ के विभिन्न स्कूलों के 800 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सुबह का सत्र 'कहानी की दुनिया में' (डॉ. अनीता भटनागर जैन द्वारा) से आरंभ हुआ, जिसमें उन्होंने बच्चों को एक ऐसी कहानी सुनाई जिसमें सही उत्तर देने पर प्रकृति उन्हें किताबों से पुरस्कृत करती है। इसके बाद विवेक कुमार के साथ 'फन विद वैदिक मैथ्स' सत्र में बच्चों ने आसान गणना के ऐसे दिलचस्प तरीके सीखे, जिनसे गणित उनके लिए और अधिक आनंददायक बन गया। तीसरे सत्र 'कोरियोग्राफी एंड बॉडी मूवमेंट' में फरमान और मुस्कान ने बच्चों को रिबन और गुब्बारों के साथ रचनात्मक नृत्य के प्रयोग कराए। अंतिम सत्र उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित क्विज़ का था, जिसके विजेताओं को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'एग्ज़ाम वॉरियर' पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई।

**पुस्तक महोत्सव का समापन आज**

कल गोमती बुक फेस्टिवल का अंतिम दिन है। आइए लखनऊ के इस साहित्यिक महाकुंभ के भव्य समापन समारोह का हिस्सा बनिए! कहानियों, संस्कृति और विचारों के इस उत्सव में शामिल हों, जहां बच्चों के लिए क्विज़ और बुक कवर डिज़ाइनिंग वर्कशॉप होंगी। हजारों किताबें आपका इंतजार करेंगी और शाम को लोकप्रिय बैंड 'पराशर' की लाइव परफॉर्मेंस इस महोत्सव को यादगार बना देगी।

**800 से बच्चों ने नई बातें सीखीं**

800 से अधिक बच्चों ने नई बातें सीखीं और खूब मस्ती भी की। दिन की शुरुआत डॉ. अनीता भटनागर जैन ने रोचक कहानी सुनाकर प्रकृति पर बच्चों से संवाद किया। इसके बाद 'फ़न विद वैदिक मैथ्स' सत्र में विवेक कुमार ने सरल गणना की तकनीकें सिखाईं। कोरियोग्राफी एवं बॉडी मूवमेंट सत्र में फरमान और मुस्कान ने बच्चों को रचनात्मक नृत्य गतिविधियों में सम्मिलित किया। समापन उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा आयोजित क्विज़ से हुआ, जिसके विजेताओं को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रचित पुस्तक एग्ज़ाम वॉरियर भेंट की गई।

### लखनऊ में बहती हैं नौ नदियां: डॉ व्यंकटेश दत्ता

नमामि गंगे मिशन के तहत आज गोमती पुस्तक महोत्सव के लेखक गंज के मंच पर " रिवर्स : रेस्टोरेशन एंड रेसिलियंस " का सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान डॉ व्यंकटेश दत्ता, विभागाध्यक्ष, अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बताया कि लखनऊ में नौ नदियां हैं। इसमें कुकरैल नदी को दोबारा पुनर्जीवित किया जा रहा है लेकिन अभी भी शहर आठ नदियां हैं जिस पर काम करने की आवश्यकता है। एक नदी है बेहटा जो कि हरदोई से निकलकर मॉल होते हुए गोमती नदी आकर मिलती है। जिले की इन नदियों, तालाब आदि पर शोध कार्य भी किया गया है जिसकी 250 पन्नों की रिपोर्ट भी प्रशासन को सौंपी गई है। वहीं डॉ शैलेन्द्र सिंह, टी एस ए प्रमुख ने नदी के किनारों के नदी के स्वास्थ्य जांचने के गुर सिखाए। उन्होंने विस्तार से बताया कि यदि कोई कछुआ बीमार है तो किस तरह व्यवहार करता है। इस मौके पर नमामि गंगे योजना के जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद नजीब हसन ने योजना की गतिविधियों पर प्रकाश डाला साथ ही भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर दीपिका चतुर्वेदी जो कि गोमती नदी पर पुस्तक एलांग़ द बैंक्स ऑफ रिवर गोमती लिखीं हैं उपस्थित थीं। उन्होंने पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### हिंदी अंग्रेजी में समान भाषा के स्तर पर अपने को सक्रिय रखा



**लखनऊ।** प्रमुख सचिव डॉ हरिओम ने बताया कि अनजान कैसे अपने लेखन के लिए दफ्तरी समय में से लेखन के लिए समय को चुराया, उन्होंने हिंदी अंग्रेजी में समान भाषा के स्तर पर अपने को सक्रिय रखा। बाजार में उनकी यात्रा संस्मरणों पर कैलाश मानसरोवर पर लिखी पुस्तक खासा चर्चा में रही है। इस मौके पर उन्होंने दो गीत भी सुनाए और उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं डॉ अजय शंकर पांडेय ने कहा कि निश्चित ही न्यास को साधुवाद कि उन्होंने ऐसे विषय को प्राथमिकता दी कि कैसे सिविल सर्वेंट अपने समय में से कुछ समय लेखन को देते है;उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया।वरिष्ठ कथा लेखक डॉ सुधाकर अदीब ने कहा कि सिविल सर्वेंट भी भावना के स्तर पर लेखन से जुड़ा रहता है लेकिन हमें यह देखना हैं कि कौन सा विषय लेखक को आमंत्रित करता है,न्यास के कार्यक्रमों में पिछले दिनों से नवीनता आई है कि वृहद तौर पर न्यास से अच्छे लेखकों का जुड़ाव हुआ है,इसके लिए मैं अध्यक्ष,निदेशक को भी बधाई देता हूं।

# श्रद्धा के साथ याद किए गए समाजवादी चिंतक सगीर व साथी शिवकुमार राय

## सदभाव की स्थापना ही समाजवादी द्वय को सच्ची श्रद्धांजलि, समाजवादी गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किए गए गाँधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** स्थानीय लाटूश रोड स्थित मेज़बान होटल के सभा कक्ष में शनिवार को समाजवादी चिंतक सगीर अहमद और उनके अनन्य साथी शिवकुमार राय श्रद्धा के साथ याद किए गए।

इस अवसर पर समाजवादी चिंतक सगीर अहमद और साथी शिवकुमार राय की स्मृति में दिए जाने वाला पुरस्कार - समाजवादी गौरव 2025 - गाँधीवादी चिंतक और सात दशक से लगातार समाजवाद और सदभाव का परचम लेकर चलने वाले योद्धा राजनाथ शर्मा को दिया गया जिसका कक्ष में उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि और राजनाथ शर्मा ज़िन्दिाबाद के नारे से स्वागत किया. समाजवादी गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किए गए गाँधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने कहा कि सदभाव की स्थापना, देशी भाषाओं का क्रियान्वयन,




महंगाई पर नियंत्रण के लिए दाम बांधों, देश की सुरक्षा के लिए हिमालय बचाओ और पड़ोसी देशों से बेहतर रिश्तों के लिए चल रहे भारत पाक बांग्लादेश महासंघ के चल रहे आंदोलन को सगीर साहब और शिवकुमार राय के नहीं होने से गहरा झटका लगा है. इन आंदोलनों को तेज करना ही नेता द्वय को सच्ची श्रद्धांजलि है. इन दोनों समाजवादियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर स्मृति सभा और सम्मान समारोह के अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रो खान मोहम्मद आतिफ ने कहा कि आज देश नफरत के दौर से गुजर रहा है इसे इस नफरत के दौर से बचाना हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन ही सगीर अहमद और शिव कुमार राय को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शायर हसन काज़मी ने सगीर साहब के व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए फिराक साहब का एक शेर पढ़ा कि आने वाली नस्लें तुम पर रस्क करेंगी हमअसरों, जब भी उनको ध्यान आएगा तुमने सगीर को देखा है। पूर्व अपर महाधिवक्ता कमरूल हसन सिद्दीकी ने पढ़ा कि मगरूर बहुत होना ना ताकत पर तुम अपने, सूरज हो तो फिर शाम को ढालना ही पड़ेगा।

इस मौके पर सर्वश्री सतीश राय एडवोकेट, धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, अनिल त्रिपाठी, डॉ रईस अहमद खान, मोह्हमद नासिर खान, कुदूस हाशमी, हाजी कबीर, इम्तियाज़ अहमद खान, चौधरी युसूफ, प्रमोद बाजपेई, राजेश राय, राम नरेश यादव, कुदूस हाशमी, पाटेश्वरी प्रसाद, तारिक खान, बाबुल हक़, रातुल हर्ष गोस्वामी, रनंजय शर्मा, रवि शंकर तिवारी, कमलेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### मीनाक्षी अग्रवाल के निर्देश पर पीडीए सम्मेलन आयोजित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा तरन्नुम बानो चिकन कारीगर के माध्यम से किया गया। पीडीए सम्मेलन का सफल संचालन जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर के चौधरी ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए महिलाओं की राजनैतिक सक्रियता को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में त्रिस्तरीय आरक्षण व्यवस्था लागू की। जिससे आज अनेक महिलायें प्रधान,बीडीसी और जिला पंचायत चुनावों के माध्यम से महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह ने महिलाओं की सहभागिता को स्वस्थ राजनैतिक,सामाजिक व्यवस्था की नींव बताया। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए योजनाएं संचालित हुईं।

**प्रदर्शनी** रंगों की पारदर्शिता में जीवन और अध्यात्म : राजेंद्र प्रसाद की कृतियाँ, उदघाटन अभिनेता अनिल रस्तोगी ने किया

# चित्रकला में वॉश तकनीक ने अपनी भावों की गहराई के कारण स्थान बनाया

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय चित्रकला में वाश परंपरा एक सूक्ष्म और पारभासी शैली के रूप में उभरी है, जिसमें पतले रंगों की परतों से प्रकाश, गहराई और भाव अभिव्यक्त किया जाता है। मुग़लकालीन चित्रकला से इसकी जड़ें जुड़ी हैं, जहां प्राकृतिक दृश्यों और शाही जीवन के सूक्ष्म चित्रण के लिए इसे अपनाया गया। ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रभाव और आधुनिक युग में कलाकारों ने इसे और विकसित किया, जिससे ग्रामीण जीवन, लोकजीवन और मानवीय भावनाओं का सूक्ष्म चित्रण संभव हुआ। शनिवार को नगर के कोकोरो आर्ट गैलरी में वाश शैली के वरिष्ठ चित्रकार राजेंद्र प्रसाद के वाश पद्धति मे रचित कृतियो की एकल





प्रदर्शनी "लौकिक – अलौकिक" की शुरुआत की गयी। इस प्रदर्शनी का उदघाटन रंगमंच, टेलीविजन एवं फिल्म जगत के वरिष्ठ अभिनेता अनिल रस्तोगी ने किया। प्रदर्शनी की क्यूरेटर वंदना सहगल हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कलाकार,कला प्रेमी, छात्र उपस्थित रहे। क्यूरेटर वंदना सहगल ने बताया कि भारतीय चित्रकला में वॉश तकनीक ने अपनी सूक्ष्मता, पारदर्शिता और भावों की गहराई के कारण विशिष्ट स्थान बनाया है। यह तकनीक टेम्परा और इंक एंड वॉश का अद्भुत संयोजन है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन एशियाई स्याही-चित्र परंपराओं में हुई थी। चीन और जापान की चित्रकला में बड़े ब्रश और पानी की मदद से रंगों की हल्की, कोमल और बहुरंगी परतें बनाई जाती थीं, जिससे चित्रों में जीवन्तता और सूक्ष्मता दोनों आती थीं। 1912 में अवनीन्द्र नाथ टैगोर, नंदलाल बोस और असित कुमार हलधर समेत बड़ी संख्या में कलाकारों ने इस तकनीक को भारत में प्रस्तुत किया और इसे अजंता के भित्तिचित्रों तथा बंगाल स्कूल की संवेदनाओं के साथ जोड़कर एक नया आयाम दिया। इसके बाद लखनऊ का कला एवं शिल्प महाविद्यालय इस शैली का प्रमुख केंद्र बन गया, जिसने वॉश को भारतीय कला में समृद्ध और प्रतिष्ठित किया। बी.एन. आर्य ने इस तकनीक को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और इसे वैश्विक कला परिदृश्य में स्थापित किया। बाद में बड़ी संख्या में कलाकारों ने इसे नवीन दृष्टियों और प्रयोगों से समृद्ध किया। वॉश तकनीक की प्रक्रिया अत्यंत सूक्ष्म और जटिल है। इसमें चित्र पर जलरंग की पारदर्शी परत डाली जाती है और उसे पानी में डुबोया जाता है, जिससे रंग आंशिक रूप से धुल जाते हैं। इसके बाद नई पारदर्शी परत चढ़ाई जाती है। यह क्रम कई बार दोहराया जाता है और विभिन्न परतों के मिलन से एक स्वप्निल, बहुरंगी और कालातीत वातावरण उत्पन्न होता है। इसी तकनीकी सूक्ष्मता के कारण वॉश चित्र केवल देखने योग्य नहीं, बल्कि अनुभव करने योग्य बनते हैं। राजेंद्र प्रसाद इस शैली के वर्तमान समय में सबसे प्रभावशाली और आधुनिक प्रतिनिधि हैं। उनकी पेंटिंग्स में फीके, धुले रंगों के बीच से निकलती सूक्ष्म रोशनी चित्रों को अद्वितीय भाव और गहराई देती है। उनकी विषयवस्तु मुख्य रूप से ग्रामीण जीवन और भारतीय लोकजीवन की सहज झलकियों से प्रेरित है। किसी महिला का बाल संवारना, सूर्योदय को प्रणाम करना, शरीर पर टैटू बनवाना, मछुआरों का जाल फेंकना—इन दृश्यावलियों में यथार्थवाद और भावनात्मक गहराई का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

ये चित्र केवल रोजमर्रा की गतिविधियाँ प्रस्तुत नहीं करते; वे जीवन की संवेदनाओं, समय के प्रवाह और मानवीय अनुभवों को भी उभारते हैं। उनकी कला का दूसरा आयाम अध्यात्म और प्रतीकवाद है।

# रात में एके-47 लेकर घूमे तीन युवक

## ठाकुरगंज थाना प्रभारी बोले, कन्नौज की एसओजी टीम किसी विवेचना में आई थी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ में आधी रात तीन युवक एके-47 जैसी राइफल लेकर गलियों में टहलते दिखे। ये युवक घूम-घूमकर घर-घर टॉर्च लगाकर रेकी करते रहे। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज को लोग सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं।

पुलिस ने कहा है कि अफवाह न फैलाएं। वीडियो ठाकुरगंज इलाके का बताया जा रहा है। न्यू हैदरगंज रीफा कॉलोनी में तीन अज्ञात युवक एके-47 जैसी राइफल लेकर टहलते दिखे। कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में तीनों कैद हुए। लोग पूरी रात सहमे रहे। अब सवाल उठ रहा है- ये संदिग्ध युवक थे या किसी पुलिस टीम का हिस्सा. स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना 23 सितंबर की रात की है। देर रात तीन युवक कॉलोनी की गली में घूम रहे थे।



उनके पास AK-47 जैसी राइफल थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि वे घरों के बाहर टॉर्च लगाकर इधर-उधर झांक रहे थे। सुबह होते ही कॉलोनी के लोगों ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। कुछ लोगों ने इसे संदिग्ध बताते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में दहशत और अफवाहें फैल गईं। ठाकुरगंज थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जानकारी मिली कि उस रात किसी मामले में तहकीकात करने कन्नौज की पुलिस टीम आई थी। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई थी। लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाने को दें और अफवाह न फैलाएं।

### एक्सपायर्ड मसाले जब्त

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को चिनहट के मटियारी गांव में छापेमारी कर 152 किलो एक्सपायर्ड मसाले और खाद्य पदार्थ जब्त किए। मसालों की कीमत 95 हजार रुपए है। सहायक आयुक्त (खाद्य) विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने मटियारी के विद्या ऋषि इंडिया हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड व वीआर दिव्य लाइफ प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। यहां टीम को भारी मात्रा में एक्सपायर्ड धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, कश्मीरी मिर्च, फिश मसाला, किचन किंग मसाला, सब्जी मसाला, डायबो केयर और नारी शक्ति नाम के फूड सप्लीमेंट तथा फ्लेवर्ड वाटर मिला।

### केजीएमयू की महिला डॉक्टर का प्रोफेसर ने पकड़ा हाथ, शिकायत

**लखनऊ।** केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीन मेरी) में महिला रेजिडेंट डॉक्टर से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। सीनियर डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगे हैं। अधिकारियों को दी शिकायत में बताया– सीनियर ने हाथ पकड़ा। बोला कि तुम मुझे अच्छी लगती हो। इससे पहले डॉक्टर उसे फोन भी करता था। रेजिडेंट डॉक्टर ने क्वीन मेरी की 5 सीनियर डॉक्टरों को मामले की जानकारी दी। केजीएमयू प्रशासन से लिखित शिकायत भी की। इसके बाद प्रशासन ने विशाखा कमेटी को जांच सौंप दी। कमेटी की जांच भी पूरी हो गई है। इस मामले में आरोपी सीनियर डॉक्टर पर क्या कार्रवाई की जानी चाहिए, इसकी सिफारिश भी कुलसचिव को भेज दी है। घटना 17 सितंबर की है। रेजिडेंट डॉक्टर ने एचडीयू से मरीज को ICU में शिफ्ट कराया। इसकी जानकारी ICU के अधिकारियों को देने गई। आरोप हैं कि जब वह चैंबर पहुंची तो ICU इंचार्ज ने उसका हाथ पकड़ लिया और बोले– मुझे तुम अच्छी लगती हो। इससे पहले सीनियर डॉक्टर ने रेजिडेंट को फोन भी किया था। रेजिडेंट डॉक्टर घबरा गई। उसने आपबीती विभाग की चार सीनियर फैकल्टी (डॉक्टरों) को सुनाई। रेजिडेंट इंचार्ज को भी सबकुछ बताया। इसके बाद भी आरोपी डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने 19 सितंबर को क्वीन मेरी प्रशासन को पांच पेज की लिखित शिकायत की थी। सात दिन से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। मामला जस का तस पड़ा है। पीड़िता क्वीन मेरी अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट है। वह कश्मीर की रहने वाली है। यहां द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह शेड्यूल ट्रायब (ST कम्युनिटी) से ताल्लुक रखती है। पीड़िता ने बताया कि क्वीन मेरी पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित हॉस्पिटल है। इसके बावजूद यहां के ICU का प्रमुख पुरुष डॉक्टर को बनाया गया है। जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने घटना के बाद रेजिडेंट इंचार्ज समेत कई फैकल्टी को इसकी जानकारी दी।

### श्रीराम कथा अनुष्ठान 11 अक्टूबर से, तैयारी पूरी

**लखनऊ।** गोसाईगंज स्थित शिशु मंदिर इंटर कालेज के मैदान में 11 से 17 अक्टूबर तक श्रीराम कथा के बाईसवें अनुष्ठान का आयोजन होने जा रहा है। मानस मर्मज्ञ कथा ऋषि पंडित उमाशंकर व्यास कथा रसिक श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे।

युग तुलसी श्रीराम कथा समिति गोसाईगंज के अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी और राजेंद्र वर्मा बाबूजी ने बताया कि गोसाईगंज धाम में माता चतुर्भुजी मंदिर के समीप शिशु मंदिर इंटर कालेज के मैदान में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का बाईसवां अनुष्ठान 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक होने जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले अनुष्ठान में शाम सात बजे से साढ़े नौ बजे तक युग तुलसी ब्रह्मलीन पंडित रामकिंकर जी महाराज के पट्ट शिष्य उमा शंकर व्यास जी श्रीराम नाम की अमृत वर्षा करेंगे। युग तुलसी श्रीराम कथा समिति अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि श्रीराम कथा की तैयारियां चल रही हैं। श्रद्धालुजनों को आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।

# सहारा समूह से 130 एकड़ जमीन वापस,कब्जे के बोर्ड लगाए

## नगर निगम ने जमीन लाइसेंस डीड के साथ सहारा को दी थी, ग्रीन बेल्ट के लिए लीज पर ली थी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ में सहारा समूह की 130 एकड़ जमीन को नगर निगम ने वापस ले लिया है। इससे पहले भी लीज नियमों को तोड़ने पर ग्रीन बेल्ट की 40 एकड़ जमीन को कब्जे लिया था।

सहारा समूह ने गोमतीनगर में उजरियांव और जियामऊ गांव की 130 एकड़ जमीन को 1994 में आवासीय कॉलोनी और व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए 30 साल के लिए लाइसेंस डीड पर लिया था। नियम और शर्तों का उल्लंघन करने पर नगर निगम की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया- सहारा की तरफ से लीज के नियम और शर्तों का उल्लंघन किया गया। कोई भी आवासीय प्रोजेक्ट नहीं लाया गया। 2024 में लीज खत्म हुई थी। इसके बाद जमीन को वापस लिया गया। इसी तरह एलडीए सहारा से



75 एकड़ जमीन वापस लेकर उस पर पार्क बना रहा है। सहारा बाजार की नीलामी प्रक्रिया भी चल रही है। नगर निगम-एलडीए अब तक सहारा समूह की 245 एकड़ से अधिक जमीन पर कार्रवाई कर चुके हैं। लखनऊ के रिहायशी इलाके में स्थित इस जमीन की कीमत अरबों में है। फिलहाल नगर निगम ने जमीन पर अपना बोर्ड लगा दिया है। जमीन को किस उपयोग में लाना है। इसको लेकर नगर निगम सदन में प्रस्ताव लाएगा। इसके साथ ही नगर निगम ने सहारा को दी सभी जमीनों को नियम और शर्तों का उल्लंघन करने पर वापस ले लिया है। नगर निगम ने 130 एकड़ जमीन लाइसेंस डीड के साथ सहारा को दी थी। इसमें अंबेडकर पार्क के पास स्थित उजरियांव और जियामऊ इलाके में आवासीय और व्यवसायिक प्रोजेक्ट लाने थे। लेकिन लाइसेंस डीड के नियमों का उल्लंघन हुआ। वहीं, ग्रीन बेल्ट के 40 एकड़ जमीन नगर निगम से सहारा ने लीज पर ली थी। इसके 30 साल पूरे होने के बाद 5-6 महीने पहले नगर निगम ने कब्जे में लिया था।

एलडीए ने सहारा ग्रुप को लीज पर दी ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन वापस ली है। सितंबर 2024 में यह जमीन एलडीए ने नियमों का उल्लंघन करने पर कब्जे में ली थी। अब इस जमीन पर प्रथम चरण में 25 एकड़ में 14 करोड़ रुपए की लागत से शहर का पहला बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। गोमती नगर के विभूतिखंड वीआईपी इलाके में स्थित सहारा बाजार कॉम्प्लेक्स को बेचने की प्रक्रिया एक बार फिर तेज कर दी है। बुधवार को इसकी ई-नीलामी की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह नीलामी 10 नवंबर को आयोजित होगी, जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। लखनऊ से शुरू होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाने वाले सहारा इंडिया परिवार का कभी करोड़ों लोगों की उम्मीदों और निवेश का केंद्र रहा।

मगर इसका साम्राज्य अब डूबने की कगार पर खड़ा है। 14 नवंबर 2023 को समूह के संस्थापक सुब्रत रॉय सहारा के निधन के बाद सहारा समूह की वित्तीय स्थिति और भी बिगड़ गई। सुप्रीम कोर्ट, सेबी और भारत सरकार अब इस समूह की अचल संपत्तियों की नीलामी के जरिए सालों से न्याय की राह देख रहे निवेशकों का पैसा लौटाने में जुटे हैं।

# नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सुनाई दी लैंगिक समानता की गूंज

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव–गांव, मोहल्ले मोहल्ले, आयोजित किये गये नुक्कड़ नाटक

» प्रत्येक महिला आत्मनिर्भर सुरक्षित सम्मानित व समानता का जीवन जी सके : लीना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज प्रदेश के सभी जनपदों में लैंगिक समानता के विषय पर विशेष जन-जागरुकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड नाटकों का व्यापक आयोजन किया गया। यह आयोजन शहरों की गलियों, मोहल्लों. ग्राम पंचायतों के चौपालों, स्कूलों और कॉलेजों तक पहुँचते हुए जन-जन के बीच एक सशक्त संदेश छोड कर गये। इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि लैंगिक असमानता केवल महिलाओं या बालिकाओं की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की प्रगति में बाधा है।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत लगातार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को महिलाओं और बालिकाओं के जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बनाया जाए। इसी कड़ी में नुक्कड़ नाटक को एक प्रभावी माध्यम के रूप में चुना गया, क्योंकि यह न केवल मनोरंजन के जरिए संदेश पहुँचाता है. बल्कि सीधा संवाद स्थापित करते हुए समुदाय को सोचने और आत्ममंथन करने के लिए प्रेरित करता है। प्रदेश के हजारों स्थानों पर प्रस्तुत किए गए इन नाटकों ने लोगों को सकझोरा और उन्हें लैंगिक असमानता की वास्तविकताओं और समाधान पर विचार करने का अवसर दिया। नुक्कड नाटकों में यह स्पष्ट किया गया कि



लैंगिक असमानता का अर्थ है महिलाओं और पुरुषों को अवसरों, संसाधनों, शिक्षा, रोजगार, निर्णय लेने और सामाजिक मान्यता में समानता न मिलना। यह असमानता समाज की जड़ों में गहराई से बसी हुई है, जो बचपन से ही लडकियों और लडकों के बीच भेदभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य में असमान पहुँच, कार्यस्थलों पर भेदभावपूर्ण व्यवहार, वेतन असमानता और सामाजिक-सांस्कृतिक मान्यताओं में दिखाई देती है। नाटकों के जरिए दर्शाया गया कि जब लडकियों को शिक्षा में पीछे रखा जाता है या उनके करियर विकल्पों को सीमित किया जाता है. तो पूरा समाज एक संभावित प्रतिभा और संसाधन से वंचित हो जाता है। इसी तरह जब महिलाएँ कार्यस्थल पर असमान व्यवहार का सामना करती हैं, तो न केवल उनकी आत्मनिर्भरता प्रभावित होती है. बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति भी धीमी हो जाती है। इन नाटकों में समाधान के रूप में यह संदेश भी दिया गया कि लैंगिक समानता केवल कानूनों के बल पर ही नहीं, बल्कि समाज की सोच में परिवर्तन से ही संभव है।

परिवारों में बेटियों और बेटों के साथ समान व्यवहार, शिक्षा के अवसरों में समानता, कार्यस्थलों पर सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण, घरेलू कार्यों की समान भागीदारी और सामाजिक संस्थानों में महिलाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित कर ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यह भी रेखांकित किया गया कि सरकार की विभिन्न योजनाएँ तभी प्रभावी होंगी, जब समाज स्वयं भी उन्हें अपनाने और लागू करने में सहयोग करेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 केवल महिलाओं और बालिकाओं के लिए योजनाओं की श्रृंखला नहीं है, बल्कि यह एक सतत सामाजिक क्रांति है। लैंगिक समानता इस क्रांति की आधारशिला है. क्योंकि जब तक समाज में महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर और अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। हमारा लक्ष्य यह है कि प्रत्येक बच्ची और प्रत्येक महिला आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सम्मानित और समानता का जीवन जी सके। आज के नुक्कड नाटकों ने यह सशक्त संदेश दिया है कि यह परिवर्तन केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार और समुदाय की भागीदारी से ही संभव है। प्रदेशभर में हुए इन आयोजनों में भारी जन-सहभागिता देखने को मिली। गाँवों में चौपालों पर और कस्बों की गलियों में लोगों ने पूरे उत्साह से इन नाटकों को देखा और विचार विमर्श किया। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार साझा किए।

कई स्थानों पर दर्शकों ने स्वयं आगे आकर यह संकल्प लिया कि वे अपनी दैनिक जीवनशैली और सोच में बदलाव लाएँगे तथा बेटियों और बेटों के बीच भेदभाव की दीवार को तोड़ेंगे। उल्लिखित है कि विभाग द्वारा 22 सितम्बर 2025 से 26 सितम्बर 2025 के मध्य आयोजित किये गये कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 4,01,702 व्यक्तियों को जागरूक किया है जिसमें महिला पुरुष, बालक एवं बालिकायें सभी शामिल है।

### सपा प्रमुख अखिलेश के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट



**लखनऊ।** लखनऊ में सोशल मीडिया पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई। समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव ने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की एक आपत्तिजनक फोटो फेसबुक पर पोस्ट की गई है।

अंजनी प्रकाश यादव ने बताया- शनिवार सुबह 9 बजे फेसबुक देखते समय उन्हें गौतम भारद्वाज नामक व्यक्ति की आईडी 'Gautambhardwaj 10k' से यह पोस्ट दिखी। इसमें अखिलेश यादव की फोटो को महिला के रूप में परिवर्तित कर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ साझा किया गया था। उन्होंने बताया- पोस्ट में मंत्री ओमप्रकाश राजभर के जन्मदिन पर 100 रुपए देने और ताली पीट-पीट कर जैसी अभद्र टिप्पणियां भी की गई थीं। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस पोस्ट और वायरल फोटो से राष्ट्रीय अध्यक्ष की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जिससे समाजवादी पार्टी के समर्थकों को मानसिक आघात पहुंचा है। उन्होंने वायरल फोटो और पोस्ट की छायाप्रति भी थाने में संलग्न की है। पीजीआई थाना इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**उपलब्धि** इन परियोजनाओं में 7,035 करोड़ का निवेश होगा और इनके माध्यम से कुल 10,866 नई इकाइयाँ बनाई जाएंगी

# रेरा ने उत्तर प्रदेश में 21 रियल एस्टेट परियोजनाओं को दी मंजूरी, राहत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने राज्य में 21 रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। दावा है कि इन परियोजनाओं में 7,035 करोड़ का निवेश होगा और इनके माध्यम से कुल 10,866 नई इकाइयां बनाई जाएंगी।

प्राधिकरण की 184वीं बैठक लखनऊ मुख्यालय में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। अधिकारियों की मानें तो बैठक में 21 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं में 7,035 करोड़ का निवेश होगा और इनके माध्यम से कुल 10,866 नई इकाइयाँ बनाई जाएंगी। इन इकाइयों में फ्लैट्स, अपार्टमेंट्स, विला, प्लॉट्स तथा दुकानों और अन्य वाणिज्यिक स्थल शामिल होंगे। अधिकारियों का दावा है कि आवासीय और वाणिज्यिक इकाईयों का यह संतुलित मिश्रण प्रदेश में निवेशकों और खरीदारों दोनों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगा। मंजूर की गई परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख शहरों और उभरते क्षेत्रों में फैली हुई हैं। जहाँ गौतमबुद्ध नगर, ग़ाज़ियाबाद, लखनऊ, मथुरा, आगरा, बरेली और वाराणसी जैसे पारंपरिक हब लगातार विकास का केंद्र बने हुए हैं, वहीं बाराबंकी जैसे नए ज़िले अब तेज़ी से राज्य के रियल एस्टेट नक्शे पर उभर रहे हैं। मंजूर की गई इन परियोजनाओं के अंतर्गत बनने वाली 10,866 इकाइयां राज्य में आवास आवश्यकताओं कि उपलब्धता को और मज़बूत करेंगी। इनमें प्लॉट्स, प्रीमियम विला, किफायती फ्लैट्स और अपार्टमेंट्स शामिल हैं। साथ ही, एक हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए सुरक्षित रखा गया है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्यिक इकाइयाँ और दुकानें स्थानीय व्यवसायों व छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करेंगी, जिससे आत्मनिर्भर समुदाय विकसित होंगे। इस अवसर पर यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि, 21 परियोजनाओं की मंजूरी और लगभग 11 हज़ार नई इकाइयों की बढ़ोतरी उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र की मज़बूती को दर्शाती है। करीब 6,900 करोड़ के निवेश से न केवल अलग-अलग आय वर्गों की आवासीय ज़रूरतें पूरी होंगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा सहारा मिलेगा। रेरा की सख्त समीक्षा और अनुमोदन प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि हर परियोजना नियमों के अनुसार हो, जिससे घर खरीदारों की सुरक्षा और निवेशकों का भरोसा दोनों कायम रहे। अधिकारियों की मानें तो आने वाले समय में ये परियोजनाएँ राज्य में आवास की उपलब्धता बढ़ाएँगी,

रोज़गार सृजन करेंगी, निवेश आकर्षित करेंगी और प्रदेश को रियल एस्टेट व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का पसंदीदा गंतव्य बनाने में मददगार होंगी। मजबूत नियामक ढांचे और व्यापक भौगोलिक विस्तार के साथ, यूपी रेरा राज्य के रियल एस्टेट क्षेत्र को सतत, समावेशी और निवेशक-हितैषी विकास की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

### चयन आयोग में घोटाला, चहेते बने टेक्नीशियन

**लखनऊ।** चहेतों को टेक्नीशियनों की नौकरी दिलाने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अपनी ही कलम का दुरुपयोग नहीं किया, बल्कि उनके हाथ उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग तक पहुंच गए। सांठगांठ कर जमकर फर्जीवाड़ा किया और दोनो हाथों से रेवड़ी बांटी। लैब टेक्नीशियन (एलटी) के 921 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 17–परीक्षा/2016 की चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गईं, 2019 में सैकड़ों ऐसे अभ्यर्थियों को नौकरी मिल गयी जो आवेदन करने की तिथि तक 5 अक्टूबर 2016 तक अर्ह ही नहीं थे, हालांकि मामला न्यायालय में पहुंच चुका है और न्यायालय के हस्तक्षेप से नई भर्तियों पर रोक लग चुकी है। पीड़ित अभ्यर्थियों का कहना है कि 15 सितंबर 2016 को स्वास्थ्य विभाग में 729 और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 192 पद, कुल 921 लैब टेक्नीशियन पदों के लिए आयोग की ओर से अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2016 तक आवेदन मांगे गए थे।

**एक नजर**

### तीन घंटे में गुमशुदा नाबालिग किशोरी बरामद

**निगोहां।** लखनऊ ,मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत निगोहां पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए निगोहां क्षेत्र की नाबालिक किशोरी को मात्र तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। निगोहां पुलिस की तत्परता और सक्रियता से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निगोहां थाना क्षेत्र के गरीबखेड़ा मजरा सिर्स निवासी गुड्डू पुत्र दूलम ने निगोहां पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी नाबालिग पुत्री बीते 26 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। इसी दौरान जब वह मुम्बई जा रहे थे तो तभी पीड़ित की बेटी ने फोन कर बताया कि कुछ लोग उसे जंगल की ओर उठा ले गए हैं। इस सूचना से पुलिस हरकत में आई और तत्काल मुकदमा दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति प्रभारी टीम ने सतत प्रयास शुरू किए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र तीन घंटे के भीतर ही किशोरी को पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तीपुर से बरामद कर लिया। पूछताछ में किशोरी ने स्वीकार किया कि वह गांव में रहना चाहती थी और अपने पिता को मुम्बई जाने से रोकने के लिए उसने फोन पर झूठी जानकारी दी थी कि कुछ लोग उसे उठा ले गए हैं। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के निर्देशन में यह पूरी कार्यवाही त्वरित की गई है।

### धूमधाम से निकाली गई माता जी की झांकी



**निगोहां (लखनऊ)।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को निगोहां क्षेत्र के मीरखनगर गांव में माता जी की भव्य झांकी बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। झांकी दुर्गा माता मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर करनपुर, रामपुर, बिशुनपुर सहित दर्जनभर गांवों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान भक्तों ने माता रानी के भजनों और कीर्तन के साथ उत्साहपूर्वक भागीदारी की। पूरे मार्ग में श्जय माता दीश के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।आयोजक अशोक मिश्रा ने बताया कि मीरखनगर स्थित दुर्गा माता मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय माँ दुर्गा मेला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को झांकी निकाली गई, जबकि रविवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मनमोह लेंगे झांकी को देखने और माता रानी का आशीर्वाद लेने के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा और जगह–जगह सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए जवानों को लगाया गया। प्रशासन और आयोजन समिति की सतर्कता से पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और श्रद्धामय माहौल में संपन्न हुआ। गांववासियों ने बताया कि इस वार्षिक आयोजन का लोग पूरे वर्ष इंतजार करते हैं। रविवार को होने वाले विशाल मेला और भंडारे के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार




**मोहनलालगंज (लखनऊ)।** महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहनलालगंज पुलिस ने चार संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की यह कार्रवाई शनिवार को क्षेत्र में गश्त के दौरान की गई।जानकारी के अनुसार एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक डी.के.सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम शनिवार को नियमित गश्त भ्रमण पर निकली थी।गश्त के दौरान टीम जब सेंट पीटर्स स्कूल, फुलवरिया के पास पहुँची, तो चार युवक संदिग्ध स्थिति में स्कूल के आसपास मंडराते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर युवक भागने लगे। मिशन शक्ति टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में युवक कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके और पुनः भागने का प्रयास किया। ततपश्चात चारों को मौके पर ही गिरफ्तार कर थाने लाया गया। गिरफ्तार किए गए युवक अभिषेक, शिवा राजपूत, राम किशन,अर्पित है। थाना प्रभारी डीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहनलालगंज क्षेत्र में महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे संदिग्ध तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पकड़े गए बाइक चोर, आठ गाड़ियां बरामद



**काकोरी।** काकोरी इलाके में मुखबिर सूचना के आधार पर बडागांव अंडरपास के पास पुलिस टीम ने तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर शनिवार भोर सुबह चार बजे आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक पकड़े गए आरोपी काकोरी के चकपरेवा गांव निवासी राहुल कुमार (26) कलियाखेड़ा निवासी अमन यादव (19) और उन्नाव के असोहा मकदुमखेड़ा असवत निवासी अनुज कुमार अमित यादव (27) तीनों आरोपी अलग-अलग जगहों से चोरी की गई बाइको को ऑनलाइन बेचने की फिराक में थे जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चोरी की बाइको के रजिस्ट्रेशन पर मालिक के नाम के आधार कार्ड में अपने फोटो एडिट कर खरीदारों को ठगने की योजना बनाई थी। इसके अलावा उनके खिलाफ कई अन्य थानों में भी गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर नहर के पास छुपाई गई आठ बाइक,दस फर्जी आधार कार्ड और दो मोबाइल फोन को बरामद किया। सभी बाइको जब्त कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### मौसम खराब विमानों की लखनऊ में आपात लैंडिंग

**लखनऊ।** वाराणसी मे शुक्रवार को देर रात खराब मौसम के चलते विमान सेवाएं प्रभावित हुई। घने बादल और कम दृश्यता के कारण वाराणसी एयर पोर्ट पर विमानों की सुरक्षित लैंडिंग संभव नहीं हो सकी। परिणामस्वरुप इंडिगो की दो उडानो को आपात स्थिति मे लखनऊ के सरोजनी नगर स्थिति चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयर पोर्ट पर डायवर्ट किया गया। जिसमे पहली उड़ान इंडिगो 6 ई 6805 जो अहमदाबाद से वाराणसी के लिए रवाना हुई थी। जिसमे 148 यात्री और छह चालक दल के सदस्य सवार थे। निर्धारित समय पर वह वाराणसी पहुँचने वाली थी। लेकिन मौसम खराब के चलते इसे रात लगभग 8.53 बजे लखनऊ एयर पोर्ट पर सुरक्षित उतरना पड़ा। इसके तुरंत बाद दूसरी उड़ान इंडिगो 6 ई 2235 जिसमे 186 यात्री और 6 चालक दल के सदस्य सवार थे। को भी दिल्ली से वाराणसी के रास्ते मे डायवर्ट करना पड़ा। यह विमान रात 9.10 बजे लखनऊ एयर पोर्ट पर उतरा। दोनों विमानों के यात्री और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित है। यात्रियों को एयरपोर्ट पर आवश्यक सुविधाये उपलब्ध कराई जा रही है और स्थिति सामान्य है। वही अचानक उत्पन्न हुई इन स्थितियों के चलते यात्रियों मे ऊहापोह और असमंजस की स्थिति बन गई। विशेषज्ञयो के अनुसार मानसून के अंतिम चरण मे वाराणसी समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों मे मौसम अस्थिर बना हुआ है।

## एक नजर

### बाबे के स्कूल में साइकिल रेस का हुआ आयोजन



**चपरतला खीरी।** टोल प्लाजा मैगलगंज की तरफ से बाबे के पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित की गई साइकिल रेस प्रतियोगिता। प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत। NH 30 पर स्थापित मैगलगंज टोल का संचालन कर रही संस्था स्काईलार्क के द्वारा शनिवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्कूल के बच्चों के साथ साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें नवजोत प्रथम, हरिओम द्वितीय और विकास तृतीय स्थान पर रहे। जिनको मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्काईलार्क कंपनी के मैनेजर अवधेश तोमर, स्कूल के कोषाध्यक्ष गुरदेव सिंह, प्रिंसिपल आदर्श तिवारी, भाग सिंह, संदीप राठौर व अमित राठौर सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

### बाराबंकी में रामलीला का भव्य मंचन

**बाराबंकी।** दशहराबाग स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में शनिवार को सूर्पणखा के नाक-कान भंजन और खर-दूषण वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। रामचरितमानस की चौपाई के अनुरूप मंचित इस लीला में राम, सीता और लक्ष्मण के पंचवटी निवास का दृश्य जीवंत कर दर्शकों को मोह लिया। रावण की बहन सूर्पणखा द्वारा विवाह का प्रस्ताव रखने और राम द्वारा उसे लक्ष्मण के पास भेजने के क्रम में लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। कटी नाक लेकर क्रोधित सूर्पणखा अपने भाई खर-दूषण के पास जाती है। दोनों राक्षसों का राम से भयंकर युद्ध होता है, जिसमें प्रभु राम द्वारा दोनों का वध कर दिया जाता है। युद्ध समाप्त होने पर देवता पुष्पवर्षा करते हैं और दर्शकों में जय श्री राम के उद्घोष गूंज उठते हैं। लीला में खर-दूषण की भूमिका स्वर्णकार कार्तिक रस्तोगी और संदीप सिंह ने निभाई। मंचन रामचरितमानस के अनुसार लीला व्यास पंडित प्रमोद पाठक ने कराया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, रामलखन, शिवकुमार, राजेश गुप्ता, कृष्णा, राजेश मौर्य, राकेश वर्मा, अंकित राजा, काका, आर्यन तिवारी, सुधीर जैन, रमेश कुरील, विनय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अंकित गुप्ता गोलू समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

### जनहित कार्यों में गुणवत्ता और गति हो प्राथमिकता: सांसद तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार को दिशा समिति की बैठक में जिले के विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि विकास योजनाओं को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से लागू किया जाए, ताकि उनका लाभ समय पर अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि जिले के कई कारखानों में श्रमिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सहायक निदेशक कारखाना, लखनऊ से बात कर फैक्ट्रियों की जांच कराई जाएगी। ग्राम प्रधानों को भुगतान में आ रही दिक्कतों और पशुधन विभाग की बछिया योजना को जमीन पर उतारने में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। सांसद ने एससी-एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति और वजीफा में हो रही गड़बड़ियों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोस्ता लाइसेंस को लेकर भी कई समस्याएं हैं, जिन्हें हल करने के लिए नारकोटिक्स अधिकारी अगली बैठक में शामिल हों। उन्होंने जिले की सी माइनर नहरों की सफाई और पटरियों की मरम्मत जल्द पूरी करने को कहा। सांसद ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी विभाग जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं और अगली बैठक में सभी अधिकारी और थाना-चौकियों के प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने दोहराया कि जनहित से जुड़े कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# तस्करी पर शिकंजा - वन विभाग की टीम ने पकड़ा लकड़ी से भरा ट्रक

विश्ववार्ता संवाददाता

**निघासन खीरी।** खैर की अवैध कटान और तस्करी पर शिकंजा कसते हुए वन विभाग की टीम ने शनिवार सुबह निघासन-पलिया स्टेट हाईवे पर बड़ी कार्रवाई की। दक्षिण निघासन वन रेंज की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर खैर की लकड़ी से लदे 14 टायरा ट्रक को पकड़ लिया। मौके से चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया गया है। रेंजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि तड़के बौधिया गांव की तरफ से आ रहे ट्रक को बौधिया क्रेशर के पास रोका गया। जांच के दौरान ट्रक (संख्या UP31T9174) के अंदर खैर की लकड़ी का भारी जखीरा भरा मिला।



प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लकड़ी की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।वन विभाग की टीम ने मौके से चालक शाकिर पुत्र जाकिर, निवासी अतरिया, और परिचालक सचिन पुत्र राम लोटन, निवासी पंडितपुरवा हरगांव, जनपद सीतापुर को पकड़ लिया। दोनों से तस्करी के नेटवर्क और सप्लाई चैन को लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार खैर की अवैध कटान लंबे समय से सीमावर्ती इलाकों में चिंता का विषय बनी हुई है। तस्कर जंगलों से लकड़ी काटकर ट्रकों में भरकर पड़ोसी जिलों व अन्य राज्यों तक सप्लाई करते हैं। विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है, लेकिन खैर माफिया नए-नए तरीके अपनाकर बच निकलने की कोशिश करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इस तरह की सख्ती से खैर की अवैध कटान पर रोक लगेगी। वहीं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जंगल की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए खैर माफिया के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

> जब्त लकड़ी और ट्रक को रेंज कार्यालय में सीज कर दिया गया है। हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर तस्करी में शामिल अन्य लोगों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।
> **गजेंद्र सिंह**, रेंजर

## टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले



विश्ववार्ता संवाददाता

**सूरतगंज, बाराबंकी।** शनिवार को फतेहपुर स्थित साईं ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के उप प्रबंधक विक्रांत राठौर ने किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टैबलेट (मिनी कंप्यूटर) कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। इसके माध्यम से जीपीएस और जीआईएस तकनीक से खेत की मिट्टी की उर्वरता, नमी, तापमान आदि का विश्लेषण किया जा सकता है। इससे उचित मात्रा में खाद, पानी और दवाई का उपयोग संभव होगा।

विक्रांत राठौर ने बताया कि टैबलेट डेटा एनालिसिस, सिमुलेशन, मॉडलिंग और नई किस्मों की पहचान में भी सक्षम है। छात्रों ने प्रतिज्ञा की कि वे टैबलेट और मोबाइल फोन का उपयोग करके कृषि कार्यों की नई जानकारियाँ इकट्ठा करेंगे और उसे लैब टू लैंड कार्यक्रम के अनुसार प्रयोग में लाएंगे। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार शुक्ला, अनुशासन प्रमुख उदय प्रताप सिंह, डॉ. अखिलेश प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, वेद प्रताप सिंह, वीके सिंह, निधि यादव, सत्यपाल यादव, नरेंद्र यादव, सतेंद्र राही, आदर्श, धीरज अवस्थी सहित अन्य प्रवक्ता उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म प्रयास का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में गोली

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** देवा थाना क्षेत्र में घर में घुसकर लड़की से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला शातिर बदमाश शुक्रवार रात पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर झोंका। जवाबी कार्रवाई में चली पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक 26 सितंबर की रात देवा थाना पुलिस गश्त और चेकिंग कर रही थी।

इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म प्रयास के मुकदमे में वांछित शमशाद फरार होने की फिराक में है। पुलिस टीम बैसखा से बड़ा ताल मार्ग पर पहुंची, जहां संदिग्ध को रुकने का इशारा किया गया। वह भागने लगा और गिरफ्तारी



रोकने के लिए फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिससे आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से .315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा और 350 रुपये बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी ने 25 सितंबर को घर में घुसकर लड़की से दुष्कर्म का प्रयास किया था और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

## पॉक्सो आरोपी रिजवान अली गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

» नवागत कोतवाल के चार्ज के कुछ घंटे बाद लखीमपुर खीरी में मुठभेड़

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में नवागत शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह के कार्यभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद एक मुठभेड़ हुई। इस दौरान पॉक्सो एक्ट सहित कई मामलों में वांछित आरोपी रिजवान अली को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में रिजवान के पैर में गोली लगी। रिजवान अली पुत्र मोहर्रम अली, निवासी ग्राम सेहरुआ, पर पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। वह हाल ही में जिला अस्पताल मोतीपुर से पुलिस हिरासत से फरार हो गया था।



पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी रिजवान अपने घर के आसपास देखा जा सकता है। इसके बाद एसएचओ कोतवाली नगर राजेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी रामापुर एसआई दिनेश कुमार, स्वाट टीम प्रभारी एसआई जयप्रकाश यादव और अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने की रणनीति बनाई। पुलिस ने आत्मरक्षा में तत्काल जवाबी फायरिंग की, जिससे रिजवान के पैर में गोली लगी और वह मौके पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 689/25 धारा 262 बी एन एस और मु0अ0सं0 790/25 धारा 75 (2)/351(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, रिजवान एक शातिर अपराधी है जो कई मामलों में वांछित था। देर रात सेहरुआ इलाके में जुलाहनपुरवा चौराहे के पास छोटी मजार के पास पुलिस टीम ने रिजवान को घेर लिया। पुलिस को देखकर रिजवान ने गाली-गलौज शुरू कर दी और तमंचा तानकर गोली चला दी। गोली एसएचओ राजेश कुमार सिंह को छूकर निकल गई।

## मिशन शक्ति के तहत छात्रा बनी एक दिन के लिए झंडी चौकी इंचार्ज

विश्ववार्ता संवाददाता



**निघासन खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र के झंडी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने एक दिन के लिया कक्षा 8 की छात्रा को बनाया चौकी इंचार्ज। मिशन शक्ति के तहत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपेड़ी की कक्षा 8 की छात्रा संध्या को एक दिन का झंडी चौकी इंचार्ज बनाया गया। चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने संध्या को काम काज का तरीका बताया। वहीं एक दिन की झंडी चौकी इंचार्ज संध्या ने लोगों की शिकायतें सुनीं। संध्या ने फरियादियों की समस्याओं को भी सुना।

झंडी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने संध्या को काम काज का तरीका बताया। चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तीकरण करना है। जिसके तहत जिले की मेधावी छात्राओं को बुलाकर विभिन्न पदों पर आसीन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जो अभी हमारी नई युवा पीढ़ी है और स्कूली शिक्षा में अध्ययनरत है। उन्हें इसके माध्यम से प्रेरणा मिल सके तथा शासन-प्रशासन के उच्च पदों पर जाने के लिए उनका मनोबल बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा। लोगो में जो लड़का और लड़की के बीच असमानता की भावना है। उसे समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा और यह बताना होगा कि बेटिया भी बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। उन्हें बिना भेदभाव के शिक्षित कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस दौरान झंडी चौकी स्टाफ की और से कॉन्स्टेबल हरीश चंद्र, सुरेन्द्र दुबे, राहुल कुमार व आलोक कुमार मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों को बताएं सुरक्षा संबंधी टिप्स



विश्ववार्ता संवाददाता

**चपरतला खीरी।** मिशन शक्ति फेज 5 के नारी सुरक्षा नारी सम्मान की कड़ी में आज मैगलगंज कस्बे के रेलवे स्टेशन पर यात्री जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर थाना प्रभारी मैगलगंज रविंद्र पांडे व मिशन शक्ति प्रभारी टीम द्वारा रेलवे स्टेशन व शाहजहांपुर सीतापुर पैसेंजर ट्रेन में रेलवे सुरक्षा बल के साथ महिला यात्रियों को जागरूक किया और महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, और साइबर अपराध 1930 के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उक्त जानकारी से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडे, उप निरीक्षक राजपाल, हेड कांस्टेबल असलम तथा महिला कांस्टेबल हीना, ज्योति, सोनी और आकांक्षा मौजूद रही।

### महिला पुलिस टीम ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सीओ गरिमा पंत के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर पैदल गस्त और वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को रोककर चेतावनी दी गई। सीओ गरिमा पंत ने कहा कि हेलमेट जीवन रक्षक है और सड़क हादसों में सिर पर चोट से होने वाली मौतों को रोकने में मदद करता है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और लापरवाही न करने की अपील की। अभियान में अतिरिक्त निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव, महिला सिपाही नेहा, संजू वर्मा, रिचा मिश्रा, आकांक्षा यादव और शैल वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। टीम ने चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया।

## नवरात्रि में भक्तिमय हुआ निंदूरा, 55 गांवों में गूंजे जयकारे



» भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण, श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम

» माता के दरबार में उमड़ा जनसैलाब, सुबह-शाम हो रही विधिवत आरती

विश्ववार्ता संवाददाता

**निंदूरा (बाराबंकी)।** शारदीय नवरात्रि पर निंदूरा विकासखंड का हर गांव मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर है। थाना कुर्सी क्षेत्र के 23, थाना बड्डूपुर के 22 और थाना घुंघटेर के 10 गांवों में श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमाएं स्थापित कर भक्ति का पर्व शुरू कर दिया है। सुबह-शाम नियमित पूजा-अर्चना और रात्रि में होने वाले भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। ढोल-नगाड़ों की थाप और "जय माता दी" के जयकारों से गांव-गांव गूंज रहा है। परिवारजन और ग्रामीण माता के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना कर रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और युवा पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर भक्ति में डूबे हुए हैं। हर ओर आस्था और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

### जय माता दी के जयकारों के बीच कलश ज्योति यात्रा निकली

**बाराबंकी।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर मसौली कस्बा बांसा स्थित भवानी नीम से शनिवार को माँ दुर्गा की अखंड ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे रंग, गुलाल और जय माता दी के उदघोष के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा भवानी नीम से मौर्या मोहल्ला, उत्तर मोहल्ला, पूर्व मोहल्ला होते हुए पूर्व से निर्धारित मार्ग से गुजरते हुए देर शाम दुर्गा मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान अध्यक्ष राहुल यादव, हुकुम यादव, सचिन मौर्या, अनिल कुमार वर्मा, नितिन मौर्या, रोहित मौर्या, विशाल वर्मा, रोहित सिंह और ब्रजराज सिंह सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

### नारी सबला का प्रतीक है : दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका मुद्रा

**बाराबंकी।** वैदिक युग से लेकर आज के आधुनिक भारत तक महिला समाज हर क्षेत्र में अग्रणी रही है। यह विचार दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका मुद्रा ने हरख ब्लॉक के ग्राम पड़रा स्थित दुर्गा माता मंदिर में आयोजित दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुद्रा ने कहा कि नारी अबला नहीं, सबला है और इसके असंख्य उदाहरण इतिहास में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि देशभर के 42 प्रांतों में 90 हजार से अधिक संयोजिकाएं सेवा, सुरक्षा और संस्कार के भाव से शक्ति केंद्र, बाल संस्कार केंद्र व साप्ताहिक मिलन का संचालन कर रही हैं। दुर्गा वाहिनी की बहनें सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम से पूर्व हरख क्षेत्र के ग्राम झलिहा में अशोक सिंघल के अवतरण दिवस पर दुर्गा वाहिनी ने सिलाई-कढ़ाई केंद्र का शुभारंभ किया। प्रांत संयोजिका मुद्रा व विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा ने कहा कि इस केंद्र से महिलाओं में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा।

### जिलाधिकारी ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए निर्देश

## स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता व गति लाए : डीएम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और गति देने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में सक्रिय किया जाए और स्वास्थ्य संकेतकों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सेवाओं का असर अंतिम छोर तक पहुंच सके।



बैठक का संचालन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फीडिंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। सभी एमओआईसी सुनिश्चित कराए कि सभी चिकित्सालियों से संस्थागत प्रसव की रिपोर्टिंग प्रॉपर हो। सभी आशा संगिनियों का नियमित, समयबद्ध भुगतान हो इसे सुनिश्चित कराए। साथ ही डीएम ने निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर डेटा अपडेट रहें, ऑपरेटरों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए और एमओआईसी संस्थागत प्रसव की रिपोर्टिंग ठीक से करें। आशा-संगिनियों का नियमित भुगतान भी समयबद्ध हो।

डीएम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच और अन्य पोर्टल पर समयबद्ध डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और सुधार के निर्देश दिए। साथ ही ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, नेशनल दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, कुष्ठ व क्षय उन्मूलन, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, ई-संजीवनी, संचारी व वेक्टर जनित रोग नियंत्रण और कवच एप्लीकेशन आधारित परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सीएमएस डॉ आरके कोली, डॉ अमित कुमार गुप्ता, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ सहित डीपीएम अनिल यादव, डीपीओ भारत प्रसाद, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ मौजूद रहे।

**मिशन शक्ति** — करियर से लेकर जिंदगी के संघर्ष तक खुलकर बोलीं प्रशिक्षु आईएएस

## सपनों को पंख दो, हार का नाम तक मत लो : आईएएस

विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार का दिन लखीमपुर खीरी की छात्राओं के लिए यादगार बन गया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट और जोश से गूंज उठा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित "टॉक शो विथ आइडियल" में प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने अपने संघर्षों और सफलता के किस्से सुनाकर न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि छात्राओं को बड़ा सपना देखने का हौसला भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने जीजीआईसी प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे व उपप्रधानाचार्य डॉ. सीमा मिश्रा के साथ दीप जलाया। पूरे सभागार में भक्ति, उत्साह और उत्सुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।मनीषा धार्वे ने छात्राओं को जीवन का मंत्र देते हुए कहा कि कंप्यूटर तकनीक आज की सबसे बड़ी ताकत है। हर लड़की को इसका ज्ञान होना चाहिए और इसका प्रयोग सकारात्मक दिशा में करना चाहिए। जिंदगी में कभी समझौता मत करो और हार मानने का तो सवाल ही नहीं उठता।



### करियर और चुनौतियों पर खुला संवाद

छात्राओं ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं और निजी जीवन की चुनौतियों पर बेबाक सवाल पूछे। मनीषा ने हर प्रश्न को धैर्य और मुस्कान के साथ सुना और विस्तृत जवाब दिए तैयारी की रणनीति से लेकर असफलताओं को अवसर में बदलने तक। उनका सहज और स्पष्ट अंदाज छात्राओं के दिलों को छू गया।

### बेटियों में भरा आत्मविश्वास

पूरे टॉक शो के दौरान छात्राओं की आंखों में चमक और दिलों में उत्साह झलक रहा था। हर जवाब के बाद सभागार तालियों से गूंज उठता। कई छात्राओं ने कहा कि मनीषा धार्वे की बातें उनके भीतर नए सपनों की लौ जलाकर गई हैं।

## मकान का बीम गिरने से तीन लोग हुए चोटिल

विश्ववार्ता संवाददाता

**निघासन खीरी।** जनपद लखीमपुर में आधी रात को अचानक मकान का बीम गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें सावित्री देवी को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी निघासन में भर्ती कराया गया। क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंच कर स्थित का जायजा लिया। मझगईं थाना क्षेत्र के गंगाबेहड़ के मजरा रामपुर में सोमवार आधी रात एक बड़ा हादसा टल गया। उत्तम कुमार मौर्य के मकान में अचानक बरामदे का लेंटर ढह जाने से सो रहे लोगों पर मलबा गिर गया।



हादसा रात लगभग पौने दो बजे हुआ। धड़ाम की तेज आवाज से आसपास के लोग जाग गए और तुरंत राहत कार्य में जुट गए। बरामदे में चारपाई पर सो रहीं मिश्रीलाल की लड़की सावित्री देवी के ऊपर बीम गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके अलावा दूसरी तरफ सो रहे अनूप कुमार सहित कुल आधा दर्जन लोग चोटिल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल सावित्री देवी व अनूप कुमार को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी निघासन भेजा गया। घर के अंदर सो रहे अन्य परिजन पार्वती देवी, तीरथ राम, जयंती देवी, हीरा देवी, सोनू, मोनू, रामलली, नीरज, शिवनी, धीरज, विमल, दीपचंद, पंकज और सिमरन भी हादसे के दौरान मौजूद थे, लेकिन बाल-बाल बच गए। बीम गिरने से मकान का एक हिस्सा लटक गया, मगर पूरा ढांचा के नही गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई।

हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक राठौर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। गांव वालों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार के पुनर्वास और सहायता की मांग की है।

### आई लव मोहम्मद' पोस्टर पर बवाल, पुलिस ने 10 गिरफ्तार किए

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद थानाक्षेत्र के फजुल्लागंज में शुक्रवार शाम 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर को लेकर तनाव पैदा हो गया। कुछ लोगों ने जुलूस निकालकर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी। पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला और सुरक्षा बलों के साथ इलाके में तैनाती बढ़ा दी। सीओ और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया। भीड़ को शांत करने के लिए कई चेतावनी दी गई, लेकिन विरोध जारी रहा। इसके बाद पुलिस ने सघन छापेमारी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिलाधिकारी ने सभी थानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। नगर पुलिस ने अतिरिक्त पेट्रोलिंग और चौकियों के माध्यम से शांति बनाए रखने के प्रयास तेज कर दिए हैं।


## संपादकीय

# जयंती नहीं, स्वर-उत्सव

जिस तरह राग दरबारी की तान मन को गहन शांति और आलौकिक अनुभूति में डुबो देती है, उसी तरह लता मंगेशकर का नाम लेते ही हर भारतीय का हृदय श्रद्धा, प्रेम और गर्व की लहरों से झंकृत हो उठता है। 28 सितंबर 1929 को इंदौर के एक साधारण मराठी परिवार में जन्मी लता जी केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारतीय संगीत की वह धरोहर थीं, जिन्होंने अपने स्वर से युगों को जोड़ा। उनकी आवाज़ एक जादुई तार थी, जो हर भावना—प्रेम, विरह, भक्ति, और देशप्रेम को आत्मा की गहराइयों तक पहुँचाती थी। लता जी का जन्म न केवल एक तारीख था, बल्कि भारतीय संस्कृति में एक स्वर्णिम युग का प्रारंभ था, जिसने संगीत को आत्मा का दर्पण बना दिया। "स्वर कोकिला" का खिताब उनके लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उनकी आवाज़ की पवित्रता और गहराई का साक्षात्कार था। उनका मूल नाम हेमा था, पर उनके पिता, शास्त्रीय संगीतज्ञ और रंगमंच के दिग्गज पंडित दीनानाथ मंगेशकर ने उन्हें "लता" नाम दिया। घर में संगीत का ऐसा माहौल था कि मानो हर दीवार से रागिनी और हर हवा में ताल गूंजता था। पाँच वर्ष की उम्र से ही लता जी ने पिता के नाटकों में अभिनय शुरू किया, और संगीत उनकी साँसों का हिस्सा बन गया। लेकिन 1942 में, जब वह मात्र 13 वर्ष की थीं, उनके पिता का असामयिक निधन ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक संकट में डाल दिया। इस नन्ही उम्र में लता जी ने अपने कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी उठाई और अपनी आवाज़ को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। यही दृढ़ता और संकल्प उनकी आवाज़ में वह करुणा और तीव्रता लाया, जो हर गीत को अमर कर गया। 1942 में मराठी फिल्म "किटी हसाल" के लिए उनका पहला गीत (नाचू या गड़े, खेलो सारी मणि हौस भारी) रिकॉर्ड हुआ, लेकिन हिंदी सिनेमा में उनकी राह आसान नहीं थी। उस दौर में नूरजहाँ और शमशाद बेगम जैसी दमदार आवाज़ों का बोलबाला था, और लता जी की कोमल, मधुर आवाज़ को कई निर्माताओं ने "पतली" कहकर ठुकरा दिया। लेकिन लता जी का आत्मविश्वास और अथक परिश्रम ने संगीत की दुनिया को उनकी प्रतिभा का कायल बना दिया। 1949 में फिल्म "महल" का गीत "आएगा आनेवाला" उनकी पहली बड़ी कामयाबी थी, जिसने न केवल उन्हें रातोंरात सितारा बनाया, बल्कि हिंदी सिनेमा में पार्श्वगायन की नींव को नए सिरे से गढ़ा। यह गीत लता जी की आवाज़ का वह जादू था, जो समय और सीमाओं को लाँघकर आज भी हर दिल में गूंजता है। लता मंगेशकर की आवाज़ एक ऐसी नदी थी, जो हर भाव की गहराई को छूकर श्रोता के हृदय तक बहती थी। उनकी बहुमुखी प्रतिभा का जादू इस बात में था कि वह हर राग, हर भाव को अपनी आवाज़ में इस तरह पिरोती थीं। चाहे प्रेम की मधुर लय हो, जैसे "लग जा गले" में छलकती कोमलता, या "तेरे बिना ज़िंदगी से" में बसी नाजुक शिकायत; विरह की करुणा हो, जैसे "आजा रे परदेसी" की पुकार; भक्ति की पवित्रता हो, जैसे "ज्योति कलश छलके" या "ओ पालनहारे" का आलोक; या फिर राष्ट्रप्रेम की हुंकार, जैसे "ए मेरे वतन के लोगों" की गूंज—लता जी की आवाज़ हर गीत को एक अविस्मरणीय अनुभव बना देती थी। 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद गाया गया "ए मेरे वतन के लोगों" केवल एक गीत नहीं था, बल्कि देश की एकता और बलिदान की भावना का प्रतीक था। इस गीत ने न केवल जवाहरलाल नेहरू की आँखें नम कीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित कर दी। लता जी की महानता केवल उनकी आवाज़ तक सीमित नहीं थी; उनकी सादगी, अनुशासन और विनम्रता ने उन्हें एक युगपुरुष बनाया। वह समय की पाबंदी की जीवंत मिसाल थीं—रिकॉर्डिंग स्टूडियो में हमेशा समय से पहले पहुँचने वाली लता जी हर गीत को तपस्या की तरह गाती थीं। नौशाद, मदन मोहन, शंकर-जयकिशन, और आर.डी. बर्मन जैसे संगीतकारों के साथ उनका रिश्ता केवल पेशेवर नहीं, बल्कि हृदय से हृदय का बंधन था। वह गीत के बोल और भाव को पहले आत्मसात करती थीं, फिर अपनी आवाज़ से उसे अमर कर देती थीं। यही कारण है कि उनके गीत समय की सीमाओं को लाँघकर आज भी उतने ही जीवंत और प्रासंगिक हैं।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी



हृदयनारायण दीक्षित

उत्तर प्रदेश सरकार ने नाम के साथ जाति लिखने का नियम बदल दिया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार जारी किया गया है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि पुलिस रिकार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के नाम के साथ जाति के उल्लेख पर रोक लगाई जाए। देश के सभी राज्यों में जातिवाद चल रहा है। जाति जन्मना है। धर्म, मत, मजहब छोड़े जा सकते हैं। लेकिन जाति नहीं। राजनीति में जाति ही मुख्य कारक है। दल संगठन अपने उम्मीदवार उतारते समय जाति के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं। संगठन के पदाधिकारियों की सूची बनाते समय भी जाति का प्रभाव रहता है।

# क्या जाति अजर और अमर है

भारतीय समाज में जाति है। जाति आधारित मान, अपमान और विशेष अवसर भी हैं। हमारे पूर्वज जातिगत भेदभाव को समाप्त करना चाहते थे। गांधी, डॉ0 अम्बेडकर, डॉ0 हेडगेवार, डॉ0 लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। एक सुंदर जातिविहीन समाज भारत का स्वप्न आदर्श था। डॉक्टर लोहिया ने जाति तोड़ो का नारा दिया था। अन्य दल संगठन भी जातियों के विरोध में मैदान में रहे। अनेक संगठन जाति के खात्मे पर संघर्षरत रहे हैं। लेकिन कोई मुहिम सफल नहीं हुई। जाति कितनी खत्म हुई, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जातिवाद से लड़ते जाति तत्वों का स्वरूप जातिवादी बनता गया। जाति के विरोधी ईमानदार तत्व भी जानते हैं कि जाति की चर्चा से जातिवाद बढ़ता है। तो क्या जाति अजर और अमर है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नाम के साथ जाति लिखने का नियम बदल दिया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार जारी किया गया है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि पुलिस रिकार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के नाम के साथ जाति के उल्लेख पर रोक लगाई जाए। देश के सभी राज्यों में जातिवाद चल रहा है। जाति जन्मना है। धर्म, मत, मजहब छोड़े जा सकते हैं। लेकिन जाति नहीं। राजनीति में जाति ही मुख्य कारक है। दल संगठन अपने उम्मीदवार उतारते समय जाति के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं। संगठन के पदाधिकारियों की सूची बनाते समय भी जाति का प्रभाव रहता है। गांव, कस्बों के बाजारों में, चाय आदि की दुकानों में भी जाति तत्व दिखता है। लोग अपनी जाति के दुकानदार से उपभोक्ता सामान लेने में सुविधा अनुभव करते हैं। समाज की नस-नस में जातिवाद है। लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लम्बे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ0 अम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में "जातियों की उत्पत्ति और संरचना" पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था "प्रत्येक समाज में भिन्न भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। ऋग्वेद में वर्ण नहीं हैं। उत्तरवैदिककाल में वर्ण शब्द का प्रयोग वर्ग के अर्थ में हुआ है। एक वर्ग का दूसरे वर्ग में जाना संभव था। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ0 अम्बेडकर ने कहा कि, "किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।" वे कहते हैं "जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूँ। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?" प्रश्न उचित है। ऋग्वेद के रचनाकाल में जाति वर्ण के विभाजन नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। जाति का कोई व्यक्ति या संगठन जाति का जन्मदाता नहीं हो सकता। ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ0 अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, "जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।" सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था या तानाशाह भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकते। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी। लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम तप भी किये। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में "नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता" पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ0 अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था "जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।" सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरूद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गो के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते? भारत को जाति व्यवस्था का मलबा नहीं ढोना चाहिए। मैं अनुसूचित जाति के एक परिवार में मेहमान था। बात 1984 की है। 41 वर्ष पुरानी। मेरा परिचय अनुसूचित जाति के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से कराया गया, "ये दीक्षित जी हैं, लेकिन ब्राह्मण होने के बावजूद अच्छे आदमी हैं।" जातिवादी दिमाग में ऐसी ही खुराफाती बातें चलती हैं। जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेदविहीन समाज बनाना होगा। "सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय" भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनैतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गो के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है। दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बाते कही जाती हैं लेकिन जन जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जाति मुक्त चिन्ता के साथ आर्थिक आधार पर समूहों का व्यथा चिन्तन होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरूओं को भी करना चाहिए।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# क्यों आपके किशोरों की दुनिया आप जैसी नहीं दिखती



महक अग्रवाल

हर पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ बड़ी होती है। आज के भारतीय किशोरों की परिवर्तन की गति पहले कभी नहीं देखी गई। जहाँ पहले की पीढ़ियाँ बॉलीवुड सितारों, क्रिकेट आइकनों या मोहल्ले के दोस्तों की मदद से अपनी पहचान बनाती थीं, वहीं जनरेशन Z और नई जनरेशन अल्फा वैश्विक इंटरनेट संस्कृति की ओर रुख कर रही है, जो स्थानीय प्रभावों के साथ सहजता से घुलमिल जाती है। इंस्टाग्राम रील्स से लेकर क्षेत्रीय संगीत धुनों तक, स्ट्रीटवियर ब्रांड्स से लेकर के-पॉप फैनडम्स तक – उनकी पहचान वैश्विक और गहराई से भारतीय स्रोतों से बुनी हुई है। फैशन सबसे स्पष्ट कहानी कहता है। 1990 के दशक में कपड़ों का सपना अक्सर सिनेमा से आता था – शाहरुख़ खान की लेदर जैकेट्स या काजोल की शिफ़ॉन साड़ियाँ। आज के युवाओं का प्रयोग थ्रिफ्टेड कुर्तियों, स्नीकर्स, डिज़ाइनर स्ट्रीटवियर और Y2K-प्रेरित फैशन के पुनरुत्थान में दिखता है। दिल्ली जैसे शहरों से लेकर टियर-2 कॉलेज कैंपस तक यही दृश्य है। यह उलझन नहीं बल्कि आत्मविश्वास है – एक पीढ़ी जो पूरब और पश्चिम, पुराना और नया – दोनों को मिलाकर यह परिभाषित कर रही है कि व्यक्तिगतता और स्टाइल का असल मतलब क्या है।

संगीत भी इसी तरह का रूपांतरण दिखाता है। जहाँ पहले कैसेट और रेडियो सिर्फ़ फ़िल्मी गाने या शास्त्रीय परंपराएँ बजाते थे, अब प्लेलिस्ट में पंजाबी रैप, लो-फाई बीट्स, तमिल इंडी रॉक और कोरियन पॉप साथ-साथ बहते हैं। ये विविध रुचियाँ संयोग नहीं हैं। ये युवाओं के लिए नए दरवाज़े खोलते हैं जहाँ वे पहचान, अपनापन और आत्म-अभिव्यक्ति की खोज करते हैं। कोई किशोर हिप-हॉप की आक्रामकता में आत्मविश्वास पाता है, तो कोई इंडी बैलेड्स की कवितामय गहराई में सुकून खोजता है। माता-पिता को यह तेज़ी अक्सर उलझनभरी या भारी लगती है। बदलते हुए



सौंदर्यशास्त्र और रुचियाँ पुराने समय की धीमी सांस्कृतिक लय की तुलना में बेतरतीब सी लग सकती हैं। लेकिन सतह के नीचे कुछ बहुत जाना-पहचाना है – अर्थ की खोज, अपनापन पाने की इच्छा और समझे जाने की ज़रूरत। जो बदला है वह है मंच। पहले जहाँ यह प्रयोग कक्षा या कॉलोनी तक सीमित रहते थे, अब बच्चे इन्हें डिजिटल जगहों पर निभाते हैं जहाँ मान्यता, आलोचना और संवाद तुरंत होते हैं। माता-पिता के लिए काम यह नहीं है कि वे हर नए ट्रेंड को याद रखें या उसका पालन करें, बल्कि यह समझें कि उनके पीछे कौन-सी प्रेरणा है। रील्स, प्लेलिस्ट और बदलते वार्डरोब असल जीवन से कटे हुए नहीं बल्कि इस पीढ़ी की सोच के अभिव्यक्ति हैं। अगर इन परिवर्तनों को उपेक्षा की बजाय जिज्ञासा से अपनाया जाए, तो यह पीढ़ियों के बीच एक पुल बनाता है। माध्यम बदल गए हैं, लेकिन देखे जाने, स्वीकारे जाने और प्यार किए जाने की लालसा सदा एक जैसी रहती है।

## कविता



सुजाता

### प्रेम

कुछ देर ठहरती है पलकों पर बूँद
किसी क्षण में दुनिया की कई यात्राएं
भटकती हैं
और डूब जाते हैं कई जहाज़
किसी अदृश्य रहस्यमय त्रिकोण में
पर्वतों से बर्फ की कई जमी परते
उतनी देर में खिसकती है भीषणता से
धरती उकताई हुई किसी एक पल में
करवटें बदल लेती है जाने कितनी बार
कई ख़त लिख कर फाड़ दिए जाते हैं
असम्भव फैसले टलते हैं कुछ पल और
उतनी देर भर असंपृक्त हो जाती हूँ मैं
जैसे गहरे जल में गोता लगाते
बस बंद कर ले कोई नाक
फिर उबर आए
ऐसे मैं प्रेम में हूँ!
ऐसे मैं प्रेम में निस्संग!

# नहाने पर 5, धोने पर 18...



अनुराग अवस्थी

## हास्य व्यंग

बाबा कहा करते थे, प्रात नहाए तात के खाए ...। हम लोगों को यह भी पढ़ाया गया कि,अर्ली टू बेड एंड अर्ली टू राइज.... । उधर अटल जी ने कहा अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा।बस नई पीढ़ी ने मतलब कि बातें ढूंढ ली। उसके डेली रूटीन में नहाने का कांसेप्ट ही नहीं रहा । नए पढ़ाकू 3 /4 बजे सुबह तक पढ़ते और दोपहर 10/11 पर सो के उठते हैं। बिना नहाए,सीधे पास्ता का नाश्ता। अब रही बात कपड़े धोने की तो , वो हल्के सूती कपड़े के बजाय जींस धारण करती है, जिसको दो महीने तक बगैर धोए पहना जा सकता है।जब में ल वि वि में पड़ता , चन्द्र शेखर आजाद हॉस्टल में रहता था तो कुछ साथी एम आर भी थे । वे देर रात तक, थकान मिटाने वाला टॉनिक ले देश की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में योगदान देकर सुबह 9 साढ़े 9 के बीच उठते थे।फिर सीधे वॉशरूम जा, रात में लिए गए भोज्य से तैयार निष्प्रयोज्य पदार्थ को बाहर कर वजन हल्का कर,दाढ़ी बना सीधे कपड़े टाई और स्प्रे मार महकने लगते थे। जब कानपुर आया और किराए का घर ढूंढने लगा, तो एक आंटी ने ज्ञान चक्षु खोल दिए,बोली हम तो पढ़ने वाले लड़कों को देते हैं वो न नहाते हैं न कपड़े धोते, एक एक हफ्ते तक। फैमिली वाला दिन में दो बार पानी का मोटर चलवाता है। बुजुर्ग बताते हैं नहाने से ताजगी आती है। ताजगी आने से ज्यादा ताजा फ्रेस दिखना जरूरी है,और उसके लिए फेसबुक है तो। आप कहते रहिए बिनु सत्संग विवेक न होई...। खोलो मोबाइल एप पर जाओ आपकी फोटो के साथ बढ़िया कोट आपको ज्ञानी बना देगा। अब इसके लिए किताबें पढ़कर समय खोटा नहीं करना । करना है तो इंस्टाग्राम,फेसबुक,यू ट्यूब,पर दूसरों की रील देख नकल करने में। सुबह गुड मॉर्निंग के मेसेज की भीड़ देख लोग चने के झाड़ पर चढ़ जाते हैं, मेरी कितनी चिंता और चाह है। कौन बताए, सब एप और ग्रुप बना दूसरे को भेज रहे है,कोई दूसरे का खोल कर देख नहीं रहा है। समझदार तो सुबह उठ सबसे पहले ,मोबाइल को रिफ्रेश कर गुड मॉर्निंग रूपी कूड़ा बाहर कर देते हैं। इसलिए नहाइये भले न नहाए धोए दिखये। पढ़िए भले न,पढ़े लिखे दिखये । खाइए भले कुछ भी, खाते पीते घर के दिखये । पीजिए भले रोज शाम ,पीने खाने वाली इमेज न बनने दीजिए। सोच जैसी हो बनी रहे , दिखनी अच्छी चाहिए। घटियापन के जिंदा पुतले हो लेकिन इमेज बढ़िया रहनी चाहिए। अपनी सरकार को संस्कृति और सम्यक परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाना होता है। इसलिए उसने भी कह दिया है ना कि, नहा लो जरूर कपड़े भले न धो ।इसलिए नहाने के साबुन पर टैक्स 5 कपड़े धोने पर 18 प्रतिशत रखा है। समझे मूल बात इसलिए सफेद कपड़े अंदर कर दो , काले नीले पहनो । बनने दो नेताओं को सफेदपोश,उनके तो सौ खून माफ। बाकी चाहो तो स्वदेशी अपनाओ । अब ये मत करना कि घड़ी साबुन के बाहर एमपी से आए ट्रकों को देख तुम रेहुआ से कपड़े धोने लगो । हमारे बुजुर्ग तो उसी से धोते थे। बज जाएगा घड़ी का घंटा। हां ये जानो कि जिसे तुम रिन और व्हील समझ रहे हो वह हिंदुस्तान का लीवर नहीं ,विदेशी फीवर है। आज बस इतना बाकी कभी बाद में।

# लखनऊ की चिकनकारी



डॉ अनीता वर्मा

कलाओं की जब हम बात करते हैं, विशेषतः भारतीय कलाओं की तो ध्यान स्वयं ही उनकी विभिन्न विधाओं और अनुशासनों की ओर जाता है। कला के उन सभी पहलुओं पर जहाँ किसी न किसी प्रकार कला का अंश मात्र भी उपस्थित होता है, जैसे - स्थापत्य, संगीत, चित्रकला, रंगमंच, सिनेमा, लोककला, शिल्पकला तथा परिधान आदि। इन सब में विद्यमान मूल्यों एवं तत्त्वों के साथ भारतीय कला के सम्पूर्णता में दर्शन होते हैं। चूँकि सभी कलाएं एक दूसरे से अंतर्गुंफित हैं और सौंदर्यबोध के स्तर पर एक कला का सम्बन्ध दूसरी कला से स्वतः ही जुड़ा हुआ दिखता है इसलिए कलाओं का एक छोर पकड़ कर हम दूसरी के अन्तिम छोर तक की यात्रा कर सकते हैं या यूं कह सकते हैं कि एक कला दूसरी कला के बिना अधूरी है या कि समस्त कलाओं का आधार एक है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस कला को अपने नजदीक देखते हैं या देखना और उसमें रमना चाहते हैं। सभी का कलाओं को देखने, समझने और आस्वाद करने का कोण अलग हो सकता है परन्तु प्रत्येक कला का महत्त्व अपने-अपने स्थान और मानदण्ड पर महत्त्वपूर्ण होता है। ये कलाएँ अपने विकास के लिए समाज में कितनी स्वायत्त या अवलंबित हैं और उनका उनसे कितना सरोकार है अथवा ये आम जीवन में व्यावहारिक रूप से कितनी काम आने वाली हैं, इसका निर्धारण और मूल्यांकन समय के साथ ही हो पाता है, परन्तु कोई भी कला तब तक अपने मूल्यों के स्तर पर बहुत प्रतिष्ठित नहीं होती है जब तक उसकी पक्षधरता समाज और आमजन का कल्याण करने वाली न हो या उसमें समाज प्रतिबिंबित न हो। इन विभिन्न कलाओं को जानने तथा समझने के लिए इनका साहचर्य बहुत आवश्यक है। इस दृष्टि से आंचलिक संवेदनाओं और सांस्कृतिक मूल्यों से सिक्त और उसी के खाद-पानी से पल्लवित-पुष्पित हुए भारतीय हस्तशिल्पों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। संस्कृति बहुआयामी, विविध वर्णी गुलदस्ते जैसी होती है। अवध की संस्कृति में भी अनेक संस्कृतियों का सुवास मिलता है। इसके अनेक आयामों का विकास भी स्थानीय सुगंध और अनेक सांस्कृतिक मूल्यों से बटी हुयी रस्सी के सामान है। एक विशेष पहचान के रूप में अवध में वस्त्राकल्पन (हस्तकशीदाकारी) की भी अनेक विधाएं और तकनीक विकसित हुईं जिसका इतिहास और विकास-यात्रा जानना यहाँ की संस्कृति जानने-समझने का आकर्षक पक्ष है, जो अवध के विविध परिक्षेत्रों में स्थानीय विशेषताओं के साथ देखा और अनुभव किया जा सकता है। हस्तशिल्प का अर्थ आमतौर पर दस्तकारी या कारीगरी होता है, जिसे कुशल कारीगरों द्वारा स्वयं विकसित किये गए उपयुक्त उपकरणों से बनाया जाता है। हस्तशिल्प की विभिन्न विधाओं में से एक महत्त्वपूर्ण विधा हस्तकशीदाकारी है जिसे दक्ष हाथों से विभिन्न प्रकार के धागों और सुई के प्रयोग से बनाया जाता है। लखनऊ में किए जाने वाले हस्तशिल्प हैं- चिकनकारी, आरी, जरदोजी आदि हैं जिनमें से चिकनकारी प्रमुख हैं। चिकनकारी शब्द तुर्किश शब्द चेख़ से निकला



हुआ माना जाता है। ऐसा कहते हैं कि चेख़ का अर्थ जाली होता है। जाली, जिसमें से रोशनी तथा हवा आ सके। चेख़ आसानी से कोई कह नहीं पाता था, अतः चेख़ से चिक निकला और चिक से चिकनकारी। चिकन के बारे में दूसरी विचारधारा यह भी है कि चिकन शब्द फारसी भाषा के चाकिन से बिगड़कर बना है चाकिन का अर्थ है कशीदाकारी या बेल बूटे उभारना। जिस प्रकार मुगलकाल में भारत की कला, संगीत और संस्कृति को समृद्ध किया गया और देश को ताजमहल एवं लाल किले जैसी अनेक दर्शनीय एवं ऐतिहासिक इमारतें प्राप्त हुईं, उसी प्रकार चिकनकारी भी मुगलिया तहज़ीब की एक अनमोल विरासत है। कहा जाता है कि मुगल सम्राट जहाँगीर की पत्नी नूरजहाँ इसे ईरान से सीख कर आई थीं और इस विधा में उन्होंने महलों एवं इमामबाड़ों की दीवारों पर की गई नक्काशी को कपड़े पर उतार लेने का पूरा प्रयास किया। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि सन् 1857 ई. की क्रांति के बाद दिल्ली में आर्थिक स्थिति खराब हो गई तो कुछ कारीगर वहाँ से कोलकाता चले गए और कुछ अवध की तरफ आ गए और वे कारीगर विस्थापित होकर यहाँ अपने कौशल के अनुसार काम करने लगे। चूँकि कपास नमी वाले वातावरण में पकने के कारण उससे बना धागा अत्यन्त मुलायम, महीन तथा मजबूत होता था इसलिए ढाका का मलमल इस काम के लिए बेहद अनुकूल और विशेष पाया जाता रहा जिसे गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों के चूने वाले पानी में धुला जाता था। इससे वह दूधिया सफेद हो जाता था। बारीक, हल्के और बहुत सफेद मलमल पर ही अच्छी चिकनकारी होती थी, परन्तु कोलकाता में चिकन का काम लम्बे समय तक नहीं हो पाया। अतः ढाका से कपड़े मँगवा कर लखनऊ में चिकन का काम होने लगा था और यह चिकन का महत्त्वपूर्ण केंद्र बन गया। लखनऊ की चिकनकारी अपनी विशिष्टता व सादगी के लिए विश्व प्रसिद्ध है। लखनऊ तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में की जाने वाली कढ़ाई अन्य स्थानों से भिन्न तथा विशेष है। हस्तकशीदाकारी के काम में सुई-धागों का प्रयोग अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। उपयुक्त टाँकों का प्रयोग इसे विशेष बनाता है। चिकनकारी का काम करने के लिए मुख्यतः छत्तीस प्रकार के टाँकों का प्रयोग होता है, जैसे - बखिया, तेपची, जाली, हथकटी जाली, मुर्री, स्टेम स्टिच, तुरपाई, घास पत्ती, धनिया पत्ती, चना पत्ती, कील कंगन, फंदा और बिजली आदि। मुगल काल से ही चिकनकारी को विशेष महत्त्व प्राप्त होने लगा था और अपनी सादगी तथा सुन्दरता के कारण ही कशीदाकारी को पहचान प्राप्त हुई। चिकनकारी के अलंकरणों को अधिकतर लकड़ी के ठप्पों द्वारा छापा जाता है तदुपरान्त उस पर कढ़ाई की जाती है। चिकनकारी लखनऊ की मुख्य हस्तकशीदाकारी है। आलेखन की दृष्टि से देखें तो लखनऊ के इमामबाड़ों का स्थापत्य इसका मुख्य आधार बना है। इमामबाड़े तथा अन्य पुरानी इमारतों में जो अलंकरण बनाए गए हैं, वे ही कशीदाकारी के आधार बने। चिकनकारी का काम अपनी विशेषता तथा सौंदर्य के कारण संपूर्ण विश्व में पसंद किया जाता है। अपनी सादगी एवं हस्तकला-कौशल के कारण वस्त्राकल्पन के क्षेत्र में चिकनकारी अद्वितीय स्थान रखती है। नए युग की आपाधापी में उपेक्षित होते इस महत्त्वपूर्ण शिल्प को, इसकी मौलिकता और आत्मा बनाये रखते हुए यदि परिधानों के आधुनिक फैशन से जोड़ दिया जाये और इसके मोटिफ को समकालीन कलाकृतियों एवं रोजमर्रा में काम आने वाले हैंडीक्राफ्ट्स तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं में भी प्रयोग किया जाये तो इसके प्रचार-प्रसार एवं सुरुचिसम्पन्न लोगों के बीच ध्यानाकर्षण हेतु यह अच्छा कदम होगा।

## एक नजर

### आज खुलेंगे रजिस्ट्री कार्यालय होंगे बैनामा

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी व जिला निबन्धक नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि माह सितम्बर में नवरात्र होने के कारण अत्यधिक मात्रा में विलेखों का पंजीकरण होने की सम्भावना है, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यालय में बैनामा पंजीकरण कराने के लिये उपस्थित होंगे। इसको देखते हुए जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में समस्त उप निबन्धक कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि 28 सितम्बर (रविवार) को सामान्य कार्य दिवसों की तरह सभी उप निबन्धक कार्यालय खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में समस्त उप निबन्धक अपने क्षेत्र के बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ तथा समस्त सम्बन्धित को समय से सूचित करते हुए आम जनमानस के मध्य व्यापक प्रचार- प्रसार करना सुनिश्चित करें ताकि रविवार को अवकाश के दिन में भी लोग अपने विलेखों का अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करा सकें।

### एक दिन इंस्पेक्टर शिवानी ने सुनी शिकायतें



**महोली (सीतापुर)।** मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत प्राथमिक विद्यालय सेमरिया ब्लॉक एलिया की आठवीं की छात्रा शिवानी को महोली का एक दिन का इंस्पेक्टर बनाया गया। इस दौरान शिवानी ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी बीट इंचार्ज व आरक्षियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिवानी ने पुलिस की दैनिक डायरी व अन्य अभिलेखों के क्रियान्वयन की जानकारी सीओ से ली। शिवानी ने बताया कि यह उसके लिए गौरव का पल है। वह भविष्य में पुलिस विभाग में अफसर बनकर देश सेवा करना चाहती है। इस दौरान सीओ नागेंद्र चौबे, इंस्पेक्टर दिलीप चौबे, उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरिया की नोडल शिक्षिका फरहाना परवीन, प्रधानाध्यापक प्रभाकर मिश्रा व शिक्षिका अनुपमा सिंह समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### शादी झांसा देकर दुष्कर्म करने का प्रयास

**तालगांव (सीतापुर)।** एक तरफ जहां सूबे के मुखिया महिला सशक्तीकरण को लेकर तरह तरह के अभियान चलाकर अभियान चलाकर लड़की महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बिगुल बजा रहे हैं वही एक युवती को शादी झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है कोतवाली इलाके के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती को कोतवाली क्षेत्र के बडातल गांव मजरा भेलावा निवासी कोटेदार बिजय पुत्र उमेश ने शादी का झांसा देकर 2 वर्षों से खेत खलिहान घर मे घुसकर निरन्तर शारीरिक संबंध बना रहा था यहां तक शौच जाना तक उसका मुश्किल हो गया है वहा पर आकर बेखौफ बिपछी घुसकि दे जाने तक की हरकत पर उतारु हो गया जिसकी भनक किसी तरह परिजनों को लगी उसके बाद पीड़िता की माँ लड़के के घर शादी के सम्बंध बात करने लड़के के घर गयी तो लड़के के पिता कोटेदार बिजय पुत्र बालादीन पत्नी नाम अज्ञात व भाई दिनेश ने पीड़िता की माँ को गाली गलौज करते हुए जानमाल की धमकी देकर घर से भगा दिया कोतवाली पहुँची पीड़िता माँ के साथ कोतवाली में तहरीर दी जिस पर देर शाम लड़के के पिता व आरोपी माँ कोतवाली पहुंचे काफी मान मनोव्ल चलता रहा भी कोई हल नही निकला जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दिया है। कोतवाल दीपक राय ने बताया मामले में केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### घर में घुसे बदमाशों ने चलाई गोली, एक घायल

**तालगांव (सीतापुर)।** इलाके के फत्तेपुर गांव में कासिम अली पुत्र अली अहमद के घर बदमाशों ने शुक्रवार की अर्धरात्रि 1 बजे के आसपास एक घर में घुसने की कोशिश की। गृहस्वामी की आंख खुल गई और उन्होंने शोर मचाया, जिससे बदमाश भागने लगे। जब गृहस्वामी ने उनका पीछा किया, तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जिससे उसके दोनों पैर में गोली लग गई। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें सीतापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तालगांव पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की और बदमाशों के जाने वाले मार्गों का जायजा लिया।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**मिश्रिख (सीतापुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं मैं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के विशेष अभियान के अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के समस्त लाभार्थियों को निम्नवत सेवाएं प्रदान की गई। जिसमें लगभग 506 लाभर्थियों का पंजीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 165 लोगों की लैब जाँच की गई। इस मौके पर माननीय विधायक प्रतिनिधि अजय भार्गव ,सी एच सी अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव, डॉ. नीरज कुमार मिश्रा, डॉ. मनीष राय, डॉ, अनूप कुमार, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. एम पी सिंह , डॉ. राखी शुक्ला , शैलेष वैश्य, वीरेंद्र विक्रम तिर्वेदी, आशीष तिवारी, प्रदीप अवस्थी, मुकेश प्रशाद सी एच सी की समस्त टीम मौजूद रही।

### नाले के पानी में शव उल्टा उतराता हुआ मिला

**थानगांव (सीतापुर)।** इलाके में स्थित बैजवारी ग्राम सभा के मजरे जुग्गा पुरवा व राजपुर ग्राम सभा के मध्य स्थित नाले के पानी में एक शव उल्टा उतराता हुआ आज सुबह ग्रामीणों द्वारा देखा गया। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया। वंश को पानी से बाहर निकालने पर गर्दन चाकू से अधकटी गर्दन पर कई गहरे जख्म पाए गए मौके पर उपस्थित भीड़ से शव की पहचान रूपलाल पुत्र बद्दल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लोधनपुरवा मजरे रण्डा कोंडर के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति एक दिन पहले अपने गांव में था। जिसके परिवार में पत्नी व बच्चों का बुरा हाल हो रहा। घटना शुक्रवार की रात के किसी पहर की होना बताया जाता है। घटना मृतक के गांव से दो किलोमीटर दूर जंगलों के मध्य घटी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थानगांव पुलिस को घटनास्थल से एक अदद चाकू टार्च भगवा तौलिया नीला टी शर्ट मौके से बरामद जबकि मृतक व्यक्ति काला लोवर पहन रखा था। घटना मृतक के गांव से दो किलोमीटर दूर दक्षिण की तरफ राजपुर व बैजवारी के जुग्गा पुरवा गांव के मध्य पानी भरे नाले में पेट के बल उल्टा पड़ा देखा गया। मौके से टार्च चाकू भगवा तौलिया और नीला टी शर्ट बरामद हुआ। नाले से कुछ कदमों की दूरी पर खून का व उसी जगह से घसीटकर पानी तक ले जाने के निसान भी देखें गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया घटना हत्या जैसी प्रतीत हो रही है। थाना अध्यक्ष थानगांव विमल गौतम के द्वारा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर कारण स्पष्ट हो जाएंगे।

### कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने किया थाने का भ्रमण



**तंबौर (सीतापुर)।** आवासीय कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को कस्बे के थाना का भ्रमण कर वहाँ की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली ।जिन्हें वहाँ मौजूद उपजिलाधिकारी अकांक्षा गौतम,प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय व महिला आरक्षी पूजा ने पूरे थाने का भृमण कराकर थाने के कार्यो से उन्हें अवगत कराया गया। उपजिलाधिकारी अकांक्षा गौतम ने छात्राओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा कर सरकार द्वारा उनके लिए संचालित की जा रही महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं के बारे में बताया। प्रभारी निरीक्षक व महिला आरक्षी द्वारा थाने की किचेन और बैरक में बंद कैदियों के बारे में भी बताया कि किन धाराओं में बंदियों को बैरक में बंद किया जाता है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने छात्राओं से संवाद के दौरान बताया कि आपकी सहायता , सुरक्षा एवं सम्मान के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा सभी पहेलुओं पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत बालिकाओं,महिलाओं को समर्पित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों , सरकारी योजनाएं चलाई जा रही है। यदि आपको किसी प्रकार की कोई विशेष कानूनी जानकारी या अधिकार के विषय मे अतिरिक्त जानना है तो थाने से आने वाली मिशन शक्ति टीम से नि :संकोच संपर्क कर जानकारी ले दे सकती है।शिक्षित नारी , उन्नत समाज की निशानी है।इस दौरान विद्यालय स्टॉप की तरफ से ज्ञानी देवी,नीलम यादव,रीमा वर्मा, ममता, आकांक्षा, सरिता,मोनिका,सुखदेव कुमार मौजूद रहे।

# सर आए तो बच्चे मुस्कराए और चेहरे खिलखिलाए

## बाल हठ के आगे झुका प्रशासन, निलंबित शिक्षक ने दी तालीम, एसडीएम की मौजूदगी में हुई प्रार्थना





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** बच्चे किसी चीज के लिए जिद कर लें तो माता-पिता को उसे पूरा ही करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही नजारा शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नदवा में देखने को मिला। बाल हठ के आगे प्रशासन को आखिरकार झुकना ही पड़ा और निलम्बित शिक्षक संतोष वर्मा को लेकर एसडीएम, बीईओ व एआरपी समेत अन्य लोग सुबह नदवा गांव पहुंचे।

शिक्षक ने बच्चों से विद्यालय चलने को कहा तो बच्चों से लेकर अभिभावक भी सहर्ष तैयार हो गए। ड्रेस में विद्यालय आए बच्चों की प्रार्थना व पढ़ाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरने लगीं तो प्रशासन ने राहत की सांस ली। महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय नदवा के प्रधानाध्यापक द्वारा बीएसए की पिटाई के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। इस विद्यालय के सहायक अध्यापक संतोष वर्मा को 20 सितम्बर को ही विधायक आशा मौर्या की शिकायत पर निलम्बित कर दिया गया था। जिसके बाद बच्चों ने विधायक व शिक्षिका के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए स्कूल जाने से इनकार कर दिया था। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए बच्चों को स्कूल लाने के निर्देश दिए जिसके बाद अंततः प्रशासन को बाल हठ के सामने झुकना पड़ गया। निलंबित हो चुके शिक्षक संतोष वमार्, एसडीएम, सीओ, बीईओ व एआरपी के साथ नदवा पहुंचे। ग्रामीणों के दरवाजे पर जाकर संतोष वर्मा ने बच्चों से स्कूल चलने को कहा तो बच्चे व अभिभावक इसके लिए सहर्ष तैयार हो गए। ड्रेस में स्कूल पहुंचे बच्चों ने 'वह शक्ति हमें दो दया निधे, कर्तव्य मार्ग पर डट जाएं' प्रार्थना गुनगुनाई तो सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। इसके पश्चात बच्चों ने कक्षाओं में जाकर अपने चहेते शिक्षक व अन्य शिक्षकों के निर्देशन में पढ़ाई भी की। जानकारी करने पर पता चला कि निलंबित किए गए सहायक अध्यापक को पलियाकलां से बीएसए के नए आदेश के तहत नदवा में संबद्ध कर दैनिक उपस्थिति देने को कहा गया। बीएसए द्वारा आदेश मिलने के बाद शनिवार सुबह निलंबित शिक्षक संतोष वर्मा गांव पहुंचे और बच्चों को बुलाकर स्कूल लाए। इसी बीच एसडीएम बीके सिंह, सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, बीईओ सीमा सिंह चौहान, एआरपी नरेंद्र यादव, राहुल बाल्मीकि, श्रीकृष्ण तिवारी, राहुल राय, लेखपाल रमाकांत रावत, प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राजेश कुमार, एसआई शिवम सिंह भी विद्यालय में मौजूद रहे। नदवा स्कूल में शिक्षण कार्य शुरू होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। दो बजे अवकाश होने तक शिक्षक संतोष वर्मा के साथ बीईओ सीमा सिंह चौहान चारों एआरपी के साथ विद्यालय में मौजूद रहीं।

**डीएम-एसपी ने बांटी चॉकलेट**

सुबह तकरीबन साढ़े 10 बजे जिलाधिकारी अभिषेक आनंद पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के साथ नदवा विद्यालय पहुंचे। डीएम व एसपी ने अधिकारियों से स्थितियों की जानकारी लेने के बाद बच्चों से मुलाकात की और नियमित स्कूल आने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। दोनों अधिकारी प्रत्येक बच्चे को चॉकलेट दी और खूब बातें भी की। डीएम व एसपी ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से प्रकरण के संबंध में वार्ता करते हुए उनका पक्ष सुना और बच्चों के हित में हर संभव कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। डीएम ने मामले में निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने खराब रास्ते का हवाला दिया तो डीएम ने अतिशीघ्र उसे ठीक कराने की हामी भर दी। बाढ़ से प्रभावित हुई फसलों का फिर से सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने का आश्वासन देते हुए चेहरे पर बिखरी मुस्कान के साथ चले गए।

### मजबूर प्रशासन ने तोड़ा रिवाज

शिक्षक बृजेंद्र वर्मा के मामले में नदवा विद्यालय के बच्चों की जिद के आगे बेसिक शिक्षा विभाग को अपना रिवाज बदलना पड़ गया। आमतौर पर जिस शिक्षक अथवा कर्मचारी को निलम्बित किया जाता है उसे निलंबन अवधि में दूसरे स्थान पर दैनिक उपस्थिति देने का फरमान जारी किया जाता है, मगर बच्चों के आंसुओं में यह रिवाज बह गया। नदवा विद्यालय के सहायक अध्यापक संतोष वर्मा को 20 सितम्बर को सस्पेंड करते हुए उन्हें प्राथमिक विद्यालय पलिया कला में दैनिक उपस्थिति का निर्देश बीएसए ने दिया था। बच्चों के सर से ही पढ़ने की जिद पर बीएसए को बैकफुट पर ला दिया। स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कराने पर लाचार बीएसए ने निलम्बन अवधि में संतोष वर्मा को प्राथमिक विद्यालय नदवा से सम्बद्ध कर दिया है।

### बीएसए पर भी दर्ज होना चाहिए केसः नरेंद्र



**सीतापुर।** बहुचर्चित बीएसए-प्रधानाध्यापक प्रकरण के दोषी सिर्फ बीएसए और स्थानीय विधायक हैं। हम लोग शुरूआत से ही न्याय की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन भाजपा के लोग चाहते हैं कि मल्लाहों के बच्चे शिक्षा न ग्रहण कर सकें। आखिकार आज जब छात्रों के शिक्षक विद्यालय पहुंचे तब पुनः विद्यालय शुरू हो सका। विद्यालय किसी नेता के पहुंचने से नहीं खुला है। यह बात पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक पर एकतरफा कार्रवाई कर दी गई जबकि पूरा प्रकरण सामने आना चाहिए था। बीएसए कार्यालय में भी शिक्षक के साथ मारपीट की गई है। बीएसए पर भी मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ चोरी करना जानते हैं। वोट चोरी किया और अब बैनर चोरी कर रहे हैं। मण्डी सभागार में बने इफ्को खाद केन्द्र के बाहर हमारे ट्रस्ट का बैनर चोरी कर लिया गया। ये लोग कभी किसानों, दलितों, पिछड़ों के हितैषी नहीं हो सकते हैं।

### सार्वजनिक किया जाए प्रकरण का पूरा वीडियो



**सीतापुर।** शिक्षक बृजेंद्र वर्मा को जेल भेजे जाने के मामले में अब अटेवा संगठन ने भी आवाज बुलंद की है। शनिवार को अटेवा के जिला संयोजक अवनीश कुमार की अगुवाई में शिक्षक व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट में उपस्थिति दर्ज कराकर बृजेंद्र वर्मा के लिए इंसाफ मांगा। अवनीश कुमार ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है और जब उसके सम्मान पर आंच आती है तो उसका असंतुलित होना लाजिमी है। वीडियो फुटेज का उतना ही अंश दिखाकर बृजेंद्र कुमार वर्मा प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का समस्त शिक्षक कर्मचारी समाज विरोध करता है और मांग करता है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराई जाए। बृजेन्द्र कुमार वर्मा के बीएसए कार्यालय में प्रवेश करने से लेकर बाहर आने तक का वीडियो सार्वजनिक किया जाये। बृजेन्द्र वर्मा पर हुई कार्यवाही वापस ली जाये और दोषी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाए अन्यथा की स्थिति में समस्त कर्मचारी एवं शिक्षक सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। सभी शिक्षक कर्मचारी आश्वस्त हैं कि आप निश्चित रूप से निष्पक्ष जांच कर बृजेन्द्र कुमार वर्मा को न्याय दिलाएंगे। संगठन के लोगों ने ज्ञापन देकर पूरे मामले की जांच कराकर सत्यतता को सामने लाने की मांग की है। इस दौरान अखिलेश कुमार, विमल कुमार, अंशुल, अंजलि वर्मा, राकेश कुमार, विवेक, नरेश कुमार वर्मा, संजय कुमार व विनोद कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बच्चों से स्लोगन लिखाया आई लव मोहम्मद, आक्रोश



» स्थानीय थाना पुलिस ने बयान दर्ज कर शुरू की जांच

**सीतापुर।** सदरपुर के बनवीरपुर स्थित अमर बापू शिक्षा निकेतन विद्यालय में हिंदू विद्यार्थियों से चार्ट पर आई लव मोहम्मद लिखे स्लोगन बनवाए गए। मामले की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय जा पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करते हुए विद्यार्थियों व अभिभावकों के बयान दर्ज किए।सदरपुर के बनवीरपुर में अमर बापू शिक्षा निकेतन विद्यालय प्रबंधक शौकत अंसारी द्वारा संचालित किया जा रहा है। शनिवार को विद्यालय प्रबंधक शौकत अंसारी के निर्देश पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने विद्यालय में आई लव मोहम्मद स्लोगन प्रतियोगिता चार्ट पर करवाई। बाकायदा चार्ट शिक्षकों द्वारा जांचे गए और टिप्पणियां भी लिखी गईं। विद्यालय के कक्षा पांच के छात्र विशाल पुत्र विनोद, आदित्य पुत्र मनोज, कार्तिक पुत्र सुशील, कक्षा तीन के अनमोल पुत्र रजनीश ने स्कूल में छुट्टी के बाद घर पहुंचने पर मामले की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और अभिभावकों ने विद्यालय पहुंच कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्कूल पहुंची पुलिस ने विद्यार्थियों व अभिभावकों के बयान दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है। उधर इस मामले को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस का कहना है जांच होगी।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल की सराहना



**विश्ववार्ता संवाददाता**

» स्कूलों और व्यक्तियों को शिक्षा में उच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करती है

**सीतापुर।** स्कॉलर प्लैनेट द्वारा आयोजित मॉडल स्कूल चैंपियनशिप जिला सीतापुर, में बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई, जिसमें स्कूलों, शिक्षकों और छात्रों को शिक्षा में उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाया गया। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह और जिला परियोजना समन्वयक राजकमल सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की इस पहल की सराहना की।

स्कॉलर प्लैनेट टीम की ओर से प्रोग्राम प्रबंधक हिमांशु वैश्य, परियोजना प्रबंधक कार्तिकेय तोमर और समन्वयक आशीष मिश्रा भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्कॉलर प्लैनेट प्लेटफ़ॉर्म किस प्रकार विद्यालयों को डिजिटल लर्निंग अपनाने, शिक्षण पद्धति में नवाचार लाने, कक्षा अनुभव को अधिक प्रभावी बनाने तथा छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने में मदद कर रहा है।पुरस्कार समारोह के दौरान, जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन चैंपियन स्कूलों, तीन चैंपियन शिक्षकों और तीन चैंपियन छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया। चैंपियन स्कूल - राजकीय हाई स्कूल, बिठौली, पं. डीडीयूजीएमआईसी, पटवारा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बिसवांचैंपियन शिक्षक - रोहित कुमार (जीएचएस मोहरनिया, पिसवां), अरुण कुमार यादव (जीएचएस कुचलई), विवेक सिंह (पं. डीडीयूजीएमआईसी, अकबरपुर)चैंपियन छात्र - मजहबी (जीएचएस कुचलई), साक्षी (जीजीआईसी मिश्रिख), शिवानी (जीएचएस कुचलई)इस अवसर पर बोलते हुए, डीआईओएस राजेंद्र सिंह ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने में स्कॉलर प्लैनेट के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल स्कूलों और व्यक्तियों को शिक्षा में उच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी उनकी शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

## समाज से लैंगिक भेदभाव समाप्त करने की शपथ



» मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत महिला जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या के आदेश के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा महिला जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि जेंडर इक्वलिटी लैंगिक समानता थीम के अंतर्गत जनपद की प्रत्येक तहसील में नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रचार प्रसार करवाया गया। म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा रोहिणी देवी ने प्रधानाचार्य के रूप में साथ ही विभिन्न क्लास की छात्राओं ने अपनी-अपनी कक्षा में कक्षापक के दायित्व का निर्वहन किया। राजकीय इंटर कॉलेज लहरपुर में 12वीं क्लास की बालिका को एक दिन की प्रधानाचार्य बनाया गया।इसके साथ ही एलिया सीएचसी में स्वस्थ नारी साधिका परिवार विधायक महोली शशांक त्रिवेदी द्वारा मनाया गया। कस्तूरबा गांधी एलिया में खंड विकास अधिकारी एलिया द्वारा योजनाओं के बारे में बताया गया। ब्लॉक परसेंडी में कस्तूरबा गांधी की बालिका को एक दिन की खंड विकास अधिकारी की कमान सौंपी गई। इसी क्रम में जनपद के प्रत्येक तहसील में नुक्कड़ नाटक के जरिए जेंडर इक्वलिटी थीम के अंतर्गत कार्यक्रम करवाया गया, जिसको काफी सारी संख्या नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए वहां पर भीड़ एकत्रित हुई और उन्होंने नाटक के जरिए जो हमारे समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव है उसे खत्म करने के लिए शपथ ली।

मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सक्षम और जागरूक बनाना है तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं के बारे में बताना है साथ में विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में भी बताया गया। यह प्रोग्राम महिला कल्याण विभाग द्वारा कराया गया जिसमें कि संबंधित तहसीलों में एसडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण में उपस्थित रहे।

### विश्वामित्र ने राम की क्षमता का बखान दशरथ से किया

**सिधौली (सीतापुर)।** कस्बे के विवेक नगर मोहल्ले में रामलीला मैदान पर चल रहे रामलीला मंचन में विश्वामित्र ने राजा दशरथ के दरबार में पहुंचकर अपने यज्ञ में राक्षसों द्वारा विघ्न डालने की बात करते हुए यज्ञ रक्षा के लिए उनके पुत्रों की मांग की।

राजा दशरथ राम,लक्ष्मण,भरत व शत्रुघ्न को उनके साथ भेजने में उनकी उम्र देखते हुए सेना भेजने की बात की परन्तु विश्वामित्र ने राम की क्षमता का बखान करते हुए उन्हीं द्वारा यज्ञ रक्षा होने की बात करते हुए उन्हें साथ भेजने की बात कही।राम ने मुनि विश्वामित्र के साथ पहुंचकर यज्ञ रक्षा करते हुए ताड़का व सुबाहु राक्षस का वध किया।दर्शकों ने लीला मंचन देख कर तालियां बजाई और जय श्री राम के नारे लगाए।अभिनय करने वाले कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय कर दृश्य को जीवंत कर दिया।रामलीला मंचन के दौरान विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

## एलएलबी की छात्रा बनी थाना प्रभारी, दिए निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिश्रिख (सीतापुर)।** शनिवार को एक दिन के लिए श्रीचंद्र भगवान ला डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाली एलएलबी की छात्रा ज्योत्सना मौर्य पुत्री गणेश प्रसाद मौर्य निवासी ग्राम लोकनापुर थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को थाना प्रभारी बनाया गया सीनियर रेडिएंट एकेडमी मिश्रिख की 12वीं की छात्रा कुमारी कृत्या शुक्ला पुत्री विजेंद्र शुक्ला निवासी मोहल्ला चंदपुर कस्बा थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को द्वितीय अधिकारी तथा महिला पंचायत सहायक कुमारी रिमझिम शर्मा पुत्री राजकुमार निवासी ग्राम शिवथान थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया।

थाना प्रभारी कुमारी ज्योत्षना मौर्या तथा द्वितीय अधिकारी कुमारी कृत्या शुक्ल द्वारा समाधान/ थाना दिवस के दौरान आने वाले शिकायतकर्ताओं आगंतुक की समस्या सुनी गई तथा आवश्यक निर्णय लेते हुए समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया गया तथा उनके द्वारा थाना परिसर में स्थित कार्यालय ,हवालात तथा मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण भी किया गया मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी कुमारी रिमझिम शर्मा द्वारा मिशन शक्ति केंद्र में आने वाली महिला शिकायतकर्ताओं की समस्या को सुना गया तथा उनकी समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया गया इस दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कस्बा मिश्रिख, चंद्र भगवान लॉ कॉलेज नहर चौराहा ,तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा थाना परिसर स्थित कार्यालय हवालात तथा मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण भी किया गया जिनको पुलिस के द्वारा नित्य किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई तथा महिला संबंधी अपराधों तथा साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा ह्यूमन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108 अन्य स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102 फायर हेल्पलाइन नंबर 101 महिला हेल्पलाइन नंबर 181 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 से भी अवगत कराया गया।

इस मौके पर थाना मिश्रित के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह, अपराध निरीक्षक और मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, मिशन शक्ति केंद्र उप निरीक्षक करतार सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा मौजूद रहे।

**श्रद्धा-भक्ति** गर्भगृह में माता की दिव्य प्रतिमा के दर्शन ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया,त्रिपुर सुंदरी के नाम से भी पूजते हैं

# मां ललिता देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तों ने मांगी मन्नत

» देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था का मुख्य केंद्र हैं मंदिर



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नैमिषारण्य (सीतापुर)।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई और अपनी मनोकामनाएं मांगी। सुबह 8:30 बजे मंदिर के पुजारी भास्कर शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता की आरती संपन्न की।

आरती के दौरान घंटों और शंखों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह शक्तिपीठ, जो 108 शक्ति पीठों में गिना जाता है, शारदीय नवरात्र के दौरान भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है। पौराणिक मान्यता है कि यहां माता सती का हृदय गिरा था, जिससे यह स्थल सिद्धपीठ के रूप में विख्यात हुआ। माता के दर्शन मात्र से रोग-व्याधि दूर हो जाती है और भक्तों को अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। छठे दिन मंदिर परिसर में भक्तों का उत्साह था। श्रद्धालु दूर-दराज से आए और माता के चरणों में शीश झुकाकर अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की। गर्भगृह में माता की दिव्य प्रतिमा के दर्शन ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मंदिर में नवरात्र के इन दिनों में विशेष पूजा-अर्चना और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। भक्तजन माता ललिता देवी को त्रिपुर सुंदरी के नाम से भी पूजते हैं। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नैमिषारण्य का यह मंदिर न केवल सीतापुर बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था का मुख्य केंद्र है। माता के चरणों में हाजिरी लगाने वाले भक्त अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति का अनुभव करते हैं।

### उत्साह और आस्था के साथ मां धूमावती के दरबार में हाजिरी लगाई



नैमिषारण्य के कालीपीठ में शनिवार को मां धूमावती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नवरात्र के इस पावन अवसर पर भक्तों ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर के पुजारी भास्कर शास्त्री ने मां धूमावती की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।मां धूमावती के दर्शन मात्र से ही सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता है। भक्तों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए माता के चरणों में काले तिल, काले कपड़े और नारियल अर्पित किए। मां धूमावती महाविद्या और उग्र देवी के रूप में जानी जाती हैं और उनका स्वरूप विधवा का है। वे सफेद वस्त्र धारण करती हैं और कौवे को वाहन के रूप में स्वीकार करती हैं।भक्तों का विश्वास है कि मां की आराधना से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। सुहागिन महिलाओं ने अपने परिवार की रक्षा और समृद्धि के लिए दूर से ही मां के दर्शन किए, जबकि विधवा महिलाओं ने मां के चरणों में विशेष भेंट चढ़ाकर पूजन किया। कालीपीठ के पीठाधीश्वर मां ललिता देवी मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने बताया कि मां धूमावती के दर्शन-पूजन से भक्तों को अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। परंपरा के अनुसार, नवरात्र के शनिवार को ही मां धूमावती के कपाट खुलते हैं और भक्तों को इस दुर्लभ अवसर का लाभ मिलता है। मंदिर में दिनभर घंटों और शंखों की ध्वनि गूंजती रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# मुख्य संपर्क मार्ग जर्जर होने से राहगीर और दुकानदार परेशान

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** शिवराजपुर ब्लॉक में जगदीशपुर-मुस्ता भैंसउ संपर्क मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है। यह मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण ई-रिक्शा, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ता है। इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों को ग्राहकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

बड़े और गहरे गड्ढों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ई-रिक्शा चालकों ने बताया कि कई लोग इन गड्ढों के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं।

ई-रिक्शा चालक वीरेंद्र, प्रमोद, गुरु और नन्हे ने पुष्टि की कि संपर्क मार्ग बहुत ही जर्जर स्थिति में होने के कारण आने जाने लायक भी नहीं बचा है।

## पुराना ब्लॉक परिसर हुआ कूड़े का ढेर में तब्दील, संक्रमण का खतरा

**कानपुर।** ककवन कस्बे के पुराने ब्लॉक परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। परिसर के गेट के पास ही कूड़े का ढेर जमा है, जो स्वच्छता अभियान के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस क्षेत्र में महीनों से सफाई नहीं हुई है। परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जो कूड़ेदान गेट पर लगा होना चाहिए था, वह भी इसी कूड़े के ढेर में पड़ा हुआ है। इस भारी गंदगी के कारण क्षेत्र में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का डर सता रहा है, ब्लाक गेट के दुकानदार राजू खान, अमीरुद्दीन, बबलू कश्यप, रामजी सिंह ने बताया महीनों से सफाई नही हुई है।

# एम पैक्स सदस्यता महाअभियान 25वीं बैठक हुई सम्पन्न



विश्ववार्ता संवाददाता

**असोहा उन्नाव।** आज ब्लॉक सभागार में एम पैक्स सदस्यता अभियान की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला सहकारी बैंक के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने सहकारिता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की उन्होंने सहकारी बैंक द्वारा किसानों के हित में विभिन्न कार्य किये जा रहे है। किसानों से समितियों से जुड़ने को कहा। उन्होंने सदस्यता पर जोर देते हुए कहा कि इस बार जिले में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। आप सभी लोग सहयोग करते हुए जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाये।

कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष सहकारी बैंक गंगा प्रसाद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह, डीजीएम पुनीत चौधरी, शाखा प्रबंधक बीरेंद्र सिंह, सहायक खण्ड विकास अधिकारी रमाकांत पांडेय, एडीओं कोऑपरेटिव कल्लू राम, सन्तोष कुमार, प्रवीण शुक्ल, मुन्ना सिंह सहित समितियों के अध्यक्ष आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र में बीईओ और प्रधान शिक्षकों की सितम्बर माह की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

विश्ववार्ता संवाददाता



**बांगरमऊ उन्नाव।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मियागंज में परिषदीय विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की माह सितम्बर 2025-26 की समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान मियागंज ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

बैठक में बीईओ ने सभी प्रधान शिक्षकों को विद्या समीक्षा केंद्र का टोल फ्री नंबर अंकित करने, विकसित और समर्थ उत्तर प्रदेश कार्यक्रम तथा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय एप पर शत प्रतिशत पंजीकरण कराए जाने के निर्देश प्रदान किए। पूर्व निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के तहत ऑपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक सहभागिता, निपुण भारत मिशन, समेकित शिक्षा और बालिका शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बेसिक शिक्षा विभाग के समक्ष आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सभी उपस्थित शिक्षकों ने इस संबंध में अपने सुझाव साझा किए।

बैठक में एआरपी दीप नारायण त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक संदर्शिकाओं और अन्य शिक्षण सामग्रियों का प्रत्येक शिक्षक द्वारा दैनिक शिक्षण में शत प्रतिशत प्रयोग किया जाना है। एआरपी अभिषेक के द्वारा बैठक में विभिन्न प्रधान शिक्षकों द्वारा शिक्षक डायरी के महत्व, प्रिंट रिच मटेरियल, गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन के साथ छात्र उपस्थिति बढ़ाए जाने हेतु अपने अनुभव साझा किए गए। बैठक में अन्य विभागीय कार्यों में यू डायस के अंतर्गत अपार आईडी, डीबीटी में खाता सीडेड की स्थिति, बाल वाटिका संचालन, जर्जर भवन की सूचना, नवीन आधार पंजीकरण, दीक्षा एप के नियमित प्रयोग, निपुण लक्ष्य एप नियमित रूप से छात्र आंकलन इत्यादि की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बैठक में शिक्षक करम सिंह, शिव कुमार तिवारी, नैमिष कुमार, ऋषभ, सचिन सिंह, नरेंद्र पाल, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



**असोहा उन्नाव।** आज ग्राम सरवन में महिलाओं को मिशन शक्ति फेज-5 शक्ति दीदी अभियान के तहत उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत प्रकट नही की गई। महिलाओं व छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं, नारी सुरक्षा व नारी सम्मान व हेल्प लाइन नंबर यूपी 112, 1090, 1076, 1098 तथा साइबर अपराध हेल्प लाइन नं. 1930, 108 आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। दौरान संवाद सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी देते हुए महिलाओं को जागरूक किया गया।

### अन्ना मवेशी की टक्कर से बाइक चालक घायल

**कानपुर।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के भटपुरा रोड पर एक अन्ना मवेशी की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घायल बाइक चालक की पहचान महाशरन निवादा निवासी राजू पाल के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। इस हादसे के बाद, रामशंकर, सुनील, राजेश, घनश्याम सहित कई ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशियों को पकड़वाकर गौशालाओं में भेजने की अपील की है, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा



**कानपुर।** शिवराजपुर विकासखंड के मकरंद निवादा गांव में 11000 वोल्ट हाई टेंशन लाइन का एक तार टूटकर गिर गया। ग्रामीण आशीष राजपूत ने इसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग बिल्हौर के जेई अभिषेक यादव को दी। जेई अभिषेक यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्युत कर्मियों को भेजकर तार को तत्काल ठीक करवाया जा रहा है। गांव के रामशंकर, अनुज, राजू और रमेश सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगे विद्युत तार कई वर्षों पुराने हैं और अक्सर टूटते रहते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग को पुराने तारों को बदलने के लिए सूचना दी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने तारों के कारण आए दिन हाई टेंशन लाइन के तार टूटने का खतरा बना रहता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

### सेन्ट्रल स्टेशन पर नशेबाजी और मारपीट करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर शांति भंग करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। यह कार्रवाई 26 सितंबर 2025 को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो और शिकायत के बाद की गई, जिसमें नशेबाजों के बीच जमकर चले लात, घूंसे, सर पर डंडे से हमला होने का दावा किया गया था। प्रभारी निरीक्षक, आरपीएफ और प्रभारी निरीक्षक, जीआरपी कानपुर सेंट्रल के नेतृत्व में ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत टीम ने वायरल वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की तलाश की। तीनों व्यक्ति प्लेटफॉर्म नंबर 9 के सिटी सर्कुलेटिंग एरिया में आपस में लड़ते-झगड़ते पाए गए थे। पुलिस द्वारा समझाने के प्रयासों के बावजूद, विवाद बढ़ता देख, शांति भंग और संभावित गंभीर अपराध को रोकने के लिए राजेश कुमार, गोलू तिवारी और इस्लाम खान नामक तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

### बाइक सवारों की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** अपनी बहन की गोदभराई के लिए माला लेने जा रहे ममेरे भाई को रांग साइड से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ममेरे भाई की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों की तहरीर के आधार पर बाइक सवारों की तलाश में जुट गई। नरवल के शिमरवा गांव निवासी राजनारायण के परिवार में पत्नी सूरजकली, दो बेटे लक्ष्मण वर्मा और जनक है। जनक ने बताया कि उनकी ममेरी बहन सोनी की गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन था। गोद भराई के लिए माला लाने के लिए लक्ष्मण बाइक से पाली जा रहा था। वह कुछ दूर पहुंचा ही था, तभी रांग साइड आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने लक्ष्मण को टक्कर मार दी।

## जूनियर स्कूल के बच्चों ने निकाली स्वच्छता रैली

**कानपुर।** शिवराजपुर नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूल के बच्चों, नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला कटियार, कर्मचारियों और सभासदों ने भाग लिया।

यह रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर वार्ड 8 बर्राजपुर होते हुए जूनियर स्कूल तक निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने कूड़ा बाहर न फेंकने, पॉलीथीन का प्रयोग न करने और गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके सफाई कर्मचारियों को देने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव, स्कूल के प्रधानाध्यापक, वरिष्ठ लिपिक अतुल दुबे, अन्य अध्यापक, नगर पंचायत के कर्मचारी और विभिन्न स्कूलों के बच्चे भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार लगाकर सुनी फरियादियों की समस्याएं

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** साहब 19 जून को बिजली गिरने से दो बकरी मर गई थी, पत्नी घायल हो गई थी, उसका इलाज चल रहा हैं। बकरियों का मुआवजा तो मिल गया, लेकिन अभी तक पत्नी के इलाज को लेकर कोई मदद नहीं मिली हैं। साहब के यहां से जाते ही कोई सुनता नहीं है, सब भगा देते हैं। ये बात नर्वल तहसील के तिलसहरी खुर्द निवासी सोने लाल ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के जनता दरबार में कहीं। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि अब अधिकारियों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, काम होगा। सोने लाल ने बताया कि 19 जून को गांव में अचानक आकाशीय बिजली गिर गई थी। उस समय गांव के एक



व्यक्ति की दो बकरियां और सोने लाल की पत्नी रामगोली खेतों पर काम कर रही थी। बिजली गिरने से ये लोग चपेट में आ गए।

इसमें दोनों बकरियां मौके पर ही मर गई। पत्नी के शरीर का एक तरफ का हिस्सा काम नहीं कर रहा हैं। पत्नी को पहले प्राथमिक उपचार के लिए पास के अस्पताल ले गए। वहां से हैलट अस्पताल ले गए, जहां से मरीज को उर्सला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां अभी भी इलाज चल रहा है।

पीड़ित ने जिलाधिकारी से कहा कि लेखपाल जांच के लिए आए और कहने लगे कि तुम्हारी पत्नी का इलाज आयुष्मान कार्ड से हो रहा है, तुमको मुआवजे की कोई जरूरत नहीं हैं। गलत रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया गया।

इसके अलावा जब दोबारा फरियाद लेकर गया तो लेखपाल ने अभद्रता की और वहां से भगा दिया। कई बार अधिकारियों के पास चक्कर लगाए लेकिन आज तक कोई मदद नहीं मिली है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि अब अधिकारियों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, काम होगा।

# पांच साल से सरकारी सुविधाओं से वंचित बने हुए है ग्रामीण

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** बिल्हौर के उत्तरीपूरा न्याय पंचायत पूरा के ग्राम पंचायत मदारा राय गुमान के भीखम पुरवा गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले पांच सालों में उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है। ग्रामीणों रामऔतार, सूरज, अशोक और कमलेश ने बताया कि प्रधान का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, लेकिन गांव में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में न तो सड़कों का निर्माण कराया गया है, न ही आवास योजना का लाभ मिला है और न ही पुलिया का निर्माण हुआ है। पुलिया न होने के कारण ग्रामीणों को कीचड़ से होकर अपने घरों तक पहुंचना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना



करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले पांच सालों में न तो ग्राम प्रधान गांव में दिखाई दिए और न ही सचिव। राशन जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी ग्रामीणों को 10 किलोमीटर दूर चक्कर काटकर कोट तक पहुंचना पड़ता है। इस पूरे मामले पर ग्राम प्रधान चंद्रभान ने बताया कि उन्हें टूटी पुलिया और सड़कों की जानकारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन कार्यों को जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

# शादी मे आर्थिक मदद करके पुष्पेन्द्र प्रताप ने पेश की मानवता की मिशाल

विश्ववार्ता संवाददाता

**बीघापुर उन्नाव।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कटरा दीवान खेड़ा मे अति निर्धन परिवार के रहने वाले नन्हू धीमान पुत्र स्वर्गीय गोले की बेटी शालिनी देवी की शादी मे राष्ट्रीय समाजसेवी व पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा अपनी टीम व प्रतिनिधि आर के सिंह मामाजी को उनके आवास पर भेजकर आर्थिक मदद दी मदद पाकर बेटी के परिजन भावुक हो गये खुशी के आंसू आ गये।

परिजनों के मौजूद हर शख्स ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा की जा रही आर्थिक मदद की प्रशंशा की व कहा कि आज की मंहगाई के दौर मे जहां एक सामान्य व्यक्ति अपना ही खर्च चलाने मे सक्षम नहीं हो पाता है तो वही पुष्पेन्द्र प्रताप के द्वारा व्यापक तौर पर भारी मदद



करना किसी देवदूत से कम नहीं है ज्ञात हो कि विधानसभा क्षेत्र मे हर बहन की शादी में आर्थिक मदद करने का पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा लगातार सिलसिला बहुत पहले से प्रारम्भ है आर्थिक मदद पाकर परिजनों ने आभार जताया व पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के समाजसेवा के लिये अच्छे कार्यों की दुवाएं दी व उनके सुखमय दीर्घायु यशस्वी जीवन की कामना की इस मौके पर प्रमुख रूप से रिटायर्ड थल सेना अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, सुशील विजयपाल, जगतपाल, नंदू धीमान, कमलेश यादव, विक्रम यादव, रिंकू गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# सुभाष सिंह बने कानपुर न्यायालय कर्मचारी संघ के नए अध्यक्ष

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर न्यायालय कर्मचारी संघ के वार्षिक चुनाव में सुभाष सिंह ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने इस चुनाव में अपने कनिष्ठ कर्मचारी मित्र और निकटतम प्रतिद्वंदी अतीश वर्मा को 40 वोटो के अंतराल से बढ़त बनाते हुए अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया है। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करा था जिसमे निवर्तमान अध्यक्ष देश दीपक भी शामिल थे कर्मचारी संघ के सूत्र बताते हैं कि कई वर्षों से लगातार अध्यक्ष को मनोनीत कर दिया जाता था। इस बार चुनाव होने के बाद नए अध्यक्ष को चुनने का मौका मिला।

संघ के सूत्रों के मुताबिक यूनियन की ठंडी पड़ी चुनावी प्रक्रिया को मुख्य धारा में लाने के लिए इस बार उपविजेता रहे अतीश वर्मा ने कड़ी मेहनत करी और



मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करते हुए अध्यक्ष पद के लिये नामांकन भी दाखिल किया जिस पर उन्हें सफलता भी मिली और चुनावी प्रक्रिया द्वारा पदाधिकारियों का चयन हो सका। हालांकि इस बार भी संघ में महामंत्री निर्विरोध ही चुने गए जिसके पीछे का कारण यह रहा कि उनके सामने किसी उम्मीदवार ने नामांकन ही दाखिल नहीं किया था। अतीश वर्मा ने चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण कराने वाले चुनाव अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों की सक्रियता और जागरूकता के कारण चुनाव नियमतः पूर्ण हो सके, मेरा अनुरोध यही की वार्षिक चुनाव निरंतर होते रहे। जिससे कर्मचारी पदाधिकारियों को अपनी समस्या बता सके और उसका निस्तारण करवा सकें।

नव निर्वाचित अध्यक्ष सुभाष सिंह ने कहा कि इस बार चुनाव हो जाने से अब आगे के रास्ते खुल गए हैं। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह सभी कर्मचारी भाइयों के साथ मिलकर कर्मचारियों के लिए संघर्ष की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित के लिए वो सारे प्रयास करेंगे और अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटेंगे।

कानपुर न्यायालय कर्मचारी संघ में लगभग 400 कर्मचारियों का समूह है। जिसमें 248 लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। कांटे की टक्कर में अतीश वर्मा को 93 मत मिले। और विजयी प्रत्याशी को 133 मत प्राप्त किये।

# जीवन व सृजन कृति लोकार्पण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुए पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** शनिवार को चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय लोक नगर उन्नाव मे आयोजित महान साहित्यकार स्वर्गीय दिनेश उन्नावी जीवन और सृजन कृति लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ जिसमे जनपद ही नहीं कई जनपदों के समाजसेवी, साहित्यकार, राजनीतिक हस्तियों ने कार्यक्रम मे उपस्थित होकर गरिमा बढ़ायी कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शिक्षक एमएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की उसके बाद वक्ताओं ने दिनेश उन्नावी के साहित्यिक योगदान कृतित्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुए पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आये हुए अतिथियों को सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये व कहा कि दिनेश उन्नावी महान शख्सियत थे उनके ज्ञान के विषय मे बोलना सूर्य के सामने टार्च की रोशनी के समान है ऐसी शख्सियत पर मुझे गर्व है।

कार्यक्रम को समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद अन्नू टंडन व भाजपा नेता हरि सहाय मिश्र मदन दादा, डॉक्टर श्याम बाबू शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। मंच का संचालन डॉक्टर रामनरेश ने किया कार्यक्रम मे मुख्य रूप डॉक्टर मुकेश कुमार सिंह, अध्यक्ष राम सिंह, राम प्यारे, आर के सिंह, विवेक राजपूत, राम लखन शर्मा, अंजली वर्मा, राघवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# टीबी बीमारी जागरूकता गोष्ठी का आयोजन



विश्ववार्ता संवाददाता

**पुरवा उन्नाव।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा में इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स व एन टी ई पी के प्रयासों से टीबी बीमारी से ग्रसित 18 जरूरतमंद टीबी मरीजों को चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर संतोष सक्सेना, टीबी चैंपियंस व रीड्स एन जी ओ के द्वारा पोषण पोटली का वितरण किया गया साथ ही टीबी बीमारी जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान टीबी मरीज को इलाज के दौरान रखने वाली सावधानियां, दवाई का नियमित सेवन करने, इलाज के दौरान मिलने वाली सरकारी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और टीबी का पूरा इलाज करने पर जोर दिया गया। टीबी के लक्षण दिखने वाले व्यक्तियों को शीघ्र से शीघ्र निकट के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र भेजने का आग्रह किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार, बीसीपीएम इश्हाक अली, एसटीएलएस राजीव कुमार, एसटीएस अनुराग वर्मा, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सक्सेना, ग्राम प्रधान व रीड्स एनजीओ के अध्यक्ष विमलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चोर घर से जेवरात सहित नगदी लेकर हुए फरार

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में एक घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने नगदी जेवर पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव जोगी कोट निवासी अबरार पुत्र दिलशाद के घर में पत्नी व बेटी घर के अंदर सो रही थी। तभी रात के समय अज्ञात चोर छत का जाल तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए तथा घर में रखी 25,000 की नगदी व तोड़ियां, झुमकी आदि जेवरात लेकर पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर निकल गए। शनिवार सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थानेदार मुन्ना कुमार ने कहा है घटना की सूचना मिली है तहरीर नहीं मिली है आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### सम्पूर्ण कथा का बखान किया

**बीघापुर उन्नाव।** विकासखंड क्षेत्र के गांव चिलौली में स्थित शिव मंदिर अमृतेश्वर धाम में आयोजित राम राज्याभिषेक का सुंदर कार्यक्रम हुआ। जिसमें कानपुर से आए रामकथा वाचक आचार्य शरद मिश्रा ने राम राज्य की विशेषताओं का सुंदर विवेचन किया। इसमें गुरु वशिष्ठ ने प्रथम तिलक कर उन्हें राजा के पद पर बैठाया राम के राजा बनने के बाद पूरी अयोध्या में हर्ष का माहौल हो गया। राम के राज्य में किसी को शारीरिक मानसिक व दैवीय आपदाएं नहीं देखनें को मिलती थी। सभी लोग पढ़े लिखे स्वस्थ और सुंदर थे। रामराज्य में कोई छोटा बड़ा ऊंच नीच का भेदभाव नहीं था।

## लाखों के गहने समेत नगदी समेत चोरों ने किया पार

**हसनगंज उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही हैं। बीती रात चोरों ने एक को निशाना बनाते हुए तीन हजार की नगदी सहित डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए। पीड़ित ने पीआरवी पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और लौट गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देने की बात कही, जबकि थाना प्रभारी जानकारी नही होने की बात कह रहे हैं।

विजय खेड़ा गांव निवासी प्रभु दयाल पुत्र शिव राम ने बताया कि शुक्रवार की रात ग्यारह बजे गांव के मंदिर से कथा सुन कर घर पहुंचा और ऊपर छत पर लेटा गया, जबकि पत्नी शिव रानी व बुजुर्ग चाची राम देवी आंगन में लेटी थी। मध्य रात्रि के समय बर्तन गिरने की आवाज पर पत्नी की नींद खुल गयी और उसने शोर मचाया।

**कथा** जनपद के जिलाधिकारी कपिल सिंह ने भी महाराज का माल्यार्पण कर कथा सुनी

# परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो मनुष्य को सत्य मार्ग पर अडिग रहना चाहिए : शिवाकांत

विश्ववार्ता संवाददाता

**रसूलाबाद (कानपुर देहात)।** सिद्ध पीठ श्री धर्मगढ़ बाबा के महामहोत्सव में बह रही सरस ज्ञान गंगा में कथा वाचक पंडित शिवा कांत महाराज ने राजा हरिश्चंद्र की कथा का विस्तार से बखान किया। कथा का केंद्र बिंदु पंडित शिवा कांत महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि राजा हरिश्चंद्र सत्य दान और धर्म के प्रतीक है और वे जीवन की हर कठिन परिस्थिति में भी सत्य और धर्म के मार्ग से नहीं डिगे चाहे स्वयं को राज्य संपत्ति यहाँ तक कि अपने परिवार को भी बलिदान क्यों न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि राजा हरिश्चंद्र ने अपने राज्य को दान कर दिया राज्य के दान के बाद ब्राह्मण ने दक्षिणा के रूप में स्वर्ण मुद्राएँ माँगी जो राजा के पास





नहीं थीं तब वे धन जुटाने के लिए राज्य छोड़ते हैं। महाराज हरिश्चंद्र पत्नी तारामति और पुत्र रोहिताश्व के साथ अपनी संपत्ति छोड़ कर साधारण जीवन जीने लगे और सत्य पर अडिग रहे। पंडित शिवा कांत महाराज ने कहा कि राजा हरिश्चंद्र की कथा मानवता के लिए परम सत्य धर्म और कर्तव्य पालन की मिसाल है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्य और धर्म का मार्ग कठिन जरूर होता है, लेकिन उसका फल महान होता है। यह कथा समाज को यह सिखाती है कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों मनुष्य को सत्य और निष्ठा के मार्ग पर अडिग रहना चाहिये। इससे पहले जिलाधिकारी कपिल कुमार सिंह ने धर्मगढ़ बाबा मंदिर पर जाकर भोले नाथ की पूजा अर्चना की बाद में भागवत मंच पर जाकर जनपद के जनप्रिय जिलाधिकारी ने महाराज जी को माल्यार्पण करते हुए कहा कि हम महाराज जी के पुराने शिष्य है और कोई भी ज्यादा परेशान हो तो महाराज जी के यू ट्यूब खोल कर कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। आज मेरा और जनपद की जनता का सौभाग्य है कि ऐसे महान कथा वाचक की कथा हम लोग सुन रहे है और उन्होंने पंडाल में बैठकर कथा का श्रवण भी किया।

इस अवसर पर सत्संग मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों में विजय गुप्ता अमित पांडेय बऊ वन चौरसिया अभय गुप्ता उमेश गुप्ता विपिन मिश्रा लपका गुप्ता पंकज सिंह मीनू सिंह मुरारी लाल कुशवाहा रामू मिश्रा सुमन दुबे रामदरश पांडेय ने जिलाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया जहां उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह तहसीलदार संतोष कुमार सिंह राजीव शुक्ला कोतवाल सतीश कुमार सिंह क्राइम प्रभारी बीरेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह आरक्षियों में रामाधार सिंह संतोष कुमार बीयादव पुष्पेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### मीटर रीडिंग करने पहुंचे बिजली कर्मियों पर दबंगों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**अमेठी।** मोहनगंज थाने के अलाईपुर गांव में शनिवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों पर दबंगों ने उस वक्त हमला बोल दिया,जब वे उपभोक्ताओं के यहां मीटर रीडिंग करने पहुंचे थे। घटना उस समय हुई जब विद्युत उपखंड तिलोई में कार्यरत मीटर रीडर बकाया बिल वसूली और मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे थे। वहीं बिजली कर्मियों में आक्रोश देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक विद्युत कर्मियों की टीम गांव में उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कराने और मीटर रीडिंग करने गई थी। इसी दौरान अलाईपुर गांव के कुछ दबंगों ने टीम पर हमला कर दिया और अभद्रता की। पीड़ित कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी और बाद में मोहनगंज कोतवाली पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित मीटर रीडरों ने बताया कि वे विभागीय आदेशों के तहत अपना नियमित कार्य कर रहे थे, लेकिन गांव के दबंगों ने उन्हें रोककर मारपीट और गाली-गलौज की। इस दौरान विभागीय दस्तावेज भी छीने जाने की बात सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मोहनगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अशोक, नागेंद्र, अजय कुमार और रामकुमार आदि लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उधर, पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी के साथ बदसलूकी और हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों को हर हाल में जेल भेजा जाएगा।

### घर घर पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम, करेगी रोगियों की पहचान : सीएमओ



**अमेठी।** मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (05 से 31 अक्टूबर 2025) की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में प्रथम अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग आशा और एएनएम के माध्यम से घर-घर जाकर बुखार, एईएस/एईएस, क्षय रोग और फाइलेरिया के संभावित रोगियों की सूची तैयार करेगा। साथ ही मच्छरों से बचाव की जानकारी, प्रजनन स्थलों का विनष्टीकरण, वेक्टर सर्वेक्षण तथा मरीजों को जांच और उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजने की जिम्मेदारी भी निभाएगा। नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत विभाग शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई, लार्वानाशी छिड़काव, कूड़े का निस्तारण एवं फॉगिंग कराएंगे। वहीं, पंचायत राज व ग्रामीण विकास विभाग खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप मरम्मत, अनावश्यक जलभराव की रोकथाम और पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित करेंगे। कृषि विभाग किसानों को खेतों में कृंतक नियंत्रण के सुरक्षित उपाय बताएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराएगा तथा जरूरत पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजेगा। बैठक में स्वास्थ्य, नगर निकाय, पंचायत राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि व सिंचाई सहित 11 विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही यूनिसेफ एवं डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

### अधेड़ की हत्या कर नहर के किनारे फेंका शव





**अमेठी।** मोहनगंज थाने के पूरे घिसई मजरे लीही गांव के रहने वाले एक अधेड़ की हत्या का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारों ने हाथ पैर बांध कर शव को नहर के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। बारह घंटे बाद शव मिला तो गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी चंद्रभान पुत्र राजाराम उम्र 50 वर्ष शुक्रवार को गांव के लकड़ी कारोबारी महराजदीन के साथ लकड़ी काटने अगोना गांव के लिए निकला था, देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं लग सका। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने रामपुर, मजरे अहुरी गांव के निकट नहर के किनारे झाड़ियों में शव को देखा। जिसकी पहचान चंद्रभान के रूप में हुई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक उसके हाथ पैर बंधे थे। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने भाई हरिकेश की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बहन की सगाई से पहले सड़क हादसे में भाई की मौत, रिश्तेदार गंभीर घायल



**अमेठी।** नगर पालिका परिषद जायस के पूरे हकीम वार्ड नं. 2 निवासी रवि कुमार (23) पुत्र रामू की शनिवार भोर एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उनका रिश्तेदार अजय कुमार पुत्र अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रवि अपनी बहन की सगाई में शामिल होने आ रहे रिश्तेदार अजय को लेने भोर लगभग चार बजे गौरीगंज रेलवे स्टेशन गए थे। अजय दिल्ली में रहकर कार्य करता था और घर लौट रहा था। स्टेशन से लौटते समय रवि बाइक से अजय को लेकर घर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नेशनल हाईवे रायबरेली–सुल्तानपुर रोड पर बाबूगंज के पास पहुंची, सड़क किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गई। हादसे में रवि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घर पर रवि की बहन की सगाई की तैयारियां चल रही थीं। अचानक हादसे की खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची गौरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल अजय को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

### जिला मजिस्ट्रेट ने दो अभियुक्तों को किया जिला बदर

**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट, संजय चौहान ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये समाज में भय पैदा करने वाले अपराधियों को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 02 अभियुक्तों को जिला बदर किया है, जिनमें जनपद अमेठी के अन्तर्गत अभियुक्त परमानन्द यादव उर्फ परमा यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी वार्ड नं0-9 मिश्रौली, थाना-गौरीगंज तथा राहुल पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम-बिहारीगंज मजरे गुललपुर, थाना-गौरीगंज को आदेशित तिथि 24 सितम्बर 2025 से 06 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं।

### डीएम के निर्देश पर सीएमओ और डीआईओएस सुनेंगे 30 को पैरामेडिकल छात्रों की समस्याएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अमेठी इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड साइंसेज, अमेठी को बिना मान्यता प्राप्त संचालित पाए जाने पर प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया था। इस संबंध में छात्र सलोनी, प्रिन्सू तिवारी, ज्ञानमती, कोमल, प्राची, सूर्यकली और रुचि ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही हेतु आवेदन दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त छात्रों सहित संबंधित कॉलेज से जुड़े अन्य विद्यार्थी भी यदि किसी समस्या से ग्रसित है तो वे अपनी लिखित शिकायत अथवा अभिमत 30 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच अमेठी इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड साइंसेज में उपस्थित होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अलावा यदि जनपद के किसी अन्य संस्थान में भी इस तरह की समस्या है, जैसे- कॉलेज बिना मान्यता प्राप्त है, छात्रों को परीक्षा दिलाने से रोका जा रहा हो, या प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान नहीं किया जा रहा हो, तो प्रभावित छात्र-छात्राएं भी निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# 'आई लव मोहम्मद' के जवाब में अमेठी के आश्रम में लगे 'आई लव महादेव' के पोस्टर

## पोस्टर विवाद को लेकर अमेठी में गरम हुई सियासत, लोगों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**अमेठी।** एक समुदाय विशेष द्वारा सोशल मीडिया पर आइ लव मोहम्मद की मुहिम चलाई जा रही हर। इसके जवाब में अमेठी के एक आश्रम में आई लव महादेव के पोस्टर लगाए गए और पंपलेट के साथ आश्रम के अनुयायियों ने प्रदर्शन भी किया।नाराज लोगों ने विरोध जताया। पोस्टर विवाद को लेकर अमेठी की सियासत गरम हो गई है।

जिले के टीकरमाफी स्थित एक आश्रम में शनिवार को अचानक "आइ लव महादेव" के पोस्टर लगाए जाने से क्षेत्र में हलचल मच गई। यह कदम आश्रम के पुजारियों और पदाधिकारियों ने उस समय उठाया जब मुस्लिम युवाओं द्वारा सोशल मीडिया पर "आइ लव मोहम्मद" मुहिम चलाई जा रही है।आश्रम परिसर की दीवारों और प्रमुख स्थानों पर लगाए गए पोस्टरों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आश्रम से जुड़े संतों और पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहल सनातन संस्कृति, हिंदुत्व और राष्ट्र की आत्मा के सम्मान में की गई है। उनका कहना है कि नई पीढ़ी को अपनी आस्था और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और यही संदेश समाज तक पहुँचाना इस अभियान का उद्देश्य है।

आश्रम के पुजारी दिनेशानंद महाराज ने कहा, "महादेव केवल हमारे आराध्य ही नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा भी हैं। जब समाज अपने ईष्ट को प्रेम और श्रद्धा से याद करता है तभी राष्ट्र मजबूत होता है। युवा पीढ़ी को यह सीखना जरूरी है कि अपनी परंपराओं और धर्म पर गर्व करना ही सच्ची प्रगति है।"

इसी क्रम में आश्रम के प्रमुख स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि "आइ लव महादेव" अभियान केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को सनातन धर्म और भारतीय परंपराओं के गौरव से जोड़ने के लिए की गई है।

आश्रम पदाधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी वर्ग विशेष का विरोध करना नहीं है, बल्कि समाज को यह संदेश देना है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करना समय की मांग है। इस मौके पर कुलदीप महाराज, अजय द्विवेदी, राजीव, जगन्नाथ पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और इस पहल का समर्थन किया।

घटना की सूचना पर जब पुलिस से पूछा गया तो थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी अभी उन्हें नहीं है। हालांकि उन्होंने बताया कि आश्रम में लगे पोस्टरों की जांच के लिए टीम भेजी गई है।स्थानीय स्तर पर इस घटना ने चर्चा का विषय बना दिया है। जहां कुछ लोग इसे सांस्कृतिक जागरूकता की पहल मान रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे सोशल मीडिया पर चल रहे धार्मिक अभियानों के जवाब के रूप में देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस की जांच और प्रशासनिक रुख सामने आने का इंतजार है।

# डीएम की अध्यक्षता में 'कॉफी विद् कलेक्टर' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शुरू किए गए मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत जनपद में लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में "कॉफी विद् कलेक्टर" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष संवादात्मक कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों की 10 छात्राओं ने प्रतिभाग कर महिला सशक्तिकरण से जुड़े अहम सवाल जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से पूछे। बालिकाओं ने विशेष रूप से महिला सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार एवं समाज में समान अधिकार जैसे विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बालिकाओं के प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076 जैसी सेवाएं हर समय उपलब्ध हैं। साथ ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण और रोजगारपरक योजनाओं के जरिए भी महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने भी बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समाज की हर बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान मिले। इसके लिए छात्रवृत्ति योजनाएं, कौशल विकास कार्यक्रम, डिजिटल शिक्षा, ओ-लेवल कंप्यूटर ट्रेनिंग और स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लगातार महिलाओं और बालिकाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार व प्रशासन मिलकर न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देने पर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

### शिक्षिकाओं ने निकाली पिंक रैली जिलाधिकारी ने किया रवाना

**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद में महिलाओं व छात्राओं के सशक्तिकरण हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा पिंक रैली का आयोजन किया गया। रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश दिए गए और हेल्पलाइन नंबरों- महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गयी।

# राजनीतिक साजिश के तहत लगाया गया झूठा आरोप असत्य आरोपों से छवि खराब करने की कोशिश : प्रधान

» चुनावी लाभ के लिए कुछ लोग दलित परिवार को कर रहे हैं आगे, अपना रहे नए नए हथकंडे

» जनता के हितैषी और सच्चे सेवक : जनप्रतिनिधि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव में एक दलित परिवार की कथित पिटाई और जातिसूचक गालियों के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में ग्राम प्रधान ने अपने और अपने साथियों के ऊपर लगाए जा रहे कथित सभी मनगढ़ंत आरोपों को एक सिरे से नकारते हुए खारिज कर दिया है।

प्रधान का कहना है कि उनके खिलाफ पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। चुनाव सन्निकट है, जिसका तरह तरह से अनुचित लाभ लेने के लिए कुछ लोग दलित परिवार को आगे कर उन्हें फर्जी मामलों में फँसाने का कुचक्र कर रहे हैं। ग्राम प्रधान ने खुद को जनता का सच्चा हितैषी और सेवक बताया है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा ग्राम सभा क्षेत्र के विकास तथा लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं, लेकिन कुछ लोगों को उनकी लोकप्रियता रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि आगामी चुनाव को देखते हुए उनकी छवि धूमिल करने की कोशिशें की जा रही हैं। प्रधान का कहना है कि जिस तरह से इस मामले को तूल देकर मीडिया और प्रशासन तक पहुँचाया गया, वह सोची-समझी साजिश का एक हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि पुलिस पहले ही इस मामले की जांच कर चुकी है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। बावजूद इसके कुछ लोग निरंतर उन्हें और उनके साथियों को फर्जी मुकदमों में फँसाने के प्रयास में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि असत्य आरोपों से उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। प्रधान ने विश्वास जताया कि सच की जीत होगी और जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि असत्य और निराधार आरोपों से उनकी छवि खराब नहीं की जा सकती।

# लालगंज का निष्प्रयोज्य बस स्टॉप के दिन बहुरे, मरम्मत कार्य शुरू

## योगी सरकार में नगरवासियों में लौट रही उम्मीदें, यात्रियों को मिलेगी सुविधाएं

**उमेश श्रीवास्तव**



**लालगंज, रायबरेली।** परिवहन निगम की बसों में लालगंज से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी और अच्छी खबर है। नगर स्थित बैसवारा डिग्री कॉलेज के सामने लंबे समय से निष्प्रयोज्य पड़े बस स्टॉप का कायाकल्प शुरू हो गया है।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने मरम्मत कार्य की शुरुआत कर दी है। सबसे पहले भवन की दीवारों की मरम्मत हो रही है और इसके बाद बाउंड्री वॉल को दुरुस्त किया जाएगा। करीब पाँच बीघे में फैला यह बस स्टॉप कभी नगर की चहल-पहल और यात्री आवागमन का केंद्र रहा है। लेकिन कई वर्षों से बंद पड़े रहने के कारण भवन जर्जर हो गया था। दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका था, खिड़की और दरवाजे टूट गए थे, और चारों ओर की बाउंड्री वॉल भी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। रोशनी की कमी ने इसे अराजक तत्वों का अड्डा बना दिया था। अब मरम्मत कार्य शुरू होने के साथ ही लोगों में उम्मीद की नई लहर दौड़ गई है।

नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल विवेक शर्मा ने कहा कि बस स्टॉप के चालू होने से व्यापारियों और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। वहीं रोहित सोनी ने कहा कि बसों के निश्चित ठहराव से ट्रैफिक जाम की समस्या भी कम होगी, जबकि व्यापारी नेता राहुल भदौरिया ने बताया कि आसपास के दुकानदारों को भी इसका लाभ मिलेगा।

बैसवारा क्षेत्र के हजारों नागरिकों के लिए यह योगी सरकार में मिली एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वर्षों से चली आ रही समस्या के समाधान ने स्थानीय लोगों में उम्मीद और उत्साह दोनों पैदा कर दिए हैं। इससे पूर्व कई घोषणाएं हवा-हवाई साबित हुई थीं, लेकिन इस पहल ने जनता की अपेक्षाओं को वास्तविकता में बदलने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है।

# सरकारी-प्राइवेट दवाओं की खेप कुएं में बरामद

## स्वास्थ्य विभाग में मची खलबली, महराजगंज क्षेत्र के जनई गांव का मामला

» बोरी में दवाओं के साथ मिला बैनर और एक्स-रे

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**रायबरेली।** जिले के महराजगंज क्षेत्र के जनई गांव में शनिवार को सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुएं से सरकारी और प्राइवेट दवाइयों की भारी खेप बरामद हुई। ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई और सीएचसी अधीक्षक मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।


जानकारी के मुताबिक, जनई गांव निवासी धनंजय सिंह सुबह अपने खेतों की ओर गए थे। बाग के पास स्थित कुएं में उन्हें एक बोरी दिखाई दी। शक होने पर जब बोरी बाहर निकाली गई, तो उसमें बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां, प्राइवेट दवाइयां, एक बैनर और एक्स-रे मिले।

इस खुलासे ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी और अनियमितताओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में कुएं में सरकारी दवाइयों की बोरी मिलना गंभीर लापरवाही और दवा माफिया व विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा करता है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन स्थानीय लोग सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# धनपाला मेमोरियल स्कूल में आयोजित हुई रंगोली व कलश सज्जा प्रतियोगिता

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**अमेठी।** धनपाला मेमोरियल स्कूल, में शनिवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति उत्साह जगाने हेतु रंगोली मेकिंग एवं कलश डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के चारों हाउस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनात्मकता देखते ही बनी।

निर्णायकों ने परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय को सराहा। प्रथम स्थान : अग्नि हाउस, द्वितीय स्थान : जल एवं वायु हाउस (संयुक्त रूप से), तृतीय स्थान : भूमि हाउस, कलश सज्जा प्रतियोगिता में भी छात्रों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

प्रथम स्थान : वायु हाउस, द्वितीय स्थान : अग्नि हाउस, तृतीय स्थान : जल एवं भूमि हाउस (संयुक्त रूप से) निर्णायक मंडल में श्री उपेंद्र मिश्रा (प्रबंधक, डॉ. प्रताप नारायण मिश्र इंटर कॉलेज, फतेपुर), श्री श्रीकांत त्रिपाठी (प्रबंधक, संपथिक इंटर कॉलेज, महेशपुर) एवं राहुल शुक्ला (इंजीनियर) शामिल रहे।

सभी निर्णायकों ने बच्चों की मेहनत और कलात्मकता की सराहना करते हुए विजेताओं की घोषणा की। विद्यालय प्रबंधक डॉ. अविनाश मिश्रा ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाती हैं तथा उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपरा से गहराई से जोड़ती हैं।

# मिशन शक्ति-5 : महिलाओं को अधिकारों की जानकारी देकर बढ़ाया आत्मविश्वास



**डीह,रायबरेली।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज (जीजीआईसी) डीह में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, सुरक्षा संबंधी उपायों तथा आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को थाने का भ्रमण भी कराया गया, जहाँ उन्हें एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों – 112, 1090, 1098, 181, 1076 की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बच्चियों के साथ संवाद कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया और उनके साथ सेल्फी लेकर उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम में निरीक्षक अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक पंचमलाल, महिला आरक्षी रजनी व चेतना सहित नायब तहसीलदार सलोन भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बालिकाओं को निर्भीक होकर अपनी बात रखने और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत पुलिस व प्रशासन की मदद लेने का आह्वान किया।

### राजेंद्र कुमार अवस्थी बने हिंदू महासभा के जिला संयोजक



**रायबरेली।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने जिले में अपने संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाते हुए राजेंद्र कुमार अवस्थी को सर्वसम्मति से जिला संयोजक नियुक्त किया है। यह जानकारी राष्ट्रीय संगठन प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने की है। इस घोषणा के बाद पूरे जिले में समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। मनोनयन पर खुशी जताते हुए श्री अवस्थी ने कहा कि यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है। वे शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को नई दिशा देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि महासभा के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। महेंद्र अग्रवाल, प्रदीप पांडेय, रामराज गिरी ने बधाई दी है। जिले में दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और सोशल मीडिया पर भी शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है।

### फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : सीएमओ डॉ. नवीन चंदा




» राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सफलता में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका : सीएमएस डॉ. पुष्पेंद्र

**रायबरेली।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन (डीपीए) रायबरेली ने होटल शालीमार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीए अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. नवीन चंदा और विशिष्ट अतिथि सीएमएस जिला अस्पताल डॉ. पुष्पेंद्र कुमार रहे। सीएमओ डॉ. चंदा ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग का अभिन्न अंग हैं, इनके बिना किसी भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन संभव नहीं है। वहीं, सीएमएस डॉ. पुष्पेंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सालय की वह मज़बूत कड़ी हैं, जो हर स्थिति में टीम भावना से स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनपद के सीएचसी-पीएचसी के फार्मासिस्ट मौजूद रहे। विशेष रूप से दिवाकर सिंह (मंत्री डीपीए), नरेंद्र पटेल, प्रशांत शुक्ला, धनंजय यादव, राजेश पांडेय, प्रमोद पांडेय, रवि सिंह (जिला महिला चिकित्सालय), अमर प्रकाश गुप्ता, दिग्विजय यादव, सतीश मौर्य सहित सैकड़ों फार्मासिस्ट शामिल हुए।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, हलवा-पूड़ी और सब्जी-पूड़ी का प्रसाद बांटा गया



**सलोन, रायबरेली।** शारदीय नवरात्रि के छठवें दिन शनिवार को नगर में भंडारे का आयोजन भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही माँ मनकामेश्वरी देवी मंदिर परिसर और मीनाक्षी मंदिर पंडाल में प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने दिनभर हलवा-पूड़ी और सब्जी-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया और स्वयं को धन्य अनुभव किया। कार्यक्रम में नौ युवक अम्बे दल और रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। श्रद्धालुओं और राहगीरों को स्नेहपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से राकेश शर्मा, फूल चंद गुप्ता, सर्वेश मौर्य, संदीप कुमार गुप्ता, शैलेश जोशी, अनिरुद्ध जोशी, शिवा जोशी, मनदीप गुप्ता, राजू भुजवा, धर्मेंद्र जोशी, संदीप जोशी, और दुर्गा पूजा कमेटी के बिपिन कौशल, मुरारी लाल साहू, सुभाष जायसवाल, सन्देश अग्रहरि सहित अनेक भक्तों ने योगदान दिया। माँ दुर्गा पूजा पंडाल के सामने आयोजित विशाल गुमनाम भंडारे में भी हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने नवरात्रि उत्सव की भक्ति-भरे माहौल और उल्लास को चरम पर पहुंचा दिया।

### ताला लगे कमरे से मिली बुजुर्ग महिला, हालत नाज़ुक

**लालगंज,रायबरेली।** नगर के साकेत नगर मोहल्ले में शुक्रवार को ताला बंद कमरे से मिली 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला रुकमीना की हालत नाज़ुक है। एम्स से लौटाए जाने के बाद अब उनकी देखरेख दंपति अपने किराए के मकान में कर रहा है। रुकमीना मूल रूप से सरेनी क्षेत्र के छमनीखेड़ा, मजरे मुर्दीपुर मझिगांव की निवासी हैं। पति के निधन के बाद करीब एक साल पहले उनके जेठ का नाती मनोज और उसकी पत्नी रामकुमारी उन्हें अपने साथ कस्बे में ले आए थे। दंपति मजदूरी कर जीवन यापन करते हुए उनकी सेवा कर रहा है। महिला उम्रदराज होने के साथ मानसिक रूप से भी अस्वस्थ रहती हैं और कई बार घर से बाहर भटक जाती हैं। घटना के दिन दंपति नया किराए का कमरा ले रहा था। सामान की सुरक्षा के लिए पुराने कमरे पर ताला लगाया गया था।

## एक नजर

### अभिषेक ने तोड़ा कोहली और रिजवान का रिकॉर्ड

**दुबई।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिलसिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बॉल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है।

### सुपर ओवर में शनाका रिव्यू लेकर आउट होने से बचे

**दुबई।** स्टेडियम में मौजूदा एशिया कप का सबसे रोमांचक मुकाबला खेला गया। साढ़े चार घंटे चले इस मैच को भारत ने सुपर ओवर में जीता। इसमें सूर्या की टीम को महज 3 रन का टारगेट मिला था, जो कि एक बॉल में चेज हो गया। मैच के दौरान कुछ ऐसे लम्हे देखने को मिले जिन्होंने मैच को और मजेदार बना दिया। इनमें सबसे खास सुपर ओवर में दसुन शनाका का जीवनदान रहा। वे ICC के नियमों के सहारे रिव्यू लेकर आउट होने से बच गए। दरअसल अर्शदीप सिंह की बॉल पर अंपायर ने शनाका को कैच आउट दे दिया। तभी बैटर ने रिव्यू लिया, उसी समय विकेटकीपर संजू सैमसन ने उन्हें रनआउट कर दिया। लेकिन शनाका तब तक रिव्यू ले चुके थे जिस वजह से बॉल डेड हो गई और थर्ड अंपायर को उन्हें नॉटआउट दे दिया। हालांकि शनाका अगली ही बॉल पर जितेश शर्मा को कैच दे बैठे।

### एशिया कप- टीम इंडिया के 2 खिलाड़ी चोटिल

**दुबई।** एशिया कप 2025 के फाइनल मैच से पहले हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा चोटिल हो गए हैं। ऑलराउंडर पंड्या के खेलने पर सस्पेंस है। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव है। तिलक वर्मा के पैर में चोट आई है। उनकी स्थिति कैसी है, यह नहीं बताया गया है। पंड्या और तिलक को शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 के आखिरी मैच में चोट लगी। भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हार्दिक की चोट का शनिवार को रिव्यू होगा। उन्होंने बताया कि अभिषेक शर्मा की मांसपेशियों में भी खिंचाव आया था, लेकिन अब वे ठीक हैं। भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। मैच में श्रीलंका ने भारत के 202 रन के जवाब में इतने ही रन बनाए। मुकाबला टाई होने के बाद सुपर ओवर हुआ। इसमें भारत को 3 रन का टारगेट मिला था, जो उसने पहली ही गेंद में हासिल कर लिया।

### सुपर ओवर ड्रामा, रनआउट होकर भी बैटिंग करते रहे शनाका

एशिया कप में शुक्रवार रात भारत-श्रीलंका मुकाबले में कन्फ्यूजन पैदा हो गया। दरअसल, सुपर ओवर में दसुन शनाका को संजू सैमसन ने रन आउट किया। शनाका तब क्रीज से बाहर भी थे, लेकिन तीसरे अंपायर ने नॉट आउट दे दिया। इस पर भारतीय टीम अंपायर से बहस करती दिखी। श्रीलंका के कोच सनथ जयसूर्या ने भी नियम पर सवाल उठाए। मैच में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसमें भारत को 3 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद में हासिल कर लिया।

# इगा चाइना ओपन में तीसरे राउंड में

## चीनी खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराया

## सिनर प्री क्वार्टर में फ्रांस के खिलाड़ी से भिड़ेंगे



एजेंसी

**बिजींग।** विंबलडन चैंपियन इगा स्वातेक ने शनिवार को चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। उन्होंने चीनी खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराया। इसके साथ ही वह WTA टूर इतिहास में भी लगातार तीन सीजन में WTA-1000 टूर्नामेंट्स में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। स्वातेक ने पिछले हफ्ते कोरिया ओपन जीता था

पिछले हफ्ते सियोल में कोरिया ओपन जीतने जीता था। वह चाइना ओपन में टॉस सीड थी। उन्होंने युआन यू के खिलाफ पहला सेट 6-0 से आसानी से जीता और दूसरे सेट में 6-3 से जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई।

24 साल की पोलैंड की इस खिलाड़ी ने अपने करियर में अब तक छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, जिनमें चार फ्रेंच ओपन और एक US ओपन शामिल है।

न्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा ने भी शानदार खेल दिखाया और चीनी खिलाड़ी झू लिन को 6-2, 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा, अमेरिका की एम्मा नवारो ने एलेना-गैब्रिएल रूसे को 6-3, 7-6 (0) से मात दी।

**पुरुष टूर्नामेंट में भी रोमांच-** चाइना ओपन के साथ-साथ बीजिंग में ATP 500 पुरुष टूर्नामेंट भी चल रहा है। इसमें दुनिया के टॉप खिलाड़ी जैनिक सिनर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए फ्रांस के टेरेंस एटमाने से भिड़ेंगे। उन्होंने पहले दौर में क्रोएशिया के अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिच को केवल चार गेम खोकर हराया था। सिनर तीन हफ्ते पहले US ओपन के फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हार गए थे।

## 4 फैक्टर्स तय करेंगे भारत पाकिस्तान फाइनल का रिजल्ट

### भारत के ओपनर्स और पाकिस्तान के पेस गेंदबाज हो सकते हैं गेम चेंजर्स



एजेंसी

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होने जा रहे हैं। ग्रुप और सुपर-4 स्टेज में टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया था। दोनों मैच दुबई में खेले गए, अब फाइनल भी दुबई में ही रविवार को होगा।

फॉर्म और रिदम के लिहाज से टीम इंडिया इस समय पाकिस्तान से काफी आगे नजर आ रही है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम में भी उत्साह और विश्वास की कमी नहीं होगी। भारत से दो मैच हारने के बावजूद पाकिस्तान ने अच्छी वापसी की और बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया है।

तो फाइनल में किस टीम का पलड़ा भारी रह सकता है। यह जानने के लिए हमने टूर्नामेंट में अब तक हुए मैचों को एनालाइज किया। इस एनालिसिस में चार ऐसे फैक्टर्स सामने आए जो फाइनल मैच का नतीजा तय कर सकते हैं।

दुबई में पिच की निर्णायक भूमिका रही है।। यहां 2018 से दुनिया की टॉप-8 टीमों के बीच 20 टी-20 मैच हुए हैं। इनमें से 15 बार चेज करने वाली टीम जीती है। कप्तानों की सोच साफ होती थी कि टॉस जीतो, बॉलिंग चुनो और मैच जीतो। लेकिन पिछले तीन में से दो मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम मुकाबला जीतने में सफल रही और एक मैच टाई रहा।

फाइनल में कप्तानों के सामने कनफ्यूजन रहेगा कि टॉस जीतकर बैटिंग चुनें या बॉलिंग। तो सबसे पहले यह देखना होगा कि फाइनल की पिच होती कैसी है? पिच इस बार भी बड़ा रोल प्ले करेगी और कप्तान का पहले बैटिंग या फील्डिंग का फैसला भी डिसाइडिंग फैक्टर हो सकता है। आगे देखिए दुबई का ओवरऑल रिकॉर्ड।

भारत की ओपनिंग जोड़ी अपने दम पर पाकिस्तान से मैच छीनने का दम रखती है। अभिषेक शर्मा बेहतरीन फॉर्म में हैं और सुपर-4 स्टेज में लगातार 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। वे टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं और 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## BSNL का 4G नेटवर्क लॉन्च : अब भारत के सभी टेलिकॉम ऑपरेटर 4G से लैस, गांव-शहर सभी जगह तेज 4G इंटरनेट मिलेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (27 सितंबर) BSNL का 4G नेटवर्क लॉन्च किया। BSNL 4G अब देशभर के 98 हजार लोकेशंस पर रोलआउट हो गया है। यह नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर तैयार हुआ है।इस सर्विस के लॉन्च होते ही भारत के सभी टेलिकॉम ऑपरेटर 4G से लैस हो गए हैं। जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आईडिया (VI) जैसी कंपनियां पहले से ही 4G और 5G नेटवर्क पर हैं।साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो खुद अपने इस्तेमाल के लिए टेलीकॉम कंपोनेंट्स बनाते हैं। यह तकनीक पूरी तरह भारत में बनी है और भविष्य में 5G सेवाओं में अपग्रेड किया जा सकेगा।



बीएसएनएल ने खुद की 4G टेक्नोलॉजी डेवलप की है, जो विदेशी नहीं बल्कि देसी है। इसे 98,000 जगहों पर लगाया जाएगा। मतलब, गांव-शहर सभी जगह तेज 4G इंटरनेट मिलेगा।

**5G में आसानी से अपग्रेड हो सकता है ये नेटवर्क**

BSNL का ये स्वदेशी 4G स्टैक 5G में आसानी से अपग्रेड हो सकता है। ये क्लाउड-बेस्ड और फ्यूचर-रेडी डिजाइन वाला है। मतलब सॉफ्टवेयर अपडेट से ही 5G पर शिफ्ट हो जाएगा। कोई बड़े हार्डवेयर चेंज की जरूरत नहीं पड़ेगी। टेलीकॉम मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी कहा है कि ये सीमलेसली 5G में अपग्रेडेबल है। यानी, 4G लॉन्च के बाद जल्द ही 5G की तैयारी हो जाएगी।

### BSNL के कस्टमर लगातार कम हो रहे

टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जुलाई 2025 के आंकड़ों के अनुसार, BSNL और जुलाई में BSNL के 1.01 लाख ग्राहक कम हुए, वहीं MTNL के भी सब्सक्राइबर घटे। अब पब्लिक सेक्टर टेलिकॉम कंपनियों का मार्केट शेयर 8% से भी कम रह गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जियो ने जुलाई में सबसे ज्यादा 4.83 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े हैं। एयरटेल ने जुलाई में 4.64 लाख नए मोबाइल यूजर्स जोड़े।


## बैंकों को 15 दिन में करना होगा क्लेम सेटलमेंट :नहीं तो मृतक के नॉमिनी को मुआवजा देना होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्लेम सेटलमेंट के नियमों को रिवाइज किया है। नए नियमों के मुताबिक बैंकों को अपने मृतक ग्राहक के बैंक अकाउंट या लॉकर के क्लेम को 15 दिन में सेटल करना होगा। अगर, इसमें देरी हुई तो नॉमिनी को मुआवजा देना होगा।

सेंट्रल बैंक के नई गाइडलाइन से बैंकों के अगल-अलग सेटलमेंट का नियम एक हो जाएगा, जिससे कस्टमर्स के क्लेम का निपटारा आसानी से हो सकेगा। RBI ने कस्टमर सर्विस को सुधारने के लिए डॉक्यूमेंटेशन को भी स्टैंडर्डाइज्ड करने का फैसला किया है। नया नियम देश के सभी बैंकों को 31 मार्च 2026 से पहले लागू करना होगा।

RBI ने शुक्रवार, 26 सितंबर को नए नियम जारी किए, जिनके तहत मृतक ग्राहकों के बैंक खाते या लॉकर के क्लेम को 15 दिन में सेटल करना होगा। अगर



देरी हुई, तो नॉमिनी को मुआवजा मिलेगा।

इनका मकसद बैंकों में अलग-अलग चल रही सेटलमेंट प्रोसेस को एकसमान करना और कस्टमर सर्विस को बेहतर बनाना है। साथ ही, जरूरी दस्तावेजों को स्टैंडर्ड करके प्रक्रिया को आसान बनाना है। यहां लागू होगा- RBI का ये निर्देश देश के सभी कॉमर्शियल बैंकों और कोऑपरेटिव बैंकों पर लागू होंगे। नए नियम मृतक के बैंक खातों, सेफ डिपॉजिट लॉकर और सेफ कस्टडी में रखी चीजों के क्लेम पर लागू होंगे।

## टाटा कैपिटल का IPO 6 अक्टूबर को ओपन होगा

### इश्यू से 16,400 करोड़ जुटाने का प्लान, IPO में कंपनी टोटल 47 करोड़ शेयर्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी टाटा कैपिटल अपना IPO लाने के लिए तैयारी में है। कंपनी ने 26 सितंबर को सेबी और स्टॉक एक्सचेंज के पास अपना रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (RHP) दाखिल किया है। टाटा कैपिटल इस IPO के जरिए करीब 16,400 करोड़ रुपए (लगभग 1.85 बिलियन डॉलर) जुटाने का प्लान बना रही है। यह 2025 का सबसे बड़ा इश्यू होगा।

इश्यू में कंपनी टोटल 47.58 करोड़ शेयर्स बेचेगी। जिसमें 21 करोड़ नए शेयर (फ्रेश इश्यू) और टाटा सन्स व इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (IFC) जैसे शेयरहोल्डर्स के 26.5 करोड़ शेयरों की बिक्री (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। कंपनी का पोस्ट-मनी इक्विटी वैल्यूएशन 16.5 बिलियन डॉलर



(करीब 1.46 लाख करोड़ रुपए) रहने की उम्मीद है।

**टाटा कैपिटल का IPO 6 अक्टूबर को ओपन होगा**

IPO 6 अक्टूबर 2025 को खुलेगा और 8 अक्टूबर 2025 को बंद होगा। वहीं एंकर निवेशकों के लिए बोली 3 अक्टूबर को होगी। इस इश्यू में देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी LIC भी बड़ा दांव लगाने की तैयारी में है।

कंपनी ने IPO के लिए 4 अगस्त को मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) के पास अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) यानी ड्राफ्ट पेपर्स फाइल किए थे।

कंपनी ने 5 महीने पहले IPO के लिए SEBI के पास ड्राफ्ट पेपर्स फाइल किए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की IPO के लिए सेबी के पास यह प्री-फाइलिंग कॉन्फिडेंशियल थी।

नवंबर 2022 में SEBI ने कॉन्फिडेंशियल प्री-फाइलिंग रूट पेश किया गया था। इसके तहत कंपनियों को अपनी जरूरी बिजनेस डिटेल्स पब्लिक किए बिना अपना DRHP फाइल करने में सहायता मिलती है।

टाटा संस, टाटा कैपिटल की होल्डिंग कंपनी है। इसके पास टाटा कैपिटल में करीब 93% हिस्सेदारी है।

## कपिल शर्मा को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

### मुंबई क्राइम ब्रांच ने बंगाल से पकड़ा; गोल्डी बरार ग्रुप का मेंबर बताकर 1 करोड़ मांगे थे



हाल ही में कॉमेडियन कपिल शर्मा को मेल के जरिए जान से मारने की धमकी और 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने धमकी देने वाले शख्स को पश्चिम बंगाल के 24 परगना से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए शख्स की पहचान दिलीप चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, दिलीप चौधरी खुद को गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गैंग का मेंबर बताकर कपिल शर्मा को मेल भेजकर 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांग रहा था। पुलिस ने उसे एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 30 सितम्बर तक की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। मुंबई पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही, यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या वास्तव में आरोपी का गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गैंग से कोई संबंध है।

**पहला हमला 10 जुलाई को हुआ :** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में स्थित कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर पहला हमला 10 जुलाई को हुआ था। हमलावर ने 10 से 12 राउंड फायरिंग का वीडियो भी बनाया था। इसकी जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाड्डी ने ली थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर बताया था कि कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर उसने कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। कपिल शर्मा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की चेतावनी दी थी और कहा कि माफी नहीं मांगी तो मामला और बिगड़ सकता है।

**दूसरा हमला 7 अगस्त को हुआ :** कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर 7 अगस्त को दूसरी बार फायरिंग की थी। फायरिंग के वक्त कैफे बंद था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैफे की खिड़कियों में 6 गोली के निशान और टूटा हुआ शीशा दिखाई दिया था। इस फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस और गोल्डी ढिल्लों ने ली थी। इसको लेकर गोल्डी ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली थी। इसमें कहा गया था कि आज जो ये कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में फायरिंग हुई है, इसकी जिम्मेदारी हम लेते हैं। इसको हमने कॉल की थी। इसको रिंग नहीं सुनाई दी, तो कार्रवाई करनी पड़ी। अब भी रिंग न सुनेगी तो अगली कार्रवाई जल्दी ही मुंबई करेंगे।

## फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया

### कहा- वह अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, शो में आने का समय नहीं





फराह खान अपने लेटेस्ट व्लॉग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुकोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लॉग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, ꠰जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी।꠰ उन्होंने आगे कहा, ꠰दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, ꠰तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्रॉफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलॉग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितंबर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ꠰कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लॉग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे (वीडियो) स्लो मोशन में बनाया गया।


## पैसों के लिए सैफ ने प्रोड्यूसर को किया था किस:एक्टर बोले- महिला प्रोड्यूसर ने रखी थी डिमांड, हर हफ्ते मिलते थे एक हजार रुपए

एक्टर सैफ अली खान फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बाद भी करियर के शुरुआत में अच्छा नहीं कर पाए थे। शुरुआत में उन्हें अपनी एक्टिंग, लुक सबकी वजह से आलोचना झेलनी पड़ी थी। सैफ अपने करियर के दूसरी पारी में बतौर एक्टर निखरकर के सामने आए और आज उनकी गिनती बेहतरीन एक्टर्स में होती है। अपने एक हालिया इंटरव्यू में सैफ ने बताया है कि कैसे करियर के शुरुआत में उन्होंने पैसों की तंगी देखी थी। एस्क्वायर इंडिया के साथ बातचीत में एक्टर ने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि महज 21 साल की उम्र में अमृता सिंह से शादी और 25 साल की उम्र में पिता बनने की वजह से उनकी जिम्मेदारियां बढ़ गई थी। उस वक्त एक प्रोड्यूसर ने उन्हें हर हफ्ते एक हजार देने के बदले अजीब सी डिमांड रखी थी। सैफ ने कहा- 'मुझे हर हफ्ते एक हजार रुपए मिलते थे। एक प्रोड्यूसर ने मेरे सामने ये डिमांड रखी थी कि मुझे उनके गाल पर दिन में 10 बार किस करना है। मैं जितनी बार ये करता था, मुझे पैसा मिलता था। लोग मुझे ये कहते थे कि मैं कितना लकी हूं कि मुझे कई चांस मिल रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं था कि मुझे बेस्ट फिल्में मिल रही हैं या मैं मेन लीड किरदार निभा रहा हूं। मैं हर फिल्म में सेकंड या थर्ड लीड था। लेकिन फिर एक समय ऐसा आया जब एक के बाद एक फिल्में बहुत बुरी होती गईं।'



## इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स नॉमिनेशन मिलने पर बोले इम्तियाज अली

### 'गर्व है कि भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतरराष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं'



हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड के दो कैटेगरी को लिए नॉमिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। एक चैनल में बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- 'हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतरराष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।' 'जब वी मेट', 'लव आज कल', 'हाईवे' और 'तमाशा' जैसी मॉर्डन रिश्तों पर आधारित फिल्मों के लिए मशहूर इम्तियाज ने कहा कि 'चमकीला' को मिली मान्यता इस बात की याद दिलाती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए ꠰बहुत ही स्थानीय फिल्म꠰ बनानी होगी। उन्होंने कहा- 'आपको ऐसी भाषा में बात करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जो इंटरनेशनल हो, क्योंकि ऐसी कोई भाषा नहीं है। आपको सिनेमा के संदर्भ में अपनी मूल भाषा में बात करनी चाहिए।' उन्होंने आगे कहा- 'यह एक बड़ी सीख है और यह बहुत अच्छा लगता है कि यह फिल्म पंजाब पर आधारित है और पंजाब के लोगों से मिले प्यार के कारण ही इसे बनाया गया है।' इम्तियाज ने फिल्म में चमकीला का रोल निभा रहे एक्टर सिंगर दिलजीत दोसांझ की भी तारीफ की। दिलजीत की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन के माध्यम से चमकीला के किरदार को पकड़ा और एक बेहद लोकप्रिय गायक के रूप में अपनी छवि को दरकिनार कर दिया, जो खचाखच भरे स्टेडियम में परफॉर्म करते हैं।

## एक नजर

### अयोध्या मण्डल के आईजी, डीएम व एसपी ने शहर में किया फ्लैग मार्च

**सुलतानपुर।** दुर्गा पूजा महोत्सव, दशहरा, महानवमी, रामलीला, भरत मिलाप, मूर्ति विसर्जन और रथ यात्रा के मद्देनज़र नगर क्षेत्र में शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मण्डल प्रवीन कुमार, जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस



अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च शाहगंज चौकी, नेशनल टाकीज, पंचरास्ता, ठठेरी बाजार, चौक घंटा घर, हनुमानगढ़ी सहित नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और जनपदवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, एसडीएम सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा। प्रशासन ने साफ कहा कि त्योहारों पर किसी भी प्रकार की अफवाह या शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनपद में अमन-चैन कायम रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### मिशन शक्ति के तहत थाने में छात्राओं को दी गई अहम जानकारी




**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** मिशन शक्ति के तहत कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं थाने पर पहुंचकर जरूरी जानकारियां लीं। शनिवार को थाने पर कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र प्रताप वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह व विद्यालय में मिशन शक्ति का दायित्व संभालने वाली शिक्षक आरती देवी छात्रा प्रतिज्ञा सिंह, पलक सिंह, महक कनौजिया, यशी यादव, काजल, सृष्टि, अंशु, आयशा को लेकर थाने पर पहुंची तो थाने पर मौजूद नायब तहसीलदार रुबी यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद मिश्र, श्रीराम मिश्र, अशोक कुमार वर्मा ने छात्राओं को 1090, 181, 112, 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबर हमेशा मदद के लिए उपलब्ध हैं बताया गया। साथ ही बच्चियों को आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### तालाब बनी सड़क ,अनदेखी पर बढ़ रहा आक्रोश

**बल्दीराय - सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर–सादुल्लापुर



मार्ग से जुड़ी सफलेपुर–दौनों मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है ।सड़क जगह-जगह तालाब में तब्दील हो गई है, जिससे रोजाना राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं ।लेकिन विभागीय अधिकारी इस समस्या से अंजान बने बैठे हैं ।ग्राम सफलेपुर निवासी अधिवक्ता अनिल कुमार यादव ने जिलाधिकारी से सड़क का तत्काल मरम्मतीकरण कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि मंडी समिति ने वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना में इस मार्ग को प्रस्तावित किया था ।शिकायत के बाद विभाग ने पत्रांक संख्या 24/503 में रिपोर्ट लगाकर सड़क को कार्ययोजना में तो दिखा दिया,लेकिन जमीनी स्तर पर आज तक कोई काम शुरू नहीं हुआ ।ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कुड़वार–हलियापुर मेन रोड से जुड़ता है और सफलेपुर, दौनों समेत कई गांवों को जोड़ता है। रोजाना सैकड़ों लोग इसी रास्ते से आवाजाही करते हैं,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजों में खानापूरी कर रहे हैं। अनिल यादव ने बताया कि वर्ष 2017–18 में इस मार्ग की मरम्मत कराई गई थी, तब से अब तक विभाग ने सुध तक नहीं ली। शिकायत समाधान दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन वहां भी पुरानी आख्या लगाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया ।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि तालाब बनी सड़क का तत्काल मरम्मतीकरण कराया जाए, अन्यथा बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



**जयसिंहपुर–सुलतानपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को इंटर कॉलेज नटौली में पुलिस ने छात्राओं को विषम परिस्थितियों से उबरने को लेकर जागरूक किया गया। क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह ने कहा कि छात्राओं को पढ़ाई के साथ–साथ अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से निडर होकर आगे बढ़ने और समाज में सशक्त भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान हेड कांस्टेबल ऊषा सोनी ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के तरीके तथा साइबर अपराध से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं को दीं। उन्होंने महिला हेल्पलाइन सहित आपातकालीन नंबरों की जानकारी भी साझा की। पुलिस ने छात्राओं में जरूरी नंबरों का पंपलेट भी वितरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय, महिला कांस्टेबल सुनीता पटेल, बड़े बाबू सतेंद्र तिवारी, अध्यापक नूरुशबा, संगम लाल पांडे, राकेश विश्वकर्मा, सदाशिव वर्मा व शिवेंद्र तिवारी समेत सैकड़ों छात्राएं मौजूद रहीं।

# विजय यादव बने पीडीए के जिलाध्यक्ष नेताओं-कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** नगरपालिका परिषद कर्मचारी संघ के पूर्व जिला महामंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर संघ विजय यादव को शनिवार को गैर राजनीतिक संगठन पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलायंस का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके इस मनोनयन की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

इस मौके पर सपा अधिवक्ता सभा प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट व कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा वैद्यनाथ एजेंसी के नेतृत्व में डाकखाना पर विजय यादव का माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत



करने वालों में पवन यादव, राकेश पाठक, शारदा प्रसाद, विपिन शर्मा, शकील अहमद, सुरेश गौतम, अमरीशकांत गौतम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने पीडीए के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह बिसेन ने कहा कि विजय यादव का जिलाध्यक्ष बनना संगठन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार की भय-भूख-भ्रष्टाचार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद होगी। बिजली कटौती, स्वास्थ्य विभाग की अनियमितता, किसानों व व्यापारियों की समस्याओं को लेकर पीडीए चौपाल के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। नेताओं ने विश्वास जताया कि विजय यादव का अनुभव और संघर्षशील छवि संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

## जीएसटी राहत पर आभार, विधायक बोले– दीपावली से पहले बड़ा उपहार



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजप्रसाद उपाध्याय 'राजबाबू' ने शनिवार को कालीगंज बाजार में दुकानदारों और व्यापारियों से मुलाकात कर संवाद किया। इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी बचत उत्सव को उपभोक्ताओं और कारोबारियों के लिए बड़ी राहत बताया।

व्यापारियों ने कहा कि रोज़मर्रा की ज़रूरी वस्तुओं पर जीएसटी घटने से आम जनता को सीधी राहत मिली है और बाज़ार में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। छोटे दुकानदारों के लिए कारोबार अब और सरल व सुगम हो गया है। विधायक राजबाबू ने कहा कि व्यापारी वर्ग समाज और अर्थव्यवस्था की मज़बूत रीढ़ है। उनका सम्मान और सुरक्षा ही क्षेत्र की तरक्की तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सबसे अहम कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे व्यापार जगत में भरोसा और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा है।

राजबाबू ने कहा कि दीपावली से पहले जीएसटी में मिली राहत जनता के लिए बड़ा तोहफा है। यह कदम छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं दोनों को मजबूती देगा।

## लड़कियों पर फब्तियां कसना पड़ा भारी, एफआइआर दर्ज

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** गोसाईगंज पुलिस ने सड़क से गुजर रही लड़कियों को देखकर अश्लील हरकत और फब्तियां कसने वाले युवक को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किया है।

उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र और हेड कांस्टेबल विकास त्रिपाठी गोसाईगंज कस्बे के गौसाबाद में मौजूद थे। इस बीच सूचना मिली कि इंटर कालेज के सामने स्थित मछली मंडी के पास एक युवक आने-जाने वाली लड़कियों को देखकर अश्लील हरकत और फब्तियां कस रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कोतवाली नगर हथियानाला निवासी रिंकू निषाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने लाई। आरोपी के खिलाफ 296 बी.एन.एस. की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र ने बताया कड़ी चेतावनी देकर आरोपी को मुचलके पर छोड़ दिया गया है।

## फैमिली क्लिनिक का शुभारंभ, मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय - सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर-सुल्तानपुर रोड स्थित पूरे नजर हुसैन मौहरिया के पास शनिवार को फैमिली क्लिनिक का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चकबंदी विभाग के डीसीसी धनराज यादव और पूर्व प्रधानाध्यापक राम ललन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर महिला चिकित्सक डॉ. सृष्टि यादव (एमबीबीएस, आरआरटीसी, केजीएमयू लखनऊ) ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है। वहीं, डॉ. राम अनुज यादव (एमबीबीएस) ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव को दूर करने के लिए इस अस्पताल की स्थापना की गई है, ताकि लोगों को इलाज के लिए दूर न



जाना पड़े।

विशिष्ट अतिथि पत्रकार गोविंद मौर्य ने कहा कि क्लिनिक की स्थापना से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता आसान होगी। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. समीम खान, शिवकुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य बद्री प्रसाद यादव, रविंद्र यादव, केदारनाथ यादव, नंदकुमार, रामदेव, संदीप यादव, सागर नाथ बौद्ध, अरुण कुमार, विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार, अरविंद यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 : छात्रों को महिला सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

**सुलतानपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत शनिवार को बल्दीराय थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल बल्दीराय की सैकड़ों छात्राएं शामिल हुईं। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने छात्राओं को पुलिस के अधिकारों और जिम्मेदारियों के साथ-साथ महिला सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1930, 102, 108, 1098, 181 और 112 के महत्व और उनके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे नंबरों की जानकारी से छात्राएं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद प्राप्त कर सकती हैं। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी आसानी से मिल रही है और जरूरत पड़ने पर वे निर्भीक होकर मदद ले सकती हैं। इस मौके पर अध्यापक संदीप पांडे, जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## गांजे की अवैध तस्करी करने वाले दो आरोपी गिफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस में दो बाइक सवार संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास से अवैध गांजा बरामद हुआ। एफआइआर दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

भरतीपुर नहर पुलिया के पास शनिवार करीब साढे ग्यारह बजे द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी, भटमई चौकी इंचार्ज संजय प्रसाद, उपनिरीक्षक इनामुल हक, हेड कांस्टेबल अयूब खान, पप्पू कुमार व राहुल चौधरी वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सुदनापुर की ओर से दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस बीच बाइक बंद पड़ गई, पुलिस ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान



संजीत कुमार उर्फ अंकल निवासी खजुरहट बीकापुर, अयोध्या और छंगू नटौली खुर्द गोसाईगंज सुलतानपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने कहा कि वे जीवनयापन के लिए गांजा बेचते हैं। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों के पास से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। बाइक को कब्जे में लेकर संबंधित धारा में एफआइआर दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

## बार चुनाव को लेकर अध्यक्ष व सचिव पद पर तीन–तीन दावेदार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष व महासचिव पदों पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष समेत अन्य सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो चुका है। चार अक्तूबर को मतदान होगा और छह अक्तूबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच पूरी की गई। अध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश शुक्ल, बब्बन प्रसाद मिश्र और रवि शंकर मिश्र के नामांकन पत्र वैध पाए गए। इसी तरह महासचिव पद के लिए प्रदीप कुमार शुक्ल, वीरेंद्र प्रकाश वर्मा और प्रेम शंकर पांडेय के नाम शामिल हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रविंद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विवेक श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष




पद पर श्रीनाथ वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

इनके अलावा सह सचिव (प्रशासन), कल्याण निधि, पुस्तकालय प्रभारी, वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी समेत अन्य सभी पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो गया है। अध्यक्ष और महासचिव पदों के लिए मतदान चार अक्तूबर को बार सभागार में कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया एल्डर कमेटी व चुनाव समिति की देखरेख में संपन्न होगी। मतगणना छह अक्तूबर को की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ल, सचिव अमित कुमार शुक्ल, एल्डर कमेटी के चेयरमैन राधेश्याम त्रिपाठी, प्रशासनिक सचिव संतोष मिश्र समेत चुनाव समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## तहसील गेट का सौंदर्यीकरण कार्य हुआ पूर्ण, विधायक द्वय ने किया उद्घाटन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कादीपुर-सुलतानपुर।** तहसील कादीपुर के मुख्य द्वार का सौन्दर्यीकरण कार्य पूरा हो गया है। शनिवार को आयोजित भव्य समारोह में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय एवं कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सौन्दर्यीकृत गेट का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि कादीपुर हमारी गृह तहसील है, इसकी दिव्यता और भव्यता हमेशा बनी रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। हम लगातार इस दिशा में प्रयास करते रहेंगे।

वहीं कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने कहा कि तहसील गेट का सौंदर्यीकरण लाखों रुपये की लागत से कराया गया है,



जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि 1882 ई. में स्थापित यह तहसील जनपद की सबसे पुरानी तहसीलों में से एक है और इसके विकास के लिए हम सभी हर स्तर पर सहयोग देने को तैयार हैं। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम, सचिव मंगला प्रसाद तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विजय बहादुर सिंह, जयशंकर तिवारी, विजय शंकर पाण्डेय, राजा रमेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक, अरविन्द श्रीवास्तव, दुर्गा प्रसाद सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। गेट के भव्य सौन्दर्यीकरण से तहसील परिसर की गरिमा और ऐतिहासिक पहचान और भी प्रखर हो गई है।

## गोमती नदी में कूदी किशोरी दूसरे दिन मिला शव

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले की 15 वर्षीय किशोरी ने शुक्रवार की शाम देवाढ़ घाट स्थित पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पुलिस टीम व गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे और देर शाम तक तलाश चलती रही, मगर सफलता हाथ नहीं लगी।

शनिवार को गुदरा घाट के पास नदी में एक शव दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने शव को किनारे लाकर देखा तो उसकी पहचान बिल्किस (15) पुत्री बबलू निवासी जवाहर नगर के रूप में हुई। जानकारी के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

किशोरी के नदी में कूदने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के लिए जांच कर रही है।

## पशु आरोग्य शिविर में 443 पशुओं का हुआ उपचार, ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बल्दीराय विकास खंड क्षेत्र के जगदीशपुर में शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय पशु आरोग्य शिविर/मेले का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने फीता काटकर किया।



शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। पशुओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी बल्दीराय डॉ. राहुल गुप्ता ने बताया कि शिविर में कुल 443 पशुओं का इलाज किया गया। साथ ही ग्रामीणों को पशुपालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। शिविर में जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव,प्रधान जगदीशपुर राम मनोरथ वर्मा, बीडीसी सदस्य हरिकृष्ण शुक्ल, वीरेंद्र मिश्र, रामबलि बाबा, रामकिशोर मिश्रा, रामतीरथ यादव, अशोक यादव, सर्वेश तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि बृजेंद्र तिवारी बहादुर सहित कई सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे।

इस मौके पर पशु धन प्रसार अधिकारी सुशील यादव, रोहित सिंह, पेरा बेट पवन कुमार, बाल किशन, मनीराम, विनोद व नरेंद्र सहित अन्य कार्मिकों ने सेवाएं दीं। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पशुपालकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

**जनसुनवाई** भारतीय जनता पार्टी की नई पहल, हर दिन पदाधिकारी करेंगे जनसुनवाई

# किसी भी पीड़ित को निराश नहीं होने देंगे : सुशील त्रिपाठी

» जनसुनवाई के लिए तीन–तीन पदाधिकारी बनाए गए दिवस प्रभारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बीजेपी ने नई पहल की शुरुआत की है। अब बीजेपी जिला पदाधिकारी भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अगुवाई में जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई करेंगे। इसके लिए पयागीपुर स्थित जिला मुख्यालय में हर दिन दोपहर 11 बजे से तीन बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके लिए जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने तीन - तीन पदाधिकारियों को दिवस प्रभारी बनाया है।




मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने बताया कि सोमवार को जिला उपाध्यक्ष अनीता पाण्डेय, विजय प्रताप त्रिपाठी व राजेश सिंह,मंगलवार सुनील वर्मा,धर्मेन्द्र कुमार व नरेन्द्र सिंह, बुधवार घनश्याम चौहान, प्रदीप शुक्ला व राजित राम, गुरुवार आनन्द द्विवेदी, संदीप सिंह, जगदीश चौरसिया शुक्रवार संजय त्रिलोकचंदी, मनोज मौर्या व पूजा कसौधन जन सुनवाई करेंगे।इसी क्रम में

शनिवार को दिवस प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष ज्ञान जायसवाल, जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू व रविवार को डॉ प्रीति प्रकाश,विवेक सिंह व अशोक सिंह जनसुनवाई करेंगे।जिलाध्यक्ष ने कहा बीजेपी की यह पहल लोगों को अपनी समस्याएं सीधे पार्टी के सामने रखने का मंच प्रदान करती है।उन्होंने कहा किसी भी पीड़ित को निराश नहीं होने देंगे. सभी समस्याओं का निस्तारण जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से वार्ता कर कराया जाएगा. शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ दिवस प्रभारी के रूप में जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी व आशीष सिंह रानू मौजूद रहे।

इस दौरान लोगों की बिजली, पुलिस, सड़क आदि से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या को तत्काल निस्तारित करने के लिए कहा गया।इस दौरान विजय त्रिपाठी, सुनील वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, आकाश जायसवाल व अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

## नई तकनीक से खेती के लिए किसान हुए जागरूक

» उपज बढ़ाने के लिये खाद व रासायनिक दवाओं के इस्तेमाल पर चर्चा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**दूबेपुर - सुलतानपुर।** साधन सहकारी समिति बंधुआ कला पर किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति अंगीकरण के नाम से आयोजित कार्यक्रम मे कृभको

द्वारा नई तकनीक से खेती खाद व बीज के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। समिति के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया

मौजूद सैकड़ो किसानों को कृभको के प्रबंधक द्वारा कंपनी के रासायनिक खाद बीज व पेस्टिसाइड उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। रबी, खरीफ व जायद फसलों के लिए कितनी खाद बीज व दवा डालनी चाहिए के इस्तेमाल की



जानकारी से भी किसान रूबरू हुए। मुख्य अतिथि एआर कोऑपरेटिव अंजनी कुमार ने बताया कि किसान बड़ी मात्रा में

कृभको के उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे उपज में बढ़ोतरी हुई है। विभाग भी किसानों की हर तरह मदद करने के लिए अग्रसर है। समिति पर सदस्य बनने के लिए किसानों को कहा गया ताकि भविष्य में उन्हें समिति मिलने में कोई बाधा न आये। कृभको क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित तिवारी,

सचिव अजादार,संदीप वर्मा के एआर अंजनी तिवारी को आम का पेड़ देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी किसानों को प्रेरित किया गया। इस मौके पर संदीप वर्मा, पूर्व प्रधान राम मूरत यादव, गजेंद्र सिंह समेट काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### आर वेंकटरमणि दोबारा बने देश के अटॉर्नी जनरल



**नयी दिल्ली।** सीनियर एडवोकेट आर वेंकटरमणि को दोबारा भारत का अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी अगले दो साल के लिए दी गई है। उनका नया कार्यकाल 1 अक्टूबर से शुरू होगा। वेंकटरमणि (उम्र 75 साल) का मौजूदा तीन साल का कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म हो रहा है। वे 30 सितंबर 2022 को देश के अटॉर्नी जनरल बने थे। उन्होंने इस पद पर केके वेणुगोपाल की जगह ली थी।

### नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को शनिवार को उस वक्त एकबार फिर बेहद अहम कामयाबी मिली, जब उसने सुकमा जिले के मेट्टागुडा में नक्सलियों की 'ऑर्डिनेंस फैक्ट्री' (हथियार बनाने की फैक्ट्री) का पता लगाकर उसे ध्वस्त कर दिया, और इसक साथ ही वहां से भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और विस्फोटक भी बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन का जिला बल सुकमा और कोबरा 203 बटालियन ने संयुक्त रूप से मिलकर काम करते हुए अंजाम दिया।

### राजस्थान-एमपी में 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट

**नयी दिल्ली।** राजस्थान में शुक्रवार को मानसून अपने तय समय से 4 दिन पहले विदा हो गया। मध्य प्रदेश के 11 जिलों से मानसून की वापसी हो गई है। हालांकि, दोनों राज्यों में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में शनिवार से 30 सितंबर तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। तेलंगाना के कई हिस्सों में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश जारी है। हैदराबाद में रात भर मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में 2-3 फीट तक पानी भर गया। अधिकारियों ने हिमायत सागर जलाशय के गेट खोल दिए, जिससे हालात और बिगड़ गए। चादरघाट के पास मूसी नदी उफान पर आ गई। नदी के आसपास, निचले इलाके डूब गए। नदी किनारे बने मकान पहली मंजिल तक पानी में डूब गए। कई कॉलोनियां जलमग्न हैं। हैदराबाद के महात्मा गांधी बस स्टैंड में भी पानी भर गया। बसों का संचालन बंद है। हैदराबाद में सड़कों पर पानी भरने से गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं। कई इलाकों में सुबह से ट्रैफिक जाम लगा है। ऑफिस जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में अब तक लगभग 1,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

### मुंगेर में कब्रिस्तान की बाउंड्री को लेकर फायरिंग

**मुंगेर।** शनिवार को कब्रिस्तान की बाउंड्री को लेकर 2 पक्षों में गोलीबारी हुई है। इसमें एक युवक घायल है। फायरिंग के बाद पथराव किया गया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। घायल शख्स का नाम अंकुश कुमार है। वो फरदा गांव का रहने वाला है। उसे इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सफियाबाद थाना क्षेत्र स्थित फरदा गांव की है। ग्रामीण राकेश रंजन ने बताया कि 'बबलू मल्लिक और उसके परिजनों ने अंधाधुंध गोलियां चलाई। लगभग 50 राउंड गोली चली है। गोलीबारी के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सफियाबाद-लखीसराय नेशनल हाईवे को बांक टोला फरदा गांव के पास जाम कर दिया है।

### रूसी महिला, उसकी बेटियों को रूस भेजा जायेगा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की गुफा में रहने वाली रूसी महिला और उसकी बेटियों को रूस भेजा जायेगा। जस्टिस बीएम श्याम प्रसाद ने यह आदेश इजराइली नागरिक ड्रोर श्लोमो गोल्डस्टीन की याचिका पर पारित किया, जो इन बच्चों का पिता होने का दावा करता है। गोल्डस्टीन ने कोर्ट से केंद्र को नाबालिग बच्चों को तुरंत देश से नहीं निकालने का निर्देश देने की मांग की थी। नीना कुटीना नाम की यह महिला 11 जुलाई को कुमता तालुका के गोकर्ण के पास रामतीर्थ पहाड़ियों की एक गुफा में मिली थी। वह और उसके बच्चे बिना किसी वैध यात्रा या निवास दस्तावेजों के लगभग दो महीने से वहां रह रहे थे।

### गुरुग्राम में बहू ने हवलदार ससुर को पकड़वाया

**गुरुग्राम।** पुलिस लाइन में सरकारी क्वार्टर में गांजा और अवैध हथियार बरामद होने के मामले में शनिवार को हवलदार पोखर राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि सरकारी फ्लैट नंबर-105 से 1 किलो 700 ग्राम गांजा, पिस्तौलनुमा हथियार व 10 जिंदा कारतूस मिले। नशा और अवैध हथियार की सूचना किसी और ने नहीं बल्कि हवलदार की बहू मीनू ने ही पुलिस को दी। अब एडआईआर में एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के अलावा घरेलू हिंसा व गर्भपात करने की धाराएं भी लगाई है। बहू ने सरकारी क्वार्टर में पुलिस बुला ली थी। उसका कहना है कि घर में साफ-सफाई के दौरान नशा व हथियार देखे। ससुर से पूछा तो उसने सिर पर पिस्तौल तान दी। बोला- रुकिसी को इस बारे में बताना नहीं। बहू का कहना है कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। तंग आकर उसने पुलिस को सूचना दी।

### तिहाड़ जेल में भूख हड़ताल करेंगे सांसद रशीद

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला से सांसद और तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने गांधी जयंती से पहले दो दिन की भूख हड़ताल करने का ऐलान किया है। वे 1 अक्टूबर सुबह 10 बजे से 3 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक भूख हड़ताल पर रहेंगे। राशिद ने महात्मा गांधी को लेटर में लिखा- आज दुनिया को शांति और अहिंसा की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन देश और दुनिया हिंसा में उलझे हुए हैं। रशीद ने कहा कि कश्मीरियों को अलग-अलग नामों से बदनाम किया जा रहा है और उनके अधिकार छीने जा रहे हैं। राशिद ने लिखा है कि जो लोग कठोर कानूनों का विरोध करना चाहते हैं, वे भी डर के कारण चुप रहते हैं। कश्मीरी पंडितों की मुश्किलों के जम्मू-कश्मीर की नीतियों को 'प्रयोगशाला' बना दिया गया है। हमारी अहिंसा को कमजोरी समझा जा रहा है और गांधीजी की सीख को भुला दिया गया है।

### दिल्ली में मैरी कॉम के घर पर चोरी

**नयी दिल्ली।** बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम के दिल्ली स्थित घर में चोरी हो गई है। मैरी कॉम मेघालय के सोहरा में शनिवार को आयोजित मैराथन कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं जब ये घटना घटी। कार्यक्रम के आयोजकों ने मैरी कॉम को इसकी जानकारी दी। चोर मैरी कॉम के घर से क्या सामान ले गए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। मैरी कॉम मणिपुर की रहने वाली हैं और देश की सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक मानी जाती हैं। मुक्केबाजी में वह 6 बार वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं।

### दिल्ली पुलिस ने फर्जी एयरफोर्स अधिकारी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राजस्थान से 20 साल के युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक खुद को भारतीय वायुसेना का अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। आरोपी की पहचान अलवर निवासी तसलीम खान के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि छतरपुर की एक महिला ने शिकायत दी कि आरोपी ने खुद को एयरफोर्स ऑफिसर बताकर उससे 2.52 लाख रुपए ठग लिए हैं। महिला ने बताया कि आरोपी ने नकली एयरफोर्स लेटरहेड पर पत्र और बिल भेजकर पैसे मांगे। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे गांव मुकंदवास (रामगढ़) से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एयरफोर्स अधिकारी बनकर लोगों को झांसा देता और फर्जी पेपर दिखाकर उनसे पैसे लेता था। अब तक सात पीड़ितों की पहचान हो चुकी है। आरोपी से पूछताछ जारी है ताकि उसके अन्य साथियों का भी पता लगाया जा सके।

### प्लेन के टॉयलेट में सिगरेट पीते यात्री गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात एक 25 साल के यात्री को विमान के टॉयलेट में सिगरेट पीने के कारण गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट बाईलेंड के फुकेट से मुंबई आई थी। टेकऑफ के दौरान जब यात्रियों ने टॉयलेट से धुआं निकलते देखा, तो विमान के अंदर अफरा-तफरी मच गई। यात्री की पहचान साउथ मुंबई के नेपियंसी रोड निवासी भव्य गौतम जैन के रूप में की गई। उसे मुंबई पहुंचते ही हिरासत में ले लिया गया।

# बिहार चुनाव घुसपैठियों को बाहर करने वाला चुनाव

## लालू एंड कंपनी ने बिहार को लूटा, दो तिहाई बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार : शाह

विश्ववार्ता ब्यूरो




**समस्तीपुर।** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को अररिया में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मालिक कहा। अमित शाह ने कहा कि, 'सभी दल नेताओं के आधार पर चुनाव जीतते हैं सिर्फ हमारी पार्टी ऐसी है कि जिसको चुनाव जिताने का दम नेताओं में नहीं कार्यकर्ताओं में होता है। शाह ने घोटालों को लेकर लालू परिवार पर निशाना साधा। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को घुसपैठियों के लिए यात्रा बताया। गृहमंत्री ने कार्यकर्ताओं से किशनगंज जिताने की अपील की। कहा कि इस बार 160 से ज्यादा सीटें जीतकर हम दिवाली मनाएंगे। शाह ने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो, बिहार क्या, कहीं भी यात्रा निकाल लो, भाजपा का संकल्प है कि हम एक-एक घुसपैठिए को बाहर करेंगे। राहुल बाबा और लालू की पार्टियां घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं, और हम घुसपैठियों को बाहर निकालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लालू एंड कंपनी ने बिहार को लूटा, ढेर सारे घोटाले किए, और कांग्रेस ने भी देश को लूटा। पिछले 11 सालों से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार है, और हमारे विरोधी हम पर एक पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा पाए हैं।

शाह ने कहा कि बिहार वालों को इस बार 4 दिवाली मनानी है। पहली दिवाली राम जब अयोध्या लौटेंगे उस दिन होगी। दूसरी दिवाली कल ही पीएम मोदी ने जीविका दीदियों के खातों में 10-10 हजार देकर मना दी। तीसरी दिवाली जीएसटी में 350 चीजों के दाम घटाकर मना दी। चौथी दिवाली 160 से ज्यादा सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाकर मनाएंगे। शाह ने कहा कि हमें राजद वाला जंगलराज वापस नहीं लाने देना है। नीतीश सरकार में कानून व्यवस्था सुधरी है। पहले के बिहार और आज के बिहार में जमीन आसमान का अंतर है। पीएम मोदी ने पूर्णिया की धरती से ही मखाना बोर्ड की घोषणा की। भागलपुर में विद्युत संयंत्र का शिलान्यास किया। पूर्णिया में एयरपोर्ट दिया। बिहटा के अलावा 6 एयरपोर्ट और बनाएंगे। कोसी लिंक परियोजना की घोषणा की है, जिससे कोशी क्षेत्र के लोगों को बाढ़ की समस्या से राहत मिलेगी। इन लोगों (राजद और कांग्रेस) ने कुछ काम नहीं किया। बिहार में एनडीए सरकार ने सामाजिक पेंशन को 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए किया है।

अमित शाह ने कहा कि, 'राहुल गांधी चाहते हैं कि घुसपैठियों को वोट का अधिकार मिले। सीमांचल वालों बताओ घुसपैठियों का वोट का अधिकार मिलना चाहिए क्या। राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो, बिहार और देश से चुन-चुनकर घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। यह चुनाव बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकालने का चुनाव है।

इससे पहले उन्होंने समस्तीपुर में नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। सरायरंजन स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में डेढ़ घंटे मीटिंग चली। बैठक में समस्तीपुर के अलावा मधुबनी, झंझारपुर, बेगूसराय और खगड़िया समेत 8 जिलों के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। जहां शाह ने उन्हें चुनावी तैयारियों को लेकर टिप्स दिए।

इससे पहले शुक्रवार को भाजपा प्रवासी प्रभारी की बैठक में अमित शाह ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत का नया मंत्र - ट्रिपल एम दिया है। ट्रिपल एम यानी महिला, मोदी और मंदिर दिया। उन्होंने कहा- महिला परिवार की केंद्र बिंदु हैं। हर महिला से मुलाकात कर भाजपा और एनडीए के कार्यों की जानकारी दें।

पटना के भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में हमारा लक्ष्य 225 सीटों पर जीत हासिल करना है। ऐसे में प्रत्येक सीट पर कम से कम 225 बार जनसंपर्क करें। लोगों से मुलाकात करें। उनकी बातें सुनें और अपनी बातें कहें। जाति, धर्म, विचारधारा से अलग होकर लोगों से संपर्क करें। केवल एक ही लक्ष्य है- हर हाल में 225 सीटों पर जीत दर्ज करना।

### कोर्ट ने की एम्बुलेंस के रवैये की आलोचना

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के धौला कुआं के पास 14 सितंबर को हुए बीएमडब्ल्यू हादसे की आरोपी गगनप्रीत कौर को पटियाला हाउस कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने जमानत देते हुए हादसे के बाद मौके पर एंबुलेंस पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा, हादसे के बाद मौके पर 30 सेकंड तक एक एंबुलेंस मौजूद थी जो पास के अस्पताल ही जा ही रही थी। फिर भी वह घायलों को नहीं ले गई। क्या ये लापरवाही नहीं है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कुछ ही सेकंड में एक एम्बुलेंस वहां पहुंच गई थी और 30 सेकंड तक वहीं रही। लेकिन घायलों को अस्पताल नहीं ले जाया गया। जबकि उन्हें कोई इमरजेंसी भी नहीं थी ओराआमीं बेस अस्पताल, जा रहे थे जो पास में ही है।

कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि इस एम्बुलेंस का क्या किया जाना चाहिए? क्या ये लापरवाही से हुई मौत के अपराध के आरोपी नहीं हैं? कोर्ट ने कहा कि नर्स के साथ एम्बुलेंस घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए बाध्य थी। कोर्ट ने आगे कहा, नर्स ने आसपास खड़े लोगों से पूछा कि क्या किसी को मदद चाहिए। लेकिन फिर भी वह 30 सेकंड के भीतर मौके से चली गई।

## 10 साल के बच्चे का नाइंथ में क्यों नहीं ले रहे एडमीशन : हाईकोर्ट

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 10 साल के एक बच्चे को 9वीं कक्षा में दाखिला देने से इनकार करने पर सीबीएसई की कड़ी आलोचना की। कोर्ट की पीठ ने सीबीएसई से कहा कि आपकी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

» सीबीएसई बोर्ड की कोर्ट ने की कड़ी आलोचना

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रतिभाशाली बच्चों के लिए नीति पर केंद्र सरकार का रुख पूछा है। कोर्ट ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ सीबीएसई द्वारा दायर अपील पर सुनवाई की। इसमें 10 साल के लड़के को 9वीं कक्षा में अस्थायी प्रवेश देने का निर्देश दिया गया था।

बच्चे के पिता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने दावा किया था कि उनके प्रतिभाशाली बेटे ने कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई पूरी कर ली है, लेकिन सीबीएसई नियमों के तहत उम्र संबंधी प्रतिबंधों के कारण उसे कक्षा 9 में प्रवेश नहीं दिया गया। एकल पीठ ने अस्थायी प्रवेश की अनुमति तो दे दी, लेकिन सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का हवाला देते हुए इस आदेश को चुनौती दी। एनईपी 9वीं कक्षा में 10 साल के बच्चे के प्रवेश की अनुमति नहीं देता है।

सीबीएसई की याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने सीबीएसई के रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई। पीठ ने कहा, रतो आपने प्रतिभाशाली बच्चों के बारे में नहीं सुना जो 14 साल की उम्र में एमबीबीएस डॉक्टर बन जाते हैं। आप बुद्धिमत्ता पर अंकुश लगाना चाहते हैं? आप उसे 9वीं कक्षा में नहीं चाहते?

पीठ ने उल्लेख किया कि असाधारण छात्र विश्व स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हैं।

# भारत अब तकनीक व डिजिटल क्रांति का वैश्विक लीडर

## पीएम मोदी ने उड़ीसा से 'स्वदेशी बीएसएनएल 4जी नेटवर्क' का किया उद्घाटन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। भारत न तो किसी की गीदड़ भभकी से डरेगा और न ही किसी दबाव के सामने झुकेगा। आज भारत तकनीक का पिछलग्गू नहीं, बल्कि डिजिटल क्रांति का लीडर बनकर उभरा है। सीएम योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारीगण ऑनलाइन मौजूद रहे।



स्वदेशी बीएसएनएल 4 जी नेटवर्क का ऑनलाइन उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में उपस्थित सीएम योगी आदित्यनाथ।

सीएम योगी ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सीएम योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4G नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5G और 6G की भी तैयारी है।

सीएम ने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है। यहां का आकाश, ब्रह्मोस मिसाइल, ड्रोन, रोबोटिक्स में हासिल की गई उपलब्धियां विकसित भारत की पहचान बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मैत्री भाव से विश्व के साथ चलेगा, लेकिन किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह संदेश हर मंच से दिया गया है।

सीएम ने बीते दौर की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पेंशन के लिए लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसमें आधा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। अब डीबीटी के जरिए 1 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को सालाना 12,000 रुपये की पेंशन सीधे खाते में मिलती है। 60 लाख से अधिक अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी छात्रों को 6,000 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप डिजिटल रूप से दी जा रही है।

यूपीआई के जरिए भारत ने सबसे अधिक डिजिटल पेमेंट का रिकॉर्ड बनाया है, जो भ्रष्टाचार पर लगाम और डिजिटल क्रांति का प्रमाण है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले नेटवर्किंग में माफिया के हावी थे। 2017 के बाद ऐसे माफियाओं की कमर तोड़ी गई और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बीएसएनएल का 4G नेटवर्क ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई तकनीक और गति देगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता को हर क्षेत्र में जरूरी बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें और नगर निकायों की आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत की नींव होगी।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी थार, 5 की मौत

## मरने वालों में रायबरेली के जज की बेटी भी, हाथों में क्लब के बैंड मिले

एजेंसी






**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार सुबह दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है।

यूपी नंबर (यूपी 81 सीएस 2319) की इस काले रंग की थार में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें तीन युवक और तीन युवतियां थीं। हादसे में दो युवक और तीन युवतियों की मौत हुई है। वहीं एक मृत युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्रा के रूप में हुई है जो रायबरेली के जज चंद्रमणि मिश्रा की बेटी हैं।

घटना की सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हादसे से पहले का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया, जिसमें थार हाईवे पर तेज रफ्तार में निकलती हुई नजर आ रही है। इस घटना में मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे, इनमें रायबरेली की प्रतिष्ठा मिश्रा (25), आगरा के आदित्य प्रताप सिंह (30) व लवनय (26) शामिल हैं। गौतम (31) सोनीपत के रहने वाले थे। हालांकि वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा में रहते थे। एक अन्य मृतका का नाम सोनी है। वह कहां की रहने वाली है, ये अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं, घायल युवक की पहचान कपिल शर्मा (28) के रूप में हुई, जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा शनिवार अलसुबह करीब 4:15 बजे गुरुग्राम के झाड़सा चौक पर हुआ। राहगीरों ने बताया की गाड़ी दिल्ली की तरफ से स्पीड में आ रही थी, तभी नेशनल हाईवे-48 के एग्जिट नंबर 9 से नीचे उतरते ही ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया और थार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पलट गई। राहगीरों ने ही पुलिस को इस हादसे की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस टीम और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। गाड़ी में सवार सभी लोग बुरी तरह अंदर फंसे हुए थे। उन्हें आसपास के लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

हादसे में मृत सभी लोगों के हाथों पर क्लब के बैंड भी मिले हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि देर रात इन सभी ने क्लब में पार्टी की होगी और फिर घर वापस लौट रहे होंगे। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर क्लब से लौटने वाली बात नहीं बताई है, साथ ही अभी इस बात का भी खुलासा नहीं हुआ है कि घटना के वक्त गाड़ी में सवार लोग नशे में थे या नहीं।

हादसे के बाद डीसीपी ट्रैफिक डॉ राजेश मोहन ने मौके का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि सड़क पर दिख रहे टायरों के निशान से साफ है कि गाड़ी काफी स्पीड में थी। पुलिस सभी एंगलों पर जांच कर रही है। सड़क के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की चेकिंग की जा रही है।

## पंजाब के लिए घोषित 1600 करोड़ के राहत पैकेज की राशि सरकार को नहीं

» सर्वे बाद सीधे किसानों के खाते में जायेंगे पैसे- वर्मा

एजेंसी



मीडिया से बातचीत कर राहत पैकेज पर जानकारी देते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

**चंडीगढ़।** केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने शनिवार (27 सितंबर) को कहा है कि पंजाब के लिए घोषित 1600 करोड़ रुपए का राहत पैकेज सीधे किसानों के खातों में भेजा जाएगा, राज्य सरकार को नहीं।

उन्होंने बताया कि जैसे ही गिरदावरी (फसल के नुकसान का सर्वे) पूरा होगा, पैसा किसानों को मिल जाएगा। अगर जरूरत पड़ी, तो अतिरिक्त मदद भी दी जाएगी। ये राहत पैकेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद घोषित किया था। लेकिन पंजाब सरकार ने कहा है कि यह रकम बहुत कम है और इससे किसानों की पूरी मदद नहीं हो पाएगी।

केंद्रीय मंत्री वर्मा ने कहा कि पंजाब में जो बाढ़ आई है, उसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लुधियाना में सतलुज नदी के किनारे बहुत ज्यादा खनन किया गया है। मंत्री ने आरोप लगाया कि यह खनन पंजाब सरकार में जल संसाधन मंत्री के भाई ने करवाया है। लोग इसके खिलाफ प्रदर्शन भी कर चुके हैं, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। खनन की वजह से करीब 340 एकड़ जमीन में कटाव हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को पंजाब पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पंजाब में बाढ़ का हवाई सर्वे किया। गुरदासपुर में पीएम मोदी ने 19 किसानों तथा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम से बातचीत की। मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने पंजाब को 1600 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया। इसके अलावा, पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

# बिहार में एनडीए का राज आने के बाद स्थापित हुआ कानून का राज

## मधुबनी में एनडीए कार्यकर्ताओं से संवाद किया नीतीश ने

संजय सिंह

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मधुबनी जिला के सिरसिया-परसाही स्थित पावर ग्रिड के मैदान में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं शिलान्यास के लिए मधुबनी आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूँ। आप सब जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था। जब 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं। राज्य में कानून का राज है, सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को हमलोगों की सरकार बनी थी, तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार 20 वर्षों से विकास के काम में लगे हुये हैं। याद है ना पहले क्या स्थिति थी? पहले बहुत बुरा हाल था? लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में कितना विवाद होता था। कितना हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था? पढ़ाई का क्या हाल था, बहुत कम बच्चे पढ़ते थे, बहुत कम पढ़ाई होती थी। पहले इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। सड़कें बहुत कम थी और जो थी उनका बुरा हाल था। बिजली बहुत कम जगह थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही बिहार के विकास का काम हो रहा है। अब किसी प्रकार के डर एवं भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम, भाईचारा एवं शांति का माहौल है। वर्ष 2006 से ही कब्रिस्तान की घेराबंदी शुरू की गयी है। बड़े पैमाने पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है। अब कोई झगड़ा झंझट नहीं होता है। वर्ष 2016 से 60 वर्ष से पुराने हिन्दू मंदिरों की घेराबंदी की जा रही है जिससे चोरी आदि की घटनायें नहीं होती हैं। सर्वप्रथम शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। हमलोगों ने बड़ी संख्या में नये स्कूल खोले और नियोजित शिक्षकों की बहाली की।



शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु लड़के-लड़कियों के लिए पोशाक एवं साइकिल यो ज ना च ला यी । हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा 2 लाख 58 हजार सरकारी शिक्षकों की बहाली की गयी है। इसमें पूर्व के 28 हजार 976 नियोजित शिक्षक, सरकारी शिक्षक बन गये। फिर सरकार ने तय किया कि नियोजित शिक्षकों को बीपीएससी की परीक्षा देने की जरूरत नहीं है। उन्हें मामूली सी परीक्षा लेकर, सरकारी शिक्षक बनाया जाय। इसके लिए उन्हें 5 मौके देने तय किये गये। इसके तहत अब तक 3 परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है। जिसमें 2 लाख 62 हजार नियोजित शिक्षक पास हो गये हैं। अब केवल 77 हजार नियोजित शिक्षक बच गये हैं। इसके बाद 2 मौके और दिये जायेंगे। अब कुल मिलाकर सरकारी शिक्षकों की संख्या 5 लाख 20 हजार हो गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया गया है। पहले स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत खराब थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन एक या दो मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने औसतन 11 हजार 600 मरीज आते हैं। पहले मात्र 6 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या अब 12 हो गयी है तथा 20 जिलों में नये मेडिकल कॉलेज बनाये जा रहे हैं। बचे 7 जिलों में भी मेडिकल कॉलेज बनाये जायेंगे। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 5 हजार 400 बेड तथा अन्य 5 पुराने मेडिकल कॉलेज को ढाई हजार बेड का किया जा रहा है। साथ ही आईजीआईएमएस को 3 हजार बेड का बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरुआत की गयी। अब तक चार चुनाव हो चुके हैं। बड़ी संख्या में महिलायें चुनकर आ रही हैं। वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय- जे.एन. प्लाजा कॉम्प्लेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com